राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

Www.gauravshalibharat.com



# गौरवशाली भारत

नई दिल्ली से प्रकाशित

वर्ष : 11
अंक : 258
पृष्ठ : 08
नई दिल्ली
गुरुवार 31 मार्च 2022
मूल्य : 1.50/-

RNI No .DELHIN/2011/38334

मुख्य अपडेट

पेज 3 अगर हम अपने युवाओं की क्षमता और ऊर्जा का सही उपयोग करते हैं, तो भारत बहुत प्रगति करेगा : अरविंद केजरीवाल

पेज 5 यूपी : पेपर आउट की घटनाओं के बीच नकल माफिया की 1.15 करोड़ की सम्पत्ति कुर्क, गाजीपुर में पुलिस प्रशासन ने की

पेज 7 अहमदाबाद में सीनियर नेशनल चैम्पियनशिप शुरू, 169 एथलीट्स करेंगे पदकों के लिए मुकाबला

## केजरीवाल के घर पर हमला

### कश्मीरी पंडितों पर टिप्पणी का विरोध कर रहा भाजयुमो , गेट पर पोता भगवा रंग



नई दिल्ली। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल घर के पास प्रदर्शन कर रहे लोगों ने बुधवार को तोड़फोड़ की कर दी। बुधवार सुबह 11:30 बजे भारतीय जनता युवा मोर्चा के लगभग 150-200 प्रदर्शनकारियों द्वारा मुख्यमंत्री केजरीवाल के घर आईपी कॉलेज के पास लिंक रोड पर प्रदर्शन शुरू किया गया था। केजरीवाल ने कश्मीरी पंडितों पर टिप्पणी की थी। इस पर माफी की मांग करते हुए धरना प्रदर्शन किया जा रहा था।

दोपहर करीब 1 बजे कुछ प्रदर्शनकारी दो बैरिकेड्स तोड़कर सीएम आवास के बाहर पहुंच गए, जहां उन्होंने नारेबाजी और हंगामा किया। प्रदर्शनकारी अपने साथ भगवा पेंट का एक छोटा डिब्बा ले गए, जिसे उन्होंने मेन गेट पर पोत दिया। इस हंगामे के बीच एक बूम बैरियर के साथ-साथ एक सीसीटीवी कैमरा भी टूट गया।

पुलिस टीम ने उन्हें तुरंत मौके से हटाया और करीब 70 लोगों को हिरासत में लिया। आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई शुरू की जा रही है।

दिल्ली के डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया ने ट्वीट कर घटना की जानकारी दी। सिसोदिया ने कहा, दिल्ली में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के घर पर असामाजिक तत्वों ने हमला कर सीसीटीवी कैमरे और सिक्योरिटी बैरियर तोड़ दिए हैं। गेट पर लगे बूम बैरियर भी तोड़ दिए हैं। अगले ट्वीट में उन्होंने कहा- बीजेपी के गुंडे सीएम अरविंद केजरीवाल के घर पर तोड़फोड़ करते रहे। बीजेपी की पुलिस उन्हें रोकने की जगह उन्हें घर के दरवाजे तक लेकर आई।

#### गौतम गंभीर का तंज



**सिसोदिया के आरोप पर दिल्ली से भाजपा सांसद गौतम गंभीर ने तंज कसते हुई ट्वीट किया-कश्मीरी हिन्दुओं का अपमान करके मैं बुरी तरह फँस चुका हूँ। लाख कोशिशों और बिकाऊ इंटरव्यू के बाद भी हालात काबू में नहीं आ रहे। अब एक ही रास्ता है, विक्टिम कार्ड। भाजपा मुझे जान से मार देना चाहती है। कृपया इसे फ़ैलाने में मदद करें! आपका प्रचार मंत्री।**

#### सिसोदिया बोले-केजरीवाल को खत्म करना चाहती है बीजेपी



बाद में एक प्रेस कांफ्रेस में सिसोदिया ने आरोप लगाया कि यह सब पुलिस की मौजूदगी में हुआ। एक सोची समझी साजिश के तहत केजरीवाल के घर पर हमला किया गया। पंजाब चुनाव में नहीं हरा सके तो बीजेपी अब केजरीवाल को खत्म कराना चाहती है। उनकी हत्या करना चाहती है।

वेबसाइट शुभारंभ




केंद्रीय कानून और न्याय मंत्री, श्री किरेन रिजिजू 30 मार्च, 2022 को नई दिल्ली में न्याय विभाग की वेबसाइट के शुभारंभ के अवसर पर।

## कानून मंत्री ने न्याय विभाग की नई वेबसाइट लॉन्च की, इस पर देश की 6 हाईकोर्ट की कार्यवाही लाइव स्ट्रीम होगी

**एजेंसी**

नई दिल्ली। कानून मंत्री किरेन रिजिजू ने बुधवार को न्याय विभाग की एक नई वेबसाइट लॉन्च की। मंत्रालय ने कहा कि नई वेबसाइट सुरक्षित, स्केलेबल और सुगम है। खास बात यह है कि यहां लोग देश की 6 हाईकोर्ट की कार्यवाही लाइव स्ट्रीम पर देख सकेंगे। इनमें गुजरात, उड़ीसा, कर्नाटक, झारखंड, पटना और मध्य प्रदेश हाईकोर्ट शामिल हैं।

## बलिया में इंटर अंग्रेजी का पेपर कैंसिल, डीआईओएस सस्पेंड

### रात में ही वायरल होने लगी थी कई जगहों पर हल कॉपी, 211 केंद्रों पर दूसरी पाली में होना था इम्तिहान

बलिया। बलिया में लगातार दूसरे दिन यूपी बोर्ड की परीक्षा का पर्चा आउट हो गया। शासन की ओर से इंटर अंग्रेजी विषय की परीक्षा को निरस्त करने के साथ ही जिविनि ब्रजेश मिश्र को सस्पेंड कर दिया गया। इस प्रकरण को लेकर उपर से नीचे तक खलबली मची हुई है। जांच के लिये एसटीएफ के भी जनपद में पहुंचने की चर्चा है।

यूपी बोर्ड परीक्षा के चौथे दिन पहले पाली में आयोजित हाईस्कूल संस्कृत विषय का पर्चा मंगलवार को आउट हो गया। अभी इसकी छानबीन की जा रही थी, इसी बीच बुधवार को द्वितीय पाली में 211 केंद्रों पर आयोजित होने वाले इंटर अंग्रेजी विषय का पर्चा भी आउट हो गया। सुबह से ही नगरा व भीमपुरा आदि इलाकों में अंग्रेजी प्रश्न पत्रों की हल कॉपी बाजार में मिलने लगी थी।

दोपहर से पहले ही सोशल मिडिया पर भी उत्तर वॉयरल होने लगा था। इसके बाद परीक्षा शुरु होने से पहले ही अंग्रेजी की परीक्षा को रद्द कर दिया गया। लागातार दो दिनों पेपर आउट होने की घटना के बाद जिला विद्यालय निरीक्षक ब्रजेश मिश्र को निलम्बित कर दिया गया। इसके साथ ही जांच के लिये लोकल पुलिस के साथ ही एसटीएफ को लगाया गया है। आला अधिकारियों ने इस मामले की तहकीकात के लिये एसआईटी का भी गठन किया है।



#### संदेह के घेरे में नगरा इलाके के स्कूल

यूपी बोर्ड परीक्षा में लगातार दो दिनों से पर्चा आउट हो रहा है। इस प्रकरण की धूरी में नगरा इलाका ही है। अफसर भी नगरा इलाके को ही रडार पर रखकर मामले की छानबीन की रहे हैं। सूत्रों की मानें तो मंगलवार को हाईस्कूल संस्कृत विषय का पेपर लीक हुआ था, जबकि बुधवार को इंटर के अंग्रेजी विषय का पर्चा आउट हो गया। चर्चा है कि दोनों पर्चे नगरा व भीमपुरा इलाके में ही सोशल मिडिया पर वॉयरल होने लगा था। पुलिस की कई टीमें मंगलवार के दिन से ही इस मामले की जांच के लिये लगायी गयी थी। बुधवार की सुबह डीएम व एसपी नगरा इलाके में ही जमे रहे। इसके अलावे अधिकांश परीक्षा केंद्रों पर सम्बंधित थानों की पुलिस प्रश्न पत्रों व उत्तर पुस्तिका का विवरण जुटाने के साथ ही सीसीटीवी फूटेज को खंगालती रही।

#### पर्चा आउट होने के बावजूद करा दी गयी परीक्षा

यूपी बोर्ड परीक्षा के चौथे दिन मंगलवार को पहली पाली में हाईस्कूल संस्कृत विषय की परीक्षा थी। इससे घंटो पहले पेपर आउट हो गया तथा प्रश्नों का उत्तर बाजार में बिकने के साथ ही सोशल मिडिया पर वॉयरल होने लगा था। हालांकि इसके बावजूद संस्कृत विषय की परीक्षा करा दी गयी। बुधवार को अंग्रेजी का पर्चा आउट होने के काफी देर बाद परीक्षा रद्द करने की घोषणा की गयी। हालांकि जानकारी के अभाव में परीक्षार्थी सेंटरों पर पहुंचते रहे तथा जानकारी लेने के बाद वापस लौट रहे थे। कुछ लोगों की गलती की सजा मेधावी छात्रों को भी भुगतना पड़ रहा है।

### पंजाब में मान सरकार का बड़ा फैसला

## प्राइवेट स्कूलों की फीस बढ़ाने पर तत्काल प्रभाव से रोक; यूनिफॉर्म और किताबें भी सभी दुकानों में मिलेंगी

**चंडीगढ।** पंजाब में महंगी शिक्षा से परेशान अभिभावकों के लिए सरकार ने बड़ा फैसला लिया है। सीएम भगवंत मान ने इसी सत्र से प्राइवेट स्कूलों की फीस बढ़ाने पर तत्काल प्रभाव से पाबंदी लगा दी है। इसके अलावा कोई भी प्राइवेट स्कूल बच्चों की किताबों और यूनिफॉर्म किसी खास दुकान से खरीदने के लिए नहीं कहेगा। इसके लिए पंजाब सरकार जल्द ही पॉलिसी बनाकर जारी कर देगी।

मान ने कहा कि शिक्षा महंगी होने की वजह से आम लोगों की पहुंच से दूर हो गई है। अभिभावकों को मजबूरी में बच्चों को स्कूल से हटाना पड़ रहा है। उनसे काम करवाना पड़ रहा है। ऐसा नहीं तो फिर वह बच्चों को ऐसी एजुकेशन दिलाने को मजबूर हो जाते हैं, जो आगे चलकर किसी काम नहीं आती। इसलिए पंजाब सरकार ने शिक्षा से जुड़े 2 बड़े फैसले किए हैं।

#### एक रुपया फीस भी नहीं बढ़ाएंगे स्कूल

पंजाब के प्राइवेट स्कूलों को तत्काल प्रभाव से आदेश कर दिए हैं कि वह इस सत्र में एक रुपया भी एडमिशन फीस नहीं बढ़ाएंगे। फीस बढ़ाने के लिए आने वाले दिनों में विस्तृत जानकारी देंगे। अभिभावकों, स्कूल प्रिंसिपल और उनके मालिकों से बैठकर बातचीत के बाद इसकी पॉलिसी बनाएंगे।



#### मां-बाप जहां से मर्जी किताबें और ड्रेस खरीदें

सीएम मान ने कहा कि कोई भी स्कूल यूनिफार्म और किताबों की खरीदी के लिए खास दुकान का पता नहीं बताएगा। उस इलाके की सभी दुकानों में यह सामान उपलब्ध करवाना होगा। यह मां-बाप की मर्जी है कि वह अपनी मर्जी से किताब और यूनिफार्म खरीदें। अगर किसी इलाके में किताब की 20 दुकानें हैं तो उन सभी पर यह सामान मिलना चाहिए।

#### शिक्षा मंत्री बोले- प्राइवेट स्कूलों के कानून सख्ती से लागू करेंगे

राज्य के शिक्षा मंत्री गुरमीत सिंह मीत हेयर ने कहा कि प्राइवेट स्कूलों की फीसों में गड़बड़ी के लिए शिक्षा विभाग एक वेबसाइट जारी करेगा। प्राइवेट स्कूलों के लिए बने एक्ट को जमीनी स्तर पर लागू किया जाएगा। अगर लोकहित में प्राइवेट स्कूल से जुड़े कानून में किसी बदलाव की जरूरत होगी तो सरकार उसके बारे में विचार करेगी।

उन्होंने कहा कि सरकारी स्कूलों का स्तर ऊंचा उठाने के लिए सरकार योजना बना रही है। कुछ ही समय बाद पंजाब के स्कूलों में क्रांतिकारी बदलाव नजर आने लगेंगे।

#### शिक्षा के मुद्दे पर मिली सत्ता

पंजाब में आम आदमी पार्टी को मिली बड़ी जीत के पीछे शिक्षा अहम है।

चुनाव में आप संयोजक अरविंद केजरीवाल और सीएम भगवंत मान ने राज्य के सरकारी स्कूलों को सुधारने का वादा किया था।

इसके अलावा अच्छी और सस्ती शिक्षा दिलाने की बात कही थी। चुनाव में आप को 117 में से 92 सीटें मिल गई। जिसके बाद शिक्षा को लेकर यह बड़े कदम उठाए गए हैं।

#### अब तक यह ऐलान कर चुके मान

सीएम भगवंत मान इससे पहले 25 हजार सरकारी नौकरी और 35 हजार कर्मचारियों को कंन्फर्म करने का ऐलान कर चुके हैं।

इसके अलावा भ्रष्टाचार रोकने के लिए एंटी करप्शन हेल्पलाइन नंबर 9501 200 200 जारी कर चुके हैं। वहीं सीएम मान राशन की डोरस्टैप डिलीवरी की घोषणा कर चुके हैं। इसमें सरकार खुद कार्डधारकों के घर में राशन पहुंचाएगी।

## देश में बीते एक दिन में 1876 मरीज कोरोनामुक्त

### पिछले 24 घंटों में सक्रिय मामलों की संख्या 674 घटकर 14704 रह गई

नयी दिल्ली। देश में कोरोना वायरस संक्रमण के लगातार घटते मामलों के बीच पिछले 24 घंटों के दौरान 1,876 मरीज कोरोनामुक्त हुए है।

केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से बुधवार को जारी आंकड़ों के मुताबिक, पिछले 24 घंटों में सक्रिय मामलों की संख्या 674 घटकर 14704 रह गई है। इस दौरान एक हजार 233 नये मामले आने के साथ कुल संक्रमितों की संख्या बढ़कर 43,023,215 हो गई, वहीं 1876 मरीजों के स्वस्थ होने से संक्रमणमुक्त होने वालों की संख्या कुल 4,24,87410 हो गई है। पिछले 24 घंटों के दौरान इस बीमारी से 31 लोगों की मौत के साथ मरने वालों की कुल संख्या 521101 हो गई है। देश में कोरोना मृत्यु दर 1.21 प्रतिशत, रिकवरी दर 98.75 प्रतिशत और संक्रमण दर 0.04 प्रतिशत है।

केरल में पिछले 24 घंटे में सक्रिय मामलों में 126 की कमी आने के बाद इनकी संख्या घटकर 4387 रह गई। वहीं, 528 लोगों के स्वस्थ होने के बाद इससे निजात पाने वाले लोगों की संख्या 6459585 हो गई है, जबकि मृतकों का आंकड़ा 67844 हो गया है।

कर्नाटक में सक्रिय मामले 63 बढ़कर 1698 हो गये हैं। इस दौरान 104 मरीजों के ठीक होने से इस महामारी से निजात पाने वालों की कुल संख्या 3903651 हो गई है। वहीं राज्य में एक और मरीज की मौत होने से मृतकों का आंकड़ा बढ़कर 40052 पर पहुंच गया है।



असम में इस दौरान सक्रिय मामलों की संख्या घटकर 1356 हो गई है तथा इस महामारी से मुक्त होने वालों की कुल संख्या 716201 तक पहुंच गई है, वहीं मृतकों का आंकड़ा 6639 पर स्थिर रहा।

पूर्वोत्तर राज्य मिजोरम में 61 सक्रिय मामले कम होने के साथ इनकी संख्या 1101 रह गयी है। इस दौरान राज्य में 218 लोगों के स्वस्थ होने के बाद इस महामारी को मात देने वालों की संख्या बढ़कर 222476 हो गई है। राज्य में मृतकों का आंकड़ा 684 पर स्थिर है।

महाराष्ट्र में इस दौरान चार सक्रिय मामले घटने के साथ इनकी संख्या 960 हो गई है। इस दौरान राज्य में 107 लोगों के स्वस्थ होने के बाद इस महामारी को मात देने वालों की संख्या बढ़कर 7724982 हो गई है। राज्य में मृतकों का आंकड़ा 147780 पर स्थिर है।

पश्चिम बंगाल में इस दौरान सक्रिय मामले 15 घटकर 665 रह गए हैं तथा मृतकों का आंकड़ा 21197 पर स्थिर है। राज्य में 1995416 मरीज संक्रमण मुक्त हो चुके हैं।

पर्वतीय राज्य उत्तराखंड में कोरोना के सक्रिय मामलों की संख्या घटकर 487 रह गई है और राज्य में अभी तक 429054 लोग इस जानलेवा वायरस से निजात पा चुके हैं। मृतकों का आंकड़ा 7691 पर स्थिर है।

तेलंगाना में सक्रिय मामले 35 घटकर 457 रह गए हैं, जबकि मृतकों का आंकड़ा 4111 पर स्थिर है। इस महामारी से 786645 लोग निजात पा चुके हैं।

## केन्द्रीय कर्मचारियों के महंगाई भत्ते में तीन प्रतिशत की बढोतरी

**नयी दिल्ली।** सरकार ने केन्द्रीय कर्मचारियों के महंगाई भत्ते में तीन प्रतिशत की बढोतरी का निर्णय लिया है जिससे महंगाई भत्ते की दर बढकर 34 रिपीट 34 प्रतिशत हो गयी है। यह बढोतरी गत एक जनवरी से लागू होगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को यहां हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में इस आशय से संबंधित प्रस्ताव को मंजूरी दी गयी। प्रस्ताव में केंद्र सरकार के कर्मचारियों के लिए महंगाई भत्ते और पेंशनभोगियों के लिए महंगाई राहत की अतिरिक्त किस्त जारी करने की मंजूरी दी गयी है जो गत एक जनवरी से प्रभावी होगी। इसमें मूल वेतन/पेंशन के 31 प्रतिशत की मौजूदा दर में 3 प्रतिशत की वृद्धि की गयी है, ताकि मूल्य वृद्धि की भरपाई की जा सके। सरकार का कहना है कि यह वृद्धि स्वीकृत नियम के अनुसार है, जो सातवें केंद्रीय वेतन आयोग की सिफारिशों पर आधारित है।

## दिल्ली सीवर लाइन में फंसे तीनों श्रमिकों और रिक्शा चालक का शव बरामद

**नयी दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी में सीवर लाइन में उतरे तीन श्रमिक और रिक्शा चालक सहित चार शवों को बचाव दल ने बुधवार को बरामद कर लिया। गौरतरब है कि मंगलवार को संजय गांधी ट्रांसपोर्ट नगर में एमटीएनएल की भूमिगत तारों के मरम्मत कार्य के लिए तीन श्रमिक सीवर लाइन में उतरे थे बहुत देर तक बाहर नहीं आने पर उन्हें बचाने के लिए पास में खड़ा रिक्शा चालक भी सीवर लाइन में उतरा लेकिन दुर्भाग्यवश वह भी बाहर नहीं निकल पाया। चारों लोगों की जहरीली गैस रिसने के कारण मौत हो गई। मृतकों की पहचान बच्चू सिंह, पिंटू, सूरज कुमार साहनी तथा रिक्शा चालक सतीश के रूप में की गयी है। पुलिस ने बताया कि मंगलवार सुबह छह बजकर 34 मिनट पर एसपी बादली पुलिस थाने में एक पीसीआर कॉल आई, जिसमें बताया गया बबाना रोड पर संजय गांधी ट्रांस्पोर्ट नगर में तीन निजी संविदा कर्मचारी केबल मरम्मत का कार्य करने के लिए सीवर लाइन में उतरे , लेकिन वहां से बाहर नहीं निकल पाए।

दुर्घटना की जानकारी मिलने पर एक वरिष्ठ अधिकारी तत्काल घटना स्थल पर पहुंचा और इलाके की घेराबंदी की।

### मासूम का सौदा

### ज्यादा पैसों की लालच में पहले पिता और फिर दूसरों ने बेचा; 11 गिरफ्तार

## आंध्रप्रदेश में मासूम का सौदा : 3 महीने की बच्ची 7 बार बेची गई

गुंटूर। आंध्रप्रदेश के मंगलागिरी में तीन महीने की बच्ची को बेचने का मामला सामने आया है। इस मासूम को एक हफ्ते के अंदर करीब 7 बार बेचा गया। लेकिन बच्ची की यह खरीद फरोख्त किसी गिरोह ने नहीं बल्कि उसके अपने पिता ने की थी। पिता ने बच्ची को महज 70 हजार में इसलिए बेच दिया, क्योंकि उसे शराब के लिए पैसे चाहिए थे। यह बच्ची आंध्र प्रदेश और तेलंगाना के कई जिलों के लोगों को बेची गई।

#### दादी की शिकायत पर बनी जांच टीम

मंगलागिरी के डीएसपी जे रामबाबू के मुताबिक गनलैयापेट का एम मनोज के दिहाड़ी मजदूर है।



शराबी पिता अपनी तीन बेटियों की परवरिश करने में लाचार था, इसलिए उसने अपनी सबसे छोटी बच्ची को बेचने का फैसला किया।

उसने नलगोंडा की एक महिला गायत्री को नागलक्ष्मी के जरिए 70 हजार रुपए में बेचा। इस बात से बेखबर बच्चे की दादी ने गुमशुदगी की शिकायत दर्ज कराई। बच्ची का पता लगाने के लिए स्पेशल टीम बनाई गई थी।

2.50 लाख रुपए में बच्ची को खरीदने वाला वी रमेश आखिरी व्यक्ति था। जांच से पता चला है कि बच्ची की खरीद-फरोख्त में शामिल सभी लोग किसी तस्करी रैकेट का हिस्सा नहीं थे। उन्होंने यह काम ज्यादा पैसा कमाने के लिए किया।

#### गिरफ्तार हुए 11 लोग

लड़की के पिता सहित 11 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इनमें नागलक्ष्मी, गायत्री, बी नंदू, बी बाला वर्धी राजू नाइक, एसके नूरजहां, ए उदय किरण, बी उमादेवी, पी श्रावणी, जी विजयलक्ष्मी और वी रमेश शामिल थे।

इनके खिलाफ आईपीसी की धारा 372 और किशोर न्याय अधिनियम, 2015 के तहत मामला दर्ज किया गया है।

पुलिस ने कहा कि लड़की की मां को बच्ची को बेचे जाने की खबर थी, लेकिन वह चुप रही क्योंकि मनोज ने उसे धमकी दी थी कि अगर उसने इस बारे में अपना मुंह खोला तो बुरा अंजाम होगा। हालांकि, वह अपराध में शामिल नहीं थी।

## शार्ट न्यूज

### कश्मीर सड़क दुर्घटना में एक की मौत, दो घायल

श्रीनगर। जम्मू कश्मीर में श्रीनगर के सोपोर शहर में बुधवार को सेना वाहन और एक अन्य वाहन की आमने सामने की टक्कर में एक व्यक्ति की मौत हो गयी जबकि अन्य दो घायल हो गये। यातायात पुलिस अधिकारियों ने बताया कि उत्तर कश्मीर के बारामूला जिले के सोपोर शहर में सेना के वाहन तथा एक अन्य वाहन की आमने-सामने की टक्कर में तीन लोग घायल हो गए, जिनमें एक पुलिस कर्मी भी है। उन्होंने बताया कि सभी घायलों को नजदीकी अस्पताल ले जाया गया जहां एक ने दम तोड़ दिया। अधिकारियों ने बताया कि मृतक की पहचान चूरा पट्टन निवासी मुस्ताक अहमद गनी के रूप में हुई है। उन्होंने कहा कि घायलों के नाम चूरा निवासी यसीन अहमद तथा पुलवामा के काकापोरा निवासी सिपाही हिलाल अहमद वानी है। सिपाही हिलाल की पुलवामा के काकापोरा में तैनाती है। पुलिस ने बताया दोनों घायलों की हालत खतरे से बाहर है।

### जम्मू सिविल सचिवालय परिसर में लगी आग

जम्मू। केन्द्रशासित प्रदेश जम्मू कश्मीर के जम्मू सिविल सचिवालय परिसर के एक कार्यालय में बुधवार को आग लगने से अफरातफरी मच गई। पुलिस ने कहा कि सिविल सचिवालय परिसर में आग लगने की सूचना मिलने के बाद अग्निशमन की तीन गाड़ियां और दमकल कर्मी घटनास्थल पर पहुंचे और आग पर काबू पा लिया गया। उन्होंने कहा कि आग परिसर के एक हिस्से में शॉर्ट सर्किट होने के कारण लगी। उन्होंने बताया कि आग में कुछ रिकॉर्ड नष्ट हो गए लेकिन कोई हताहत नहीं हुआ।

### कश्मीरी पंडित परिवार ने बिट्टा के खिलाफ फिर से किया अदालत का रुख

श्रीनगर। कश्मीर पंडित सतीश टिक्कू की हत्या के 31 साल बाद उनके परिवार ने फारूक अहमद डार (बिट्टा कराटे) के खिलाफ मुकदमा फिर से शुरू करने के लिए बुधवार को श्रीनगर की एक अदालत का दरवाजा खटखटाया। टिक्कू के परिवार का दावा है कि बिट्टा ने बीबीसी को दिए एक वीडियो साक्षात्कार में हत्या में अपनी भूमिका स्वीकार की थी। बिट्टा जम्मू कश्मीर लिबरेशन फ्रंट (जेकेएलएफ) का पूर्व कमांडर हैं और कश्मीर में आतंकी गतिविधियों के लिए पाकिस्तान से फंडिंग करने के आरोप में दिल्ली की तिहाड़ जेल में बंद हैं। फंडिंग में गिरफ्तारी से पहले, वह पहले नवंबर 1990 और 2006 के बीच कई वर्षों तक जेल में रहा था। टिक्कू परिवार के वकील एडवोकेट उत्सव बैंस ने आज अदालत की कार्यवाही के बाद कहा कि अदालत ने गौर से सुना।' उन्होंने कहा, 31 साल बाद परिवार निचली अदालत में आया है और अब परिवार के लिए उम्मीद की किरण है। मामले की अगली सुनवाई 16 अप्रैल को होगी।

### आंध्र मंत्रिमंडल में 11 अप्रैल को हो सकता फेरबदल

**विजयवाड़ा।** आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री वाई एस जगन मोहन रेड्डी 11 अप्रैल को अपने मंत्रिमंडल में फेरबदल कर सकते हैं। वाईएसआरसीपी के सूत्रों ने बुधवार को इस बात की जानकारी दी। सूत्रों ने कहा कि मुख्यमंत्री रेड्डी ने अपने मंत्रिमंडल में फेरबदल करने का फैसला किया है, जिसकी घोषणा उन्होंने करीब दो साल पहले की थी। मंत्रिमंडल की बैठक सात अप्रैल को प्रस्तावित है, जो कि संभवत- आखिरी बैठक हो सकती है। सूत्रों ने बताया कि मुख्यमंत्री आठ अप्रैल को राज्यपाल बिस्वा भूषण हरिचंदन से मुलाकात कर उन्हें अपने मंत्रिमंडल में फेरबदल की जानकारी देंगे। उन्होंने कहा, अधिक संभावना है कि नए कैबिनेट मंत्री 11 अप्रैल को शपथ लेंगे। श्री रेड्डी के मुख्यमंत्री बनते ही उन्होंने साफ कर दिया था कि वह ढाई साल बाद अपने मंत्रिमंडल में फेरबदल करेंगे। यह फेरबदल पिछले साल दिसंबर में ही किया जाना था लेकिन कोरोना महामारी के कारण फेरबदल स्थगित कर दिया गया था।

### धनखड़ ने हरिचंद्र ठाकुर की जयंती पर किया नमन

कोलकाता। पश्चिम बंगाल के राज्यपाल जगदीप धनखड़ ने बुधवार को परम ब्रह्म श्री श्री हरिचंद्र ठाकुर को उनकी 211वीं पर नमन किया। राज्यपाल ने ट्वीट कर कहा, मैं परम ब्रह्म श्री श्री हरिचंद्र ठाकुर को उनकी 211वीं जयंती पर नमन करता हूं। धनखड़ ने कहा, उन्होंने मतुआ समुदाय की स्थापना की और दलितों के पुनरुत्थान के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया। उनकी शिक्षाएं हमें हिंसा से दूर रहने और आध्यात्मिकता हासिल करने की दिशा में ले जाती हैं।

### दुर्लभ प्रजाति के चीतल के शिकार करने वाले दो की जमानत अर्जी खारिज

नैनीताल। उत्तराखंड के नैनीताल के जिला एवं सत्र न्यायालय ने दुर्लभ प्रजाति के चीतल के अवैध शिकार के मामले में जेल में बंद दो आरोपियों की जमानत खारिज कर दी है। मामले के अनुसार पिछले साल 24 नवम्बर को मुखबिर की सूचना पर लालकुआँ मैलानी वीट डौली रेन्ज के वन दरोगा किशन सिंह व ललित सिंह ने आरक्षित वन क्षेत्र से उधमसिंह नगर शक्ति फर्म देवनगर निवासी चिरंजीत मालाकर व प्रदीप रॉय को रंगे हाथों गिरफ्तार किया था और जेल भेज दिया था। मामले की सुनवाई बुधवार को नैनीताल के जिला एवं सत्र न्यायाधीश राजेंद्र जोशी की अदालत में हुई। जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी सुशील कुमार शर्मा की ओर से आरोपियों की जमानत का विरोध करते हुए कहा गया आरोपियों ने आरक्षित वन क्षेत्र से दुर्लभ प्रजाति के चीतल का शिकार किया है। आरोपियों के पास से एक सफेद थैले से पांच किलोग्राम चीतल का मांस भी बरामद हुआ है। वन्य जीव अधिनियम की अनुसूची-3 में चीतल दुर्लभ प्रजाति का प्राणी है और उसका शिकार प्रतिबंधित है। यह गंभीर अपराध है। अंत में अदालत ने आरोपियों की जमानत अर्जी खारिज कर दी।

### कार्बेट पार्क से सटे स्टोन प्लांट के संचालन पर लगी रोक

नैनीताल। उत्तराखंड उच्च न्यायालय ने कार्बेट पार्क से सटे रामनगर के उदयपुरी बंदोबस्ती चोपड़ा गांव में मानकों के विरूद्ध स्थापित किये जा रहे बालाजी स्टोन स्क्रीनिंग प्लांट की स्थापना व संचालन पर अग्रिम आदेश तक रोक लगा दी है। साथ ही सरकार, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (पीसीबी) व बालाजी स्टोन क्रेशर इंडस्ट्रीज को नोटिस जारी किया है। मामले की सुनवाई कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश संजय कुमार मिश्रा व न्यायमूर्ति आरसी खुल्बे की युगलपीठ में हुई। इस प्रकरण को उययपुरी बंदोबस्ती चोपड़ा गांव निवासी अजीत सिंह की ओर से चुनौती दी गयी है। याचिकाकर्ता की ओर से अदालत को बताया गया कि औद्योगिक विकास विभाग की ओर से मानकों का उल्लंघन कर उदयपुरी बंदोबस्ती चोपड़ा गांव में बालाजी स्टोन स्क्रीनिंग प्लांट को लगाने की अनुमति दी गयी है। प्लांट की 150 मीटर की परिधि में कई आवासीय मकान मौजूद हैं जिससे स्थानीय लोगों के जीवन पर दुष्प्रभाव पड़ सकता है। याचिकाकर्ता की ओर से कहा गया कि नई स्टोन क्रेशर नीति के तहत आबादी से कम से कम 300 मीटर की दूरी पर स्टोन क्रेशर स्थापित किये जा सकते हैं। याचिकाकर्ता के अधिवक्ता दुष्यंत मैनाली ने बताया कि मामले को सुनने के बाद अदालत ने प्लांट की स्थापना व संचालन पर अग्रिम आदेश तक रोक जारी कर दी है। साथ ही औद्योगिक विकास विभाग, पीसीबी व नैनीताल के जिलाधिकारी को नोटिस जारी कर चार सप्ताह में जवाब पेश करने को कहा है।

### खेड़कीदौला टोल जेब पर पड़ेगा भारी

गुरुग्राम। हरियाणा में खेड़कीदौला टोल अब गुरुग्राम समेत उन लोगों की जेब पर भारी पड़ेगा जो गुरुग्राम से होकर मानेसर, जयपुर के लिए जाते हैं। भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) ने टोल टैक्स दरों में बढ़ोतरी कर दी है। टोल टैक्स की बढ़ी हुई दरें एक अप्रैल से लागू हो जाएंगी। एनएचएआई ने नई टोल दरों को लागू करने के आदेश संबंधित टोल प्लाजा को भेज दिए हैं। एनएचएआई अधिकारियों के मुताबिक, खेड़कीदौला टोल प्लाजा पर टैक्स की दरों में करीब 15 फीसदी तक की बढ़ोतरी की गई है। यह बढ़ोतरी केवल एक तरफ यात्रा के लिए ही नहीं बल्कि मासिक पास में भी की गई है। खेड़कीदौला टोल प्लाजा पर पहले कार चालकों को एक तरफ यात्रा के लिए 70 रुपए का भुगतान करना होता था, जिसे बढ़ाकर अब 80 रुपए किया गया है। एलसीवी / मिनी बस को 100 रुपए की बजाय 115 रुपए, बस / ट्रक / एमएवी को 205 रुपए की बजाय 235 रुपए का भुगतान करना होगा।

# दिल्ली में नगर निगमों के साथ सौतेला व्यवहार कर रही 'आप' सरकार, एकीकरण जरूरी : अमित शाह

नई दिल्ली। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को दिल्ली सरकार पर राजधानी के तीनों नगर निगमों के साथ सौतेला व्यवहार करने का आरोप लगाते हुए कहा कि तीनों निगमों की नीतियों और संसाधनों में विसंगतियों को दूर करने के लिए केंद्र सरकार इनके एकीकरण के लिए बिल लेकर आई है।

शाह ने लोकसभा में यह भी कहा कि 10 वर्ष पहले दिल्ली नगर निगम को आनन-फानन में तीन निगमों में विभाजित करने के पीछे तत्कालीन कांग्रेस सरकार की मंशा अभी तक स्पष्ट नहीं हुई है।

लोकसभा में दिल्ली नगर निगम (संशोधन) विधेयक, 2022 को चर्चा एवं पारित होने के लिए रखते हुए अमित शाह ने कहा कि 10 वर्ष पहले दिल्ली नगर निगम को तीन निगमों- उत्तर, दक्षिण और पूर्वी नगर निगमों में बांटा गया तो इस फैसले के पीछे की मंशा अभी तक स्पष्ट नहीं हुई है।

शाह ने कहा कि मैंने फाइलें खंगालीं, लेकिन आनन-फानन में किए गए बंटवारे की तत्कालीन सरकार की मंशा के बारे में कुछ पता नहीं चला। कोई स्पष्ट कारण नजर नहीं आया। मेरे पास इसका कोई प्रमाण भी नहीं है कि क्या मंशा रही होगी। गृह मंत्री ने कहा कि कारण स्पष्ट नहीं होने से लगता है कि इसका राजनीतिक मकसद रहा होगा।

#### तीनों निगमों में नीतियों को लेकर एकरूपता नहीं

उन्होंने कहा कि दिल्ली राष्ट्रीय राजधानी है, यहां राष्ट्रपति भवन हैं, संसद है, अनेक दूतावास हैं और इसलिए अनेक बैठकें भी होती हैं तथा राजधानी में अनेक राष्ट्राध्यक्ष भी आते हैं। शाह ने कहा कि इसे ध्यान में रखते हुए जरूरी है कि नागरिक सेवाओं की जिम्मेदारी तीनों निगम ठीक से उठाएं। उन्होंने कहा कि तीनों निगमों के 10 साल तक अलग-अलग होकर परिचालित होने के बाद यह पता चला है कि तीनों में नीतियों को लेकर एकरूपता नहीं है। उन्होंने कहा कि एक ही शहर के तीन निगम अलग-अलग नीतियों से चलते हैं। कर्मियों की सेवा शर्तों में भी एकरूपता नहीं है और इन विसंगतियों के कारण कर्मियों में भी असंतोष नजर आया।

शाह ने दावा किया कि विभाजन के समय संसाधनों और दायित्वों का विभाजन सोच-विचार कर नहीं किया गया। उन्होंने कहा कि संसाधनों की



दृष्टि से एक निगम हमेशा आगे रहेगा, वहीं बाकी दो की जवाबदेही ज्यादा होगी। गृह मंत्री ने कहा कि इस तरह की अनेक परिस्थितियों से निगमों में चुनकर पहुंचने वाले लोगों को कामकाज में परेशानी होती है।

#### दायित्व निर्वहन के लिए पर्याप्त संसाधन नहीं

शाह ने कहा कि मैं जिम्मेदारी के साथ कहना चाहता हूं कि दिल्ली सरकार निगमों के साथ सौतेला व्यवहार कर रही है। इसके कारण तीनों निगम अपने दायित्वों का निर्वहन करने के लिए पर्याप्त संसाधनों से लैस नहीं हो पा रहे। उन्होंने कहा कि केंद्र द्वारा लाए गए संशोधन विधेयक में तीनों निगमों को एक करने का प्रावधान है क्योंकि संसाधन और सहकारितावादी दृष्टि से एक ही निगम पूरी दिल्ली की नागरिक सेवाओं का ध्यान रखेगा तो उचित होगा।

इससे पहले सरकार ने शुक्रवार को लोकसभा में दिल्ली नगर निगम (संशोधन) विधेयक, 2022 पेश किया था, तब विपक्षी दलों ने इसका विरोध करते हुए कहा था कि इस बिल को पेश करना इस सदन के विधायी दायरे में नहीं आता है। बिल के उद्देश्यों एवं कारणों में कहा गया है कि वर्ष 2011 में दिल्ली राष्ट्रीय राजधानी राज्यक्षेत्र की विधानसभा द्वारा दिल्ली नगर निगम संशोधन अधिनियम 2011 द्वारा उक्त अधिनियम को संशोधित किया गया था जिससे उक्त निगम का तीन पृथक निगमों में विभाजन हो गया।

#### अब तक पूरा नहीं हुआ विभाजन का उद्देश्य

इसमें कहा गया कि तत्काल दिल्ली नगर निगम के तीन भागों में विभाजन करने का मुख्य उद्देश्य जनता को अधिक प्रभावी नागरिक सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए दिल्ली में विभिन्न केंद्रों में सुसंबद्ध नगर पालिकाओं का सृजन करना था, फिर भी दिल्ली नगर निगम का तीन भागों में विभाजन राज्य क्षेत्रीय प्रभागों और राजस्व सृजन की संभाव्यता के अर्थ में असमान था।

इसमें कहा गया है कि समय के साथ दिल्ली के तीन नगर निगमों की वित्तीय कठिनाइयों में वृद्धि हुई जिससे वे अपने कर्मचारियां को वेतन और रिटायरमेंट फायदे प्रदान करने में अक्षम हो गए।

वेतन और रिटायरमेंट फायदे प्रदान करने में विलंब का परिणाम नगर निगम कर्मचारियों द्वारा निरंतर हड़ताल के रूप में सामने आया जिसने न केवल नागरिक सेवाओं को प्रभावित किया बल्कि इससे सफाई और स्वच्छता से संबंधित समस्याएं भी उत्पन्न हुईं।

इसमें कहा गया है कि दिल्ली में तीन समवर्ती नगर निगमों के सृजन का मुख्य उद्देश्य जनता को प्रभावी नागरिक सेवाएं उपलब्ध कराना था। मसौदे के अनुसार पिछले 10 वर्षों का अनुभव यह दर्शाता है कि संसाधनों की अपर्याप्तता और निधियों के आवंटन एवं जारी करने की अनिश्चितता के कारण तीनों निगम गंभीर वित्तीय कठिनाइयों का सामना कर रहे हैं जिससे उनके लिए वांछित स्तर पर दिल्ली में नागरिक सेवाओं को बनाए रखना कठिन हो गया।

बिल के उद्देश्यों एवं कारणों के अनुसार, सरकार देश की राजधानी में नागरिक सेवाएं प्रदान करने तथा वित्तीय कठिनाइयों एवं क्रियाशील अनिश्चितताओं को दूर करने के प्रयास के तहत दिल्ली नगर निगम संशोधन विधेयक 2022 लाई है। इसके तहत तीन नगर निगमों को एकीकृत करने की बात कही गई है।

इसमें संसाधनों का बेहतर उपयोग करने के लिए एक सुदृढ़ तंत्र सुनिश्चित करना तथा दिल्ली के लोगों को अधिक कुशल नागरिक सेवा पूरी तरह पारदर्शिता के साथ प्रदान करने की बात कही गई है।

# देश भर में 28 राजमार्गों पर उतर सकते हैं वायुसेना के विमान

## सबसे ज्यादा लैंडिंग फैसिलिटी असम में

नई दिल्ली। भारतीय वायु सेना ने देश भर के राजमार्गों पर 28 आपातकालीन लैंडिंग सुविधाओं की पहचान की है। सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने एक बयान में बताया कि ऐसी पांच इमरजेंसी लैंडिंग फैसिलिटी असम में, चार पश्चिम बंगाल में, तीन आंध्र प्रदेश में, तीन गुजरात में, तीन राजस्थान में, दो बिहार में, दो हरियाणा में, दो जम्मू-कश्मीर में, तमिलनाडु में दो और पंजाब और उत्तर प्रदेश में एक-एक हैं। ये इमरजेंसी लैंडिंग सुविधाएं मिलिट्री एयरक्राफ्ट के संचालन में सक्षम हैं और यदि आवश्यक हो तो समान श्रेणी के नागरिक विमानों के लिए भी इस्तेमाल किया जा सकता है। केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग



मंत्री नितिन गडकरी ने राज्यसभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में यह जानकारी दी।

गडकरी ने सदन को यह भी बताया कि एक नीति के रूप में राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं के कार्यान्वयन के लिए भूमि की सीमांत पट्टी में कम से कम पेड़ काटे गए हैं और कहा कि राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं के कारण अब तक पर्यावरण पर कोई बड़ा प्रभाव नहीं पड़ा है। उन्होंने कहा, पर्यावरण पर थोड़ा सकारात्मक प्रभाव हो सकता है क्योंकि काटे गए पेड़ों के बदले अधिक पेड़ लगाए जाते हैं। मंत्रालय ने यह भी फैसला लिया है कि पेड़ों को लगाने की जगह तकनीक और विशेषज्ञता का इस्तेमाल कर उन्हें लगाया जाएगा। यह काम प्रगति पर है।

# ममता ने बंगाल भाजपा पर जताया आक्रोश

**दार्जिलिंग।** तृणमूल कांग्रेस सुप्रीमो एवं पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बोगतुई नरसंहार पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा को सौंपी गई प्रदेश भाजपा की रिपोर्ट पर बुधवार को नाराजगी जतायी।

बनर्जी ने मीडिया को संबोधित करते हुए कहा, हमने जांच में पूरी सहायता की है। हालांकि, बीरभूम जिले के रामपुरहाट के पास बोगतुई गांव में आए भाजपा नेताओं ने पार्टी अध्यक्ष को सूचना दी। इस तरह की रिपोर्ट से जांच कमजोर हो सकती है और इसका राजनीतिक उद्देश्यों के लिए दुरुपयोग किया जा सकता है।

बनर्जी ने आरोप लगाया कि रिपोर्ट में तृणमूल कांग्रेस के बीरभूम जिला अध्यक्ष अनुव्रत मंडल के नाम का उल्लेख है, जो स्पष्ट रूप से भाजपा के प्रतिशोधी रवैये को दर्शाता है। उन्होंने सीधे भाजपा पर निशाना साधते हुए



कहा, जांच के दौरान कोई राजनीतिक प्रभाव नहीं होना चाहिए। यह सत्ता का दुरुपयोग है।

भाजपा की रिपोर्ट में अनुव्रत मंडल का जिक्र करते हुए सुश्री बनर्जी ने कहा, भाजपा चाहती है कि तृणमूल जिलाध्यक्ष को गिरफ्तार किया जाए। रिपोर्ट प्रतिशोधी है। भाजपा के खिलाफ बोलने वाली सभी पार्टियों के खिलाफ ऐसी प्रतिशोधी राजनीति की जाएगी।

इस मसले पर मुख्यमंत्री ने नाराजगी भी जताई है। उन्होंने राजनीतिक दल के सदस्यों की रिपोर्ट तैयार करने के उद्देश्य पर सवाल उठाया।

प्रारंभ में, रिपोर्ट में बोगतुई घटना में राज्य सरकार की भूमिका की तीखी आलोचना की गयी है। रिपोर्ट में यह भी दावा किया गया है कि बंगाल में माफिया राज स्थापित हो गया है। इतना ही नहीं, रिपोर्ट में इस मामले में राज्य सरकार के समर्थन का भी जिक्र है।

रिपोर्ट में कहा गया, पश्चिम बंगाल में अब माफिया का शासन है। इसे राज्य की पुलिस और राजनीतिक नेतृत्व का पूरा समर्थन प्राप्त है।

प्रदेश भाजपा प्रमुख सुकांत मजूमदार की अध्यक्षता वाली एक जांच समिति, जो बीरभूम नरसंहार स्थल से लौटी थी, ने पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली तृणमूल कांग्रेस सरकार को 'माफिया' से कम नहीं बताया। रिपोर्ट में कहा गया कि राज्य सरकार पुलिस और राजनीतिक नेतृत्व की मिलीभगत से शासन कर रही है।

# रेगिंग मामले में सुशीला तिवारी मेडिकल कालेज को मिली अंतिम मोहलत

नैनीताल। उत्तराखंड के हल्द्वानी स्थित सरकारी मेडिकल कालेज में रेगिंग जैसे महत्वपूर्ण प्रकरण में सुशीला तिवारी मेडिकल कालेज की ओर से बुधवार को जवाब पेश नहीं किया गया।

कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश संजय कुमार मिश्रा की अगुवाई वाली पीठ ने इसे गंभीरता से लेते हुए कालेज प्रशासन को जवाब पेश करने के लिये 20 अप्रैल तक की अंतिम मोहलत दे दी है।

सरकार की ओर से अदालत को बताया गया कि कालेज परिसर में सीसीटीवी कैमरों ने पूरी तरह से काम करना शुरू कर दिया है।

कॉलेज में 18 सीसीटीवी कैमरे नये लगाये गये हैं और 91 को दुरूस्त किया गया है। इससे रैगिंग पर रोक लग सकेगी। अदालत ने कालेज प्रशासन के रवैये पर सवाल उठाते हुए कहा कि समाचार पत्रों में रैगिंग के आरोपी छात्रों पर 5000 का अर्थदंड लगाने की बात कही गयी है।

दूसरी ओर याचिकाकर्ता सचिदानंद डबराल की ओर से रिपोर्ट पर सवाल उठाते हुए मामले की विस्तृत जांच की मांग की गयी लेकिन अदालत याचिकाकर्ता की मांग से सहमत नजर नहीं आयी। अंत में अदालत ने कालेज को जवाब पेश करने के लिये 20 अप्रैल तक की मोहलत दे दी।

इसी महीने की शुरूआत में सुशीला तिवारी मेडिकल कालेज में तालिबानी शैली में रैगिंग का मामला सामने आया था। लगभग दो दर्जन से अधिक छात्रों का सिर मुंडवाकर उन्हें गर्दन झुकाकर चलने को मजबूर किया गया था।

# पुलवामा जैसा हमला करने की फिराक में लश्कर के आतंकी, सुरक्षा एजेंसियों ने भेजा अलर्ट

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर में आतंकी एक बार फिर सुरक्षाबलों को निशाना बनाते हुए बड़े आंतकी हमले की साजिश रच रहे हैं। सुरक्षा एजेंसियों ने इस बाबत अलर्ट जारी किया है। सुरक्षा एजेंसियों के मुताबिक कई आतंकी संगठनों के करीब 35 आतंकी लाइन ऑफ कंट्रोल के आसपास देखे गए हैं। सुरक्षा एजेंसियों के मुताबिक ये आतंकी भारत में घुसपैठ की कोशिश करेंगे और इनके निशाने पर सबसे पहले सुरक्षाबल के जवान होंगे। अलर्ट में कहा गया है कि घाटी में मौसम सामान्य हो गया है जिसका आतंकियों को भी इंतजार था। जम्मू-कश्मीर में भारी बर्फबारी के बीच घुसपैठ करना काफी मुश्किल होता है



लिहाजा आतंकी भी इस मौसम का इंतजार करते हैं ताकि घुसपैठ के दौरान उन्हें मौसम की मार ना झेलनी पड़े। सुरक्षा एजेंसियों के मुताबिक जम्मू-कश्मीर के पीर पांजाल रेंज के पास केरन के पीछे तीन आतंकी ग्रुप की मुवमेंट चल रही है। इसके अलावा लश्कर-ए-तैयबा के पांच आतंकी, हिजबुल मुजाहिद्दीन के चार आतंकी और बाकी आतंकी संगठनों के करीब पांच आतंकी भारत की सीमा में घुसपैठ के लिए पूरी तरह तैयार हैं और भारत में घुसने के लिए मौके की तलाश में हैं। इसके अलावा नौगाम के लीपा इलाके में भी पांच आतंकियों के एक ग्रुप को देखा गया है।

पीर पंजाल के दक्षिणी हिस्से में भी दो सदस्यों वाले तीन गुट देखे गए हैं। माना जा रहा है ये ग्रुप लश्कर-ए-तैयबा का है जो बिंबेर गली के पीछे छिपे हैं। माना जाता है कि छिप छिपकर ये गुट सुरक्षाबलों पर हमले करता रहता है।

आतंकियों की घुसपैठ की खबर के बीच सुरक्षा एजेंसियों ने जम्मू-कश्मीर पुलिस, सेना और अर्धसैनिक बलों को अलर्ट भेजा है। अलर्ट में कहा गया है कि लश्कर-ए-तैयबा के आतंकी श्रीनगर के बटमालू इलाके में सुरक्षाबलों पर घात लगाकर हमला कर सकते हैं।

# राजस्थान में हत्या का आरोप लगने पर महिला डॉक्टर ने की आत्महत्या

जालंधर/ दौसा। राजस्थान के दौसा जिले के एक निजी अस्पताल में कार्यरत एक महिला चिकित्सक ने मंगलवार को आत्महत्या कर ली। वह चिकित्सा लापरवाही के अप्रमाणित आरोपों के आधार पर हत्या के आरोपों के तहत दर्ज प्राथमिकी को लेकर तनावग्रस्त थी।

स्त्री रोग विशेषज्ञ की कथित आत्महत्या को 'गहरा सदमा' बताते हुए फेडरेशन ऑफ हॉस्पिटल एडमिनिस्ट्रेटर के कार्यकारी सदस्य डॉ पुरोहित ने बुधवार को 'यूनीवार्ता' को बताया कि प्रसव के दौरान एक महिला की मौत का कारण बनने और एक पुलिस मामले में शामिल होने के बाद दो बच्चों की मां डॉ अर्चना शर्मा को परेशान किया गया क्योंकि उनके खिलाफ आईपीसी 302 के तहत दर्ज मामला अनुचित है। 'एक्यूट पोस्टपार्टम हेमोरेज (पीपीएच) बच्चे के जन्म की एक ज्ञात जटिलता है। पीपीएच का सबसे आम कारण गर्भाशय का प्रायश्चित या प्रभावी गर्भाशय संकुचन की कमी है। यह ऐसा कुछ नहीं है जो चिकित्सकीय लापरवाही के कारण होता है, लेकिन पुलिस केवल डॉक्टर को परेशान करने के लिए आमदा थी।

डॉ पुरोहित ने कहा कि कथित चिकित्सा लापरवाही के कारण मौत आईपीसी की धारा 304-ए के तहत कवर की जाती है और डॉक्टरों पर तभी मामला दर्ज किया जाता है, जब चिकित्सा लापरवाही का उच्च क्रम स्थापित हो जाता है। इस मामले में सुप्रीम कोर्ट का फैसला है। पुलिस उस पर आईपीसी 302 के तहत चिकित्सकीय लापरवाही के लिए एक डॉक्टर को बुक नहीं कर सकती है। उन्होंने आगाह किया कि चिकित्सा उपचार के बाद जटिलताओं के बाद डॉक्टरों का इस तरह का अनुचित उत्पीड़न भारतीयों के लिए सस्ती चिकित्सा देखभाल को असंभव बना देगा।

जाने-माने चिकित्सक डॉ पुरोहित ने कहा कि महिला डॉक्टर ने अस्पताल के एक कमरे में फांसी लगा ली और एक सुसाइड नोट छोड़ा जिसमें उसने उल्लेख किया कि प्रसव के बाद रक्तस्राव के कारण मरीज की मृत्यु हो गई, जो एक ज्ञात चिकित्सा जटिलता है। मैंने कोई गलती नहीं की। मैंने किसी को नहीं मारा। कृपया मेरे परिवार और मेरे बच्चों को परेशान न करें। रोगी की मृत्यु पीपीएच से हुई, जो एक ज्ञात जटिलता है। डॉक्टरों को परेशान मत करो। मेरी मौत शायद मेरी बेगुनाही साबित होगी।

उत्तर भारत के निजी अस्पतालों एवं नर्सिंग होम संघ के प्रधान अन्वेषक-डॉ पुरोहित ने बताया कि अस्पताल संचालकों एवं चिकित्सकों को विश्वास है कि रोकथाम इलाज से बेहतर है। अगर अनजाने में हुई मौत के मामले में उनके सिर पर लटके इस तरह के आरोपों की तलवार के बिना चिकित्सा बिरादरी को अभ्यास करने की अनुमति नहीं है, तो कोई भी डॉक्टर जान बचाने में शामिल जोखिम लेने को तैयार नहीं होगा।

## विद्युत की नई दरें तय, घरेलू दरों में 20 पैसे प्रति यूनिट वृद्धि

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश विद्युत नियामक आयोग की ओर से वर्ष 2022-23 के लिए बिजली की नयी दरें तय की गई हैं लेकिन इंडस्ट्री को राहत देते हुए लगातार तीन साल भी बिजली दरें नहीं बढ़ाई गई है। हालांकि घरेलू दरों को 20 पैसे प्रति यूनिट के हिसाब से बढ़ाया गया हैं, जिनका वहन सरकार सब्सिडी के तौर पर करेगी। इन बढ़ी दरों का असर घरेलू उपभोक्ताओं पर नहीं पड़ेगा। इसके अलावा प्रदेश के भीतर रक्षा बलों द्वारा दी जा रहा रही सेवाओं को मद्देनजर रखते हुए आयोग द्वारा लिए गए निर्णय के मुताबिक अब रक्षा प्रतिष्ठानों से घरेलू दरों पर शुल्क लिया जाएगा। इससे पहले थोक दरों पर उनसे शुल्क लिया जाता था। प्रदेश के डिफेंस केंटोनमेंट जोन में चल रहे कमर्शियल प्रतिष्ठानों से कमर्शियल दरों पर चार्ज किया जाएगा। इसके इलावा गो-आयोग के अंतर्गत पंजीकृत गो सदन तथा गो अभयारण्यों से 30 पैसे प्रति यूनिट की दर से शुल्क लिया जाएगा। इससे पहले इनसे घरेलू दरों पर शुल्क लिया जाता था।

# कपास उत्पादकता बढ़ाने को लेकर अंतरराज्यीय सम्मेलन आयोजित

**सिरसा।** केंद्रीय कपास अनुसंधान संस्थान सिरसा ने बुधवार को उत्तर भारत में कपास की उत्पादकता बढ़ाने व गुलाबी सुंडी के नियंत्रण को लेकर किए जा रहे कार्यों के बारे में हरियाणा, पंजाब एवं राजस्थान के अलग-अलग कृषि विवि के वैज्ञानिकों का विश्लेषण सम्मेलन का आयोजन किया। सीसीएसएचएयू हिसार से कुलपति डॉ बी आर कम्बोज ने बतौर मुख्य अतिथि वर्चुअल माध्यम से भाग लिया। आयोजन की अध्यक्षता केंद्रीय कपास अनुसंधान संस्थान नागपुर के निदेशक डॉ वाई जी प्रसाद ने की तथा इसका संचालन केंद्रीय कपास अनुसंधान संस्थान क्षेत्रीय स्टेशन सिरसा के अध्यक्ष डॉ एस के वर्मा ने किया। ज्ञातव्य है कि सिरसा जिला कपास उत्पादन में उत्तर भारत में अव्वल है, यहां के कपास की विदेशो में खूब मांग है। कुलपति डॉ बी आर कम्बोज ने सम्मेलन में भाग लेने वाले वैज्ञानिकों और अधिकारियों को कपास की उत्पादकता बढ़ाने तथा गुलाबी सुंडी के नियंत्रण के लिए नई-नई खोज और तकनीक को विकसित



करने के लिए प्रेरित किया तथा उनको प्रसार अधिकारियों के माध्यम से किसानों के खेतों तक पहुंचाने के लिए निर्देश दिए। उन्होंने सूक्ष्म सिंचाई पद्धति व पोषक तत्वों के उचित प्रबंधन के लिए किसानों को प्रेरित करने का आग्रह किया। कार्यक्रम के अध्यक्ष डॉ वाई जी प्रसाद ने सभी प्रतिभागी वैज्ञानिकों एवं अधिकारियों को कपास उत्पादन में आने वाली मुख्य समस्या की पहचान कर नई-नई तकनीक को विकसित करने के लिए आग्रह किया।

डॉ एस. के.वर्मा ने उत्तर भारत में कपास उत्पादन में आ रही समस्याओं को बताते हुए उत्तरी भारत के हरियाणा, पंजाब एवं राजस्थान के मुख्य जिलों में गुलाबी सुंडी के आकस्मिक प्रकोप के बारे में जानकारी दी।

## शार्ट न्यूज

### ख़ुशी से पढ़ाई करो और अपने माता पिता का नाम रोशन करो : मीना त्यागी



नई दिल्ली। पिछले दो वर्षो में हमारे देश ने बहुत मुश्किल झेली है.आम नागरिक बहुत परेशान रहा है दसवीं कक्षा तक आपने अच्छी पढ़ाई की है करांना कल की परेशानी के बावजूद आपने अच्छा परिणाम दिया है बच्चो का काम है खाना खेलना और पढ़ना आपने हर चुनौती का सामना किया है इसका अच्छा सन्देश जायेगा खूब पढ़ो और आगे बढ़ो हमारा जिला प्रशासन आपकी सहायता के लिए मौजूद है कोई परेशानी हो तो हमारे पास आये हम उसका समाधान करेंगे. ख़ुशी से पढ़ाई करो और अपने माता पिता का नाम रोशन करो. स्कूल मैनेजमेंट ने मुझे यंहा आमंत्रित किया उसके लिए मैं उन्हें बधाई देती हूँ.यह बातें मीना त्यागी सब डिविजनल मजिस्ट्रेट रोहिणी ने अपने संबोधन में व्यक्त किये .वे आज यहां R.D.. इंटरनेशनल स्कूल SEC..21 रोहिणी के वार्षिक समारोह में बोल रही थी। सुरेन्दर चौहान अधिवक्ता विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित थे.इस अवसर पर स्कूल के परीक्षा परिणाम भी घोषित किये गये. समारोह में स्कूल के छात्र छात्राओं ने आकर्षक मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये सभी ने ताली बजा कर उनका उत्साह बढ़ाया. स्कूल के चेयरमेन श्री जयकिशन ने समारोह की अध्यक्षता की कार्यक्रम में अभिभावक, स्थानीय गणमान्य लोग भारी संख्या में मौजूद थे. श्री सुरेन्द्र चौहान ने भी समारोह को सम्बोधित किया उन्होंने कहा कि बच्चे देश का भविष्य है और देश के कर्णधार है पड़ोगे तो टीचर,,डॉक्टर, इंजीनियर बनोगे। स्कूल के चेयरमेन एवं पूर्व विधायक श्री जयकिशन ने सम्बोधित करते हुए कहा की स्कूल से महशूर गायक मिक्का सिंह, दिल्ली यूनिवर्सिटी के पूर्व कैप्टन एवं रेलवे क्रिकेटर अभिषेक वत्स, मनोज अंतिल हॉकी प्लेयर एवं कई राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों ने इस स्कूल से शिक्षा प्राप्त की. उन्होंने कहा कि करांना काल में जो पढ़ाई का नुकसान हुआ है उसकी भरपाई हमारे स्कूल की मैनेजमेंट ने अतिरिक्त क्लास लगा कर बच्चो को प्रोत्साहित करके पूरी करवाई.स्कूल का परिणाम शत प्रतिशत रहा है. उन्होंने उपस्थित अभिभावको शिक्षको एवं सफल छात्रों को शुभकामनाएं दी. समारोह में सुशीला जयकिशन पूर्व विधायिका,राहुल ढाका, वरुण ढाका, योगिता वरुणा ढाका, दीपिका जैन याशमीन नक्की मोनलीशा शर्मा गीता शर्मा विशेष रूप से उपस्थित थे।

### गुरुग्राम के मंदिर में 90 वर्षीय पुजारी की गला रेतकर हत्या

**गुरुग्राम।** गुरुग्राम के कादरपुर इलाके के एक मंदिर में अज्ञात बदमाशों द्वारा मंगलवार देर रात एक 90 वर्षीय पुजारी की धारदार हथियार से गला रेतकर हत्या कर दी गई। बुधवार सुबह घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम लिए भेज दिया है। हत्या के पीछे की वजह का अभी पता नहीं चल पाई है। पुलिस के मुताबिक, जब स्थानीय लोग सुबह मंदिर में पूजा-अर्चना करने गए तो उन्होंने देखा कि पुजारी का गला काटा हुआ था और शव खून से लथपथ पड़ा हुआ था। स्थानीय लोगों से वारदात की सूचना मिलने के बाद पुलिस और फोरेंसिक टीम मौके पर पहुंचकर मामले की जांच कर रही है। पुलिस ने बताया कि ग्रामीणों के अनुसार, मृतक गोविंद दास पिछले 30-35 साल से मंदिर में ही रह रहे थे और पिछले कुछ सालों से स्वास्थ्य ठीक न रहने के कारण बिस्तर पर ही थे। घटना से स्थानीय लोगों में दहशत का माहौल है। एक ग्रामीण नीरज कुमार ने कहा कि यह इलाका दिन-ब-दिन असुरक्षित होता जा रहा है और अपराधियों में पुलिस का कोई डर नहीं है। मंदिर में पुजारी की हत्या कर दी गई और इससे हम सभी आहत और भयभीत हैं। हम सख्त कार्रवाई चाहते हैं। सेक्टर-65 पुलिस स्टेशन के थाना प्रभारी दीपक कुमार ने कहा कि हम मामले की जांच कर रहे हैं, लेकिन अभी तक घटना के बारे में कोई सुराग नहीं मिला है। पुलिस मामले की जांच जार कर रही है।

### ग्रेटर नोएडा : जीजा पर गोली चलाने का आरोपी दिल्ली पुलिस का कॉन्स्टेबल गिरफ्तार, बहन की मौत से था नाराज

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के कासना क्षेत्र के लड़पुरा गांव में अपने जीजा पर गोली चलाने के आरोपी दिल्ली पुलिस के एक कॉन्स्टेबल को बुधवार को गिरफ्तार कर लिया गया। दीपक अपनी बहन की मौत के चलते जीजा से नाराज था। कासना थाना प्रभारी सुधीर कुमार सिंह ने बताया कि सादुल्लापुर गांव निवासी दीपक की बहन की शादी अस्तौली गांव निवासी नवीन से हुई थी। दीपक की बहन ने 2020 में आत्महत्या कर ली थी। महिला को आत्महत्या के लिए उकसाने के मामले में नवीन पर मामला दर्ज हुआ था। नवीन के तीन बच्चे हैं, जिनमें दो बेटे और एक बेटी है और पांच वर्षीय युवराज कई दिनों से अपने ननिहाल में दीपक के संरक्षण में था। उन्होंने बताया कि नवीन ने बेटे को वापस लेने के लिए अदालत का दरवाजा खटखटाया और 24 मार्च को दोनों पक्षों के बीच बच्चे को वापस नवीन को सौपने का समझौता हुआ। बच्चे को लड़पुरा गांव में उसके पिता नवीन को वापस करना था। नवीन जब अपने बच्चे युवराज को लेने पहुंचा तभी मोटरसाइकिल से आए दीपक और उसके साथियों ने उसके ऊपर गोलियां चला दीं। उन्होंने बताया कि मामले की जांच कर रही पुलिस ने बुधवार को दिल्ली पुलिस के कॉन्स्टेबल दीपक को गिरफ्तार कर लिया और उसके पास से घटना में इस्तेमाल पिस्तौल भी बरामद कर ली है। पुलिस उसके अन्य साथियों की तलाश कर रही है।

### शादी का झांसा दे 250 महिलाओं से करोड़ों ठगने वाला नाईजीरियन दबोचा, दोस्त की पत्नी भी थी गैंग में शामिल

गाजियाबाद। मैट्रिमोनियल साइट पर फर्जी आईडी बनाकर लड़कियों से शादी के नाम पर करोड़ों रुपये ठगने वाले गैंग का खुलासा करते हुए गाजियाबाद पुलिस की साइबर सेल ने एक नाइजीरियाई युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी खुद को शिकागो में आईटी इंजीनियर बताकर लड़कियों को अपने जाल में फंसाता था। पुलिस के मुताबिक, इसके गैंग में मेघालय की महिला भी शामिल है, जो गिरफ्तार आरोपी के दोस्त की पत्नी है। आरोपी के कब्जे से लैपटॉप, दो मोबाइल फोन और तीन एटीएम कार्ड बरामद किए गए हैं। पुलिस का कहना है कि आरोपी ढाई सौ से अधिक महिलाओं से चार करोड़ से अधिक की ठगी कर चुका है। साइबर सेल के नोडल अधिकारी व सीओ इंदिरापुरम अभय कुमार मिश्र ने बताया कि राकेश मार्ग निवासी युवती ने सिहानी गेट थाने में केस दर्ज कराया था कि मेट्रोमोनियल साइट के जरिये सिंह गुप्ता नाम के व्यक्ति से उसका संपर्क हुआ। उसने खुद को शिकागो में आईटी इंजीनियर बताते हुए शादी का प्रस्ताव रखा। एक दिन उसने कहा कि वह साढ़े तीन करोड़ रुपये की ज्वेलरी लेकर शादी करने भारत आ रहा है। बाद में उसने खुद को मुंबई एयरपोर्ट पर कस्मट विभाग द्वारा पकड़े जाने की बात कही। अनीता नाम की युवती ने कस्टम अधिकारी बनकर युवती से बात की और मामला रफा-दफा करने के नाम पर पैसों की मांग की। इस तरह युवती से 35 लाख रुपये ऐंठ लिए गए। अभय कुमार मिश्र का कहना है कि कॉलिंग में इस्तेमाल होने वाले मोबाइल नंबरों और जिन खातों में रकम ट्रांसफर हुई थी, उन्हें खंगालने पर गैंग ट्रेस हो गया। गैंग का सरगना नाईजीरिया निवासी ममादूकोलू उदेकवे साइपीरियन है। वह मेघालय निवासी इबापीडियन घुन एम नोनगेसाई जे नाम की महिला के साथ मिलकर ठगी करता था। मेघालय निवासी महिला ने नाइजीरिया निवासी युवक से शादी की थी, जो कि गिरफ्तार आरोपी का दोस्त है।

# भाजपा कल 14 जिलों के 14 अवैध शराब के ठेकों को सील करेगी : आदेश गुप्ता

## शराब के ठेके खुलने से दिल्ली में घेरलू हिंसा बढ़ रही है : आदेश गुप्ता



नई दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्री आदेश गुप्ता ने कहा कि केजरीवाल की आबकारी नीति के खिलाफ भाजपा पहले से भी अधिक आक्रमक आंदोलन चलाएगी। आज प्रदेश के सभी 14 जिलों के 14 शराब के ठेकों को पार्टी के पदाधिकारी, विधायक एवं कार्यकर्ता मिलकर सील करने जा रहे हैं और आने वाले समय में अवैध शराब की दुकानों की सील करने की संख्या और भी बढ़ेगी। श्री गुप्ता ने नेता प्रतिपक्ष श्री रामवीर सिंह बिधूड़ी के साथ एक संयुक्त प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि जब से दिल्ली के अंदर शराब के ठेके खुले हैं तब से दिल्ली में घरेलू हिंसा के मामले बढ़ते जा रहे हैं, लेकिन केजरीवाल सरकार इससे बिल्कुल बेखबर है।


आदेश गुप्ता ने कहा कि दिल्ली के रिहायशी इलाकों, स्कूलों, मंदिरों एवं मुख्य बाज़ार के बीच में एवं निगम के नियमों का उल्लंघन करके जितने भी शराब के ठेके खोले गए हैं उनमें से अधिकतम ठेकों को भाजपा कार्यकर्ताओं एवं वहां के समाजिक संगठनों ने बंद करवा दिया है। आजादी के बाद दिल्ली पहला ऐसा राज्य है जिन जगहों पर शराब के ठेके नहीं खुलने चाहिए थे वहां भी ठेके खोले गए हैं। उन्होंने कहा कि दिल्ली के अंदर ऐसे 123 वार्ड हैं जहां कानूनों का उल्लंघन करके शराब माफियाओं के साथ गठबंधन करके दिल्ली सरकार ने शराब के ठेके खोले। आज हुए प्रेस वार्ता में प्रदेश उपाध्यक्ष श्री राजन तिवारी, प्रदेश मीडिया प्रमुख श्री नवीन कुमार जिंदल एवं प्रदेश प्रवक्ता श्रीमती अनुजा कपूर उपस्थित थे।

गुप्ता ने कहा कि आज ही महिलाओं के एक समूह ने न्यू कोंडली में खुले अवैध शराब के ठेके को बंद करवा दिया। दिल्ली सरकार युवाओं और महिलाओं को शराब के नशे में डुबोने का जो प्रयास कर रही है जिसे भाजपा कभी नहीं होने देगी। भारतीय जनता पार्टी हमेशा दिल्ली के युवाओं एवं महिलाओं के साथ खड़ी है। उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार प्रदेश को बर्बाद करने में लगी हुई है। खुद की जेब भरने के लिए शराब माफियाओं के साथ मिलकर केजरीवाल ने ड्राई डे कम कर दिया और रिहायशी इलाकों में शराब खोलने से पीछे नहीं हटे।

रामवीर सिंह बिधूड़ी ने कहा कि दिल्ली की केजरीवाल सरकार ने दिल्ली के 601 स्थानों पर शराब के ठेके खुलवा चुकी है। जबकि इसमें से 183 शराब के ठेके ऐसे हैं जो मास्टर प्लान का उल्लंघन करके या नई शराब नीति के नियमों का उल्लंघन करके खोले गए हैं। नियमों को ताख पर रखकर खोले गए शराब के ठेकों को सील करने के लिए माननीय उपराज्यपाल एवं तीनों निगमों के अधिकारियों से भी बात हो चुकी है। उन्होंने कहा कि दिल्ली के उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने विधानसभा में कहा है कि दिल्ली के 123 ऐसे वार्ड है जहां शराब के ठेके नहीं खोले जा सकते थे, लेकिन इसके बावजूद भी केजरीवाल सरकार द्वारा नियमों की अनदेखी कर शराब के ठेके खोले गए। मंदिर मस्जिद, गुरुद्वारा और स्कूलों के समीप खोले गए शराब के ठेके हर हाल में बंद किए जाएंगे।

# अगर हम अपने युवाओं की क्षमता और ऊर्जा का सही उपयोग करते हैं, तो भारत बहुत प्रगति करेगा : अरविंद केजरीवाल

## दिल्ली में शिक्षा के क्षेत्र में 'मौन क्रांति' हो रही है, बच्चों को नौकरी ढूंढने वाला नहीं, नौकरी देने वाला बनाया जा रहा है



नई दिल्ली। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने आज गुरु गोविंद सिंह इंद्रप्रस्थ विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि अगर हम अपने युवाओं की क्षमता और ऊर्जा का सही उपयोग करते हैं, तो भारत बहुत प्रगति करेगा। दिल्ली में शिक्षा के क्षेत्र में 'मौन क्रांति' हो रही है। दिल्ली के सरकारी स्कूलों के बच्चों को नौकरी ढूंढने वाला नहीं, नौकरी देने वाला बनाया जा रहा है। हम लोगों ने शिक्षा के कंटेंट पर काम करना चालू किया है कि जो पढ़ा रहे हैं, क्या उससे बच्चों को नौकरी मिलेगी। बच्चों को कभी बिजनेस की दिशा में सोचने को कहा ही नहीं गया। उनकी क्षमता, उर्जा और इनोवेशन को कभी पंख ही नहीं दिए गए। सीएम अरविंद केजरीवाल ने शिक्षा मंत्री मनीष सिसोदिया से अपील करते हुए कहा कि दिल्ली सरकार के स्कूलों की तरह यूनिवर्सिटी में भी 'बिजनेस ब्लास्टर्स' प्रोग्राम शुरू किया जाए, जिससे कि 11वीं व 12वीं के बच्चे जब कॉलेज में जाएं, तो उनका आइडिया न रूके। यूनिवर्सिटी में हर बच्चे पर काम करना चाहिए कि आगे वो क्या करने जा रहा है। बिना कैरियर प्रोग्राम के एक भी बच्चा बाहर निकलना नहीं चाहिए। उन्होंने कहा कि अंग्रेजों ने सारी व्यवस्था हम लोगों को तंग करने के लिए बनाई थी। इस व्यवस्था को भी बदलना पड़ेगा। अगर हम सभी मिलकर देश सुधारने में लगेंगे, तो हमारे देश को तरक्की करने से कोई नहीं रोक सकता है।

### मैं भगवान से प्रार्थना करता हूं कि सभी विद्यार्थियों के सपने पूरे हों और सभी खूब तरक्की करें : अरविंद केजरीवाल

गुरु गोविंद सिंह इंद्रप्रस्थ विश्वविद्यालय का आज दीक्षांत समारोह का आयोजित हुआ। दीक्षांत समारोह के अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलाधिपति एलजी अनिल बैजल के साथ मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, डिप्टी सीएम एवं शिक्षा मंत्री मनीष सिसोदिया, मुख्य सचिव विजय कुमार देव, विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. (डॉ.) महेश वर्मा समेत अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे। दीक्षांत समारोह की शुरुआत से पहले राष्ट्रगान हुआ। इसके उपरांत एलजी और सीएम अरविंद केजरीवाल समेत अन्य गणमान्य लोगों ने दीप प्रज्वलित कर समारोह की शुरुआत की। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि आज आप सभी लोगों की जिंदगी का बहुत महत्वपूर्ण दिन है। जिन विद्यार्थियों को आज डिग्री मिल रही है, उन सभी को बधाई। सभी अभिभावकों को भी बधाई, जिनके बच्चों को डिग्री मिल रही है और जिनके प्रयास से आज यह संभव हो रहा है, उन सभी फैकल्टी को भी बधाई। आज का दिन सबकी जिंदगी में बड़ा महत्वपूर्ण होता है। मुझे भी याद है, जब मुझे डिग्री मिली थी। जिंदगी भर यह दिन रहता है। एक तरह से आज जिंदगी का एक फेज पूरा हुआ और हम दूसरे फेज में प्रवेश करने जा रहे हैं। मैं भगवान से प्रार्थना करता हूं कि सभी विद्यार्थियों के जो भी सपने हैं, वो पूरे हों। सब लोग खूब तरक्की करें और खूब आगे बढ़ें। आप अपनी भी तरक्की करें, देश के लिए भी तरक्की करें और समाज के लिए भी तरक्की करें।

### दिल्ली के अंदर शिक्षा के क्षेत्र में शानदार सुधार हुए हैं, पहले सरकारी स्कूल बहुत खराब होते थे : अरविंद केजरीवाल

सीएम अरविंद केजरीवाल ने कहा कि हमेशा युवाओं के बीच में आकर अच्छा लगता है। युवाओं से बात करके अच्छा लगता है। युवा विचार और उर्जा से भरे हुए होते हैं। हमारे देश के अंदर अंग्रेजों ने जो शिक्षा व्यवस्था बनाई थी, वही शिक्षा व्यवस्था आज चली आ रही है। उसके अंदर कोई बहुत मूलभूत बदलाव नहीं किया गया। उन्होंने व्यवस्था बनाई थी कि बच्चे बीए, बीकॉम, बीएससी की डिग्री लेंगे। मैं इसे किसी भी तरह कम नहीं कह रहा हूं। लेकिन डिग्री लेने के बाद आज का युवा नौकरी ढूंढने के लिए निकलता है और नौकरी के बाजार में वो अपने आप को दर-दर की ठोंकरें खाता हुआ पाता है। दिल्ली के अंदर शिक्षा के क्षेत्र में शानदार सुधार हुए हैं। सरकारी स्कूल जो पहले बहुत खराब होते थे, अब बहुत शानदार बन गए हैं। अब एक ही सरकारी स्कूल में रिक्शेवाले, आईएएस अफसर, जज, अमीरों और गरीबों का बच्चा सब एक साथ एक ही बेंच पर बैठ कर पढ़ते हैं। यह बहुत बड़ा क्रांतिकारी परिवर्तन है। शिक्षा के क्षेत्र में दिल्ली के सरकारी स्कूलों के शानदार नतीजे आ रहे हैं। अब धीरे-धीरे हम लोग शिक्षा के कंटेंट पर काम करना चालू किया है कि हम लोग पढ़ा क्या रहे हैं? हम लोग जो पढ़ा रहे हैं, क्या वो सार्थक है? क्या इस पढ़ाई के बाद हमारे बच्चे के बाहर जाने पर रोजगार या नौकरी मिलेगी? यह सबसे जरूरी है। दिल्ली के सरकारी स्कूलों में इस क्षेत्र के अंदर 'मौन क्रांति' हो रही है। बच्चों को मानसिक तौर पर तैयार किया जा रहा है कि आपको स्कूल से निकलने के बाद नौकरी ढूंढने वाला नहीं बनना है, बल्कि आप को स्कूल से निकलने बाद नौकरी देने वाला बनना है।

आपको बिजनेस करना है और बिजनेस करने के लिए तैयार होना है। इस दिशा में बच्चों को तैयार किया जा रहा है।

### पलवल में विवाहित महिला से 4 लोगों ने किया गैंगरेप

पलवल। हरियाणा के पलवल में एक निजी कंपनी में काम करने वाली महिला के साथ कथित तौर पर सामूहिक दुष्कर्म करने का मामला प्रकाश में आया है। पीड़िता के पति की शिकायत पर पुलिस ने मामले में आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। जानकारी के अनुसार, एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में आरोप लगाया कि वह और उसकी पत्नी एक निजी कंपनी में काम करते हैं। गत 22 मार्च को उसके पास ठेकेदार का फोन आया कि वह अपनी पत्नी को घर भेज दे, उसके बेटे की तबीयत खराब है। जब उसने घर पर बच्चे की तबीयत के बारे में पूछा तो उसकी बेटी ने कहा कि वह बीमार नहीं है और ना ही मां घर आई है। इसको लेकर उसे कुछ शक हुआ तो वह ठेकेदार के कमरे पर पहुंच गया। वहां उसके साथ दो-तीन अन्य लोग मौजूद थे जो शराब पी रहे थे। उन्होंने उसे जान से मारने की धमकी दी और कमरे से भगा दिया। उसके बाद चारों ने उसकी पत्नी के साथ से सामूहिक दुष्कर्म किया। वारदात के बाद पत्नी ने घर लौटकर पति को आपबीती सुनाई। इसके बाद पति ने थाने जाकर पुलिस को घटना की शिकायत देकर कार्रवाई की मांग की है।

### नोएडा सेक्टर-75 की एम्स गोल्फ एवेन्यू सोसाइटी पर चला प्राधिकरण का चाबुक, 50 फ्लैट किए गए सील



नोएड। नोएडा में अब बिल्डरों पर शिकंजा कसता जा रहा है। प्राधिकरण के आदेशों को गंभीरता से न लेने वाले बिल्डरों पर लगातार कार्रवाई हो रही है। नोएडा प्राधिकरण की टीम ने मंगलवार को सेक्टर-75 में एम्स गोल्फ एवेन्यू-2 में स्थित बिल्डर के 50 फ्लैटों को सील कर दिया। यह फ्लैट अभी तक बिके नहीं थे और बिल्डर के ही पास थे। बिल्डर के खिलाफ फ्लैट खरीदारों ने शिकायत की थी कि यहां पर साफ-सफाई की व्यवस्था सही नहीं है और एसटीपी भी काम नहीं कर रहा है और इसके अतिरिक्त कॉमन एरिया का प्रयोग भी अन्य कार्यों के लिए किया जा रहा है। बिल्डर पर प्राधिकरण का बकाया भी बताया जा रहा है। इसको लेकर पूर्व में प्राधिकरण के द्वारा बिल्डर को व्यवस्थाओं में सुधार के आदेश दिए गए थे, लेकिन बिल्डर ने प्राधिकरण के आदेशों को गंभीरता से नहीं लिया और समस्याएं ज्यों की त्यों बनी रहीं। इस पर यह सीलिंग की कार्रवाई की गई। सोसाइटी के लोगों ने बताया कि प्राधिकरण का यह सीलिं अभियान बुधवार को भी जारी रहेगा और कुछ अन्य फ्लैट अभी और सील किए जाएंगे।

# पूर्वी दिल्ली नगर निगम सदन की बैठक में हंगामा

## भाजपा और आप पार्षदों में जमकर चले लात-घूंसे और चप्पल



नई दिल्ली। पूर्वी दिल्ली नगर निगम में बुधवार को सदन की गरिमा उस समय तार-तार हो गई, जब सत्ता और विपक्ष पार्षदों के बीच जमकर लात-घूंसे और चप्पल चलने के साथ जमकर मारपीट हुई। मारपीट में विपक्ष के पार्षदों ने नेता सदन सत्यपाल सिंह और स्थायी समिति चेयरमैन वीएस पंवार को पीटा तो वहीं सत्ता पक्ष के पार्षदों ने नेता विपक्ष मनोज त्यागी और अन्य पार्षदों का पीटा। इस दौरान आप के पार्षद के कपड़े फाड़ दिए गए।

सदन में हो रहे उत्पात को देख महापौर श्याम सुंदर अग्रवाल के आदेश पर सुरक्षा कर्मियों ने नेता विपक्ष को उठाकर सदन से बाहर निकाल दिया।

सदन की बैठक शुरू होने पर नेता सदन सत्यपाल सिंह ने महानगर पार्षद रहे ईश्वर दास महाजन के शोक प्रस्ताव को पढ़ा और इसके तुरंत बाद नेता विपक्ष मनोज त्यागी ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष आदेश गुप्ता से माफी मांगने का निंदा प्रस्ताव पढ़ना शुरू किया ही था कि सदन की बैठक शोर गुल में बदल गई।

सत्ता पक्ष और विपक्ष के पार्षदों ने एक दूसरे के खिलाफ नारेबाजी शुरू कर दी। प्रवेश शर्मा ने कहा कि कश्मीरी पंडित और हिंदुओं को लेकर सीएम केजरीवाल ने अपशब्द कहे हैं। पूर्व महापौर नीमा भगत और पार्षद हिमांशी पांडे ने कहा कि केजरीवाल ने कश्मीरी पंडितों का मजाक उड़ाया है। इसके बाद दोनों पक्षों के पार्षदों के बीच लात-घूंसे चलने शुरू हो गए। नेता विपक्ष और स्थायी समिति चेयरमैन के बीच काफी देर तक मारपीट होती रही। दोनों तरफ के पार्षद एक दूसरे का बचाव भी कर रहे थे, लेकिन इस बीच सदन में आए एक युवक की विपक्ष के पार्षदों ने जमकर धुनाई कर दी।

सदन की गरिमा तार-तार होते देख महापौर ने सुरक्षा कर्मियों को आदेश दिया कि वह नेता विपक्ष सहित अन्य पार्षदों को बाहर करें। सुरक्षा कर्मियों ने नेता विपक्ष को घसीट कर बाहर तो निकाल दिया, लेकिन वह दूसरे रास्ते से नारेबाजी करते हुए फिर सदन में घुस आए। यह देख महापौर ने सुरक्षा कर्मियों को फिर से आदेश दिए तो इस बार मार्शल नेता विपक्ष को कंधे से खींचते हुए बाहर ले गए और नारेबाजी के बीच प्रस्ताव मंजूर किए गए।

# केवाईसी अपडेट के बहाने ठगने वाले पैन इंडिया नेटवर्क का खुलासा, 23 आरोपी गिरफ्तार



**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की आईएफएसओ यूनिट ने साइबर जालसाजों के एक ऐसे गिरोह का पर्दाफाश किया है जो फिशिंग पेजो और एसबीआई नेटबैंकिंग और योनो ऐप का इस्तेमाल करने वाले हजारों ग्राहकों को ठग चुका है। गिरोह केवाईसी अपडेट करने के नाम पर नेट बैंकिंग लॉगिन डिटेल्स हासिल कर अकाउंट पर हाथ साफ कर देते थे। देशभर में लोगों के साथ ठगी करने वाले इस पैन इंडिया नेटवर्क के 23 जालसाजों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी पीड़ितों को योनो ऐप पर केवाईसी अपडेट करने के बहाने अपने जाल में फंसाते थे।

डीसीपी केपीएस मल्होत्रा के मुताबिक, कई शिकायतें मिल रहीं थीं, जिसमें यह पता चला कि पीड़ितों को योनो ऐप पर केवाईसी अपडेट करने के बहाने ठगा गया था। इसके बाद एसबीआई प्रबंधन से संपर्क किया गया। एसबीआई से डेटा लेकर विस्तृत जांच की गई तो पता चला कि 100 से अधिक शिकायतें मिली थी। जिसमें 51 शिकायतें दिल्ली से संबंधित थीं। इसके बाद शिकायतों की संख्या करीब एक हजार तक पहुंच गई। पुलिस ने आरोपियों के पास से 58 मोबाइल, 12 लैपटॉप, 20 डेबिट कार्ड और 202 सिम कार्ड बरामद किए हैं।

### ऐसे प्लेटफॉर्म का करते थे इस्तेमाल

दिल्ली पुलिस के मुताबिक, गिरोह एनजी रॉक्स जैसे प्लेटफॉर्म पर फेक फिशिंग पेज बनाकर धोखाधड़ी करता था। आरोपी बल्क मैसेज भेजकर ग्राहकों को फर्जी योनो ऐप का लिंक भेजते थे।

ग्राहक लिंक पर क्लिक कर जैसे ही अपने क्रेडेंशियल इस पर अपलोड करते थे। गिरोह उनके अकाउंट को लॉगिन कर लेते थे और फिर पैसा निकाल लेते थे। केवाईसी अपडेट करने के नाम पर नेट बैंकिंग क्रेडेंशियल हासिल करते थे। अलग अलग शहरों में प्लानिंग कर पुलिस ने एक साथ छापेमारी कर 23 आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

### ऐसे करते थे फर्जीवाड़ा


आरोपियों द्वारा भेजे गए लिंक की जांच की गई तो पता चला कि ये लिंक सूरत, कोलकाता, गिरडीह, जामताड़ा, धनबाद और दिल्ली एनसीआर से भेजे जा रहे थे।

लिंक भेजने वालों के ठिकानों की पहचान की गई तो यह पता चला कि आरोपी अलग-अलग मॉड्यूल बनाकर काम कर रहे थे। फिशिंग लिंक बनाने और होस्ट करने में एक मॉड्यूल शामिल था, जबकि दूसरा मॉड्यूल थोक एसएमएस और कॉल करने के लिए नकली सिम कार्ड प्राप्त करता था। तीसरा मॉड्यूल फिशिंग लिंक भेजने और पीड़ित को कॉल करने में शामिल था। अगर पीड़ित ने फिशिंग पेज पर ओटीपी नहीं डाला तो यही मॉड्यूल कॉल करता था।

इसके अलावा चौथा मॉड्यूल पीड़ितों के नेट बैंकिंग में लॉगिन करता था और धोखाधड़ी से रुपये ट्रांसफर करता था। जबकि पांचवा मॉड्यूल नकली और धोखाधड़ी वाले बैंक खातों की खरीद में शामिल था और छठा मॉड्यूल बैंक खातों से पैसे निकालने का काम करता था।

पुलिस ने 25 मार्च को एक साथ आरोपियों को पकड़ने के लिए सूरत, कोलकाता, गिरिडीह, जामताड़ा, धनबाद में उनके ठिकानों पर छापेमारी की थी।

### गाजीपुर लैंडफिल साइट पर लगी आग को लेकर पूर्वी निगम पर 50 लाख जुर्माना



नई दिल्ली। गाजीपुर लैंडफिल साइट पर लगी आग के मामले में पूर्वी निगम पर 50 लाख जुर्माना लगाया जाएगा। साथ ही जिम्मेदार अधिकारियों और कर्मचारियों के खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी। दिल्ली के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने बुधवार को सचिवालय में आयोजित पत्रकार वार्ता में यह जानकारी दी। गाजीपुर लैंडफिल साइट पर सोमवार को आग लग गई थी। एक बड़े क्षेत्र में लगी आग का धुआं आसपास के पूरे वातावरण में छा गया था। अग्निशमन विभाग ने बड़ी मशक्कत के बाद आग पर किसी तरह से काबू पाया। हालांकि, अब भी हल्का धुआं उठ रहा है। वहीं, आग लगने के मामले में पर्यावरण मंत्री ने सोमवार को ही दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण समिति को जांच करने और रिपोर्ट देने के निर्देश दिए थे। पर्यावरण मंत्री ने बताया कि डीपीसीसी की रिपोर्ट से लैंडफिल साइट पर तमाम खामियों का पता चला है। इसे देखते हुए पूर्वी निगम पर 50 लाख का जुर्माना लगाने के निर्देश दिए गए हैं।

### ये खामियां पाई गईं

पर्यावरण मंत्री ने बताया कि लैंडफिल साइट पर चार मुख्य खामियां पाई गई हैं। यहां पहले से जमा कचरे के ढेर की बायोमाइनिंग का काम किया जा रहा है। इसके लिए 25 ट्रोमल मशीनें कार्यरत होनी चाहिए थीं। लेकिन, मौके पर सिर्फ 21 मशीनें कार्यरत मिलीं। यहां लगा एंटी स्मोगगन भी काम नहीं कर रहा था, जबकि यहां लगाए गए 24 में से सिर्फ 17 सीसीटीवी कैमरे ही चालू हालत में मिले। इसके अलावा, लैंडफिल साइट के चारों ओर चहारदीवारी बनाई जानी चाहिए थी, ताकि कोई भी अनधिकृत व्यक्ति अंदर प्रवेश नहीं पा सके। इस चहारदीवारी का निर्माण भी पूरा नहीं किया गया है।

## संपादकीय

# बिम्सटेक सम्मेलन ने सदस्य देशों के कई अनसुलझे मुद्दों को सुलझा दिया

कोलंबो में 18वां बिम्सटेक शिखर सम्मेलन चल रहा है। श्रीलंका में इस सम्मेलन के आयोजन का खास मकसद भी है। पड़ोसी मुल्क इस वक्त भारी आर्थिक संकट से गुजर रहा है। ऐसे में उन्हें आर्थिक संकट से उबारने के लिए हिंदुस्तान ने बड़ी आर्थिक मदद की है। मदद, शिखर बैठक से पहले इसलिए की है ताकि दूसरे सदस्य देश भी प्रेरित होकर सहायता कर सकें। क्योंकि बिम्सटेक सम्मेलन का मकसद भी तो एक-दूसरे का सहयोग करना ही है। श्रीलंका को इस समय सहयोगी देशों से मदद की दरकार है। भारत ने श्रीलंका को एक बिलियन अमेरिकी डॉलर का ऋण दिया है और पेट्रोलियम उत्पादों की खरीद के लिए अलग से पचास करोड़ अमेरिकी डॉलर की अतिरिक्त सहायता का आर्थिक राहत पैकेज भी भेजा है। इस पर श्रीलंका सरकार और उनके विपक्षी नेताओं के साथ-साथ आर्थिक विश्लेषकों ने जमकर भारत सरकार की सराहना की है। सराहना की भी जानी चाहिए, संकट के दौर में उन्होंने संबल जो दिया है। वरना, तो दूसरे मुल्क सिर्फ हवा-हवाई बातों से ही पेट भरते रहते हैं। चीन उनमें अव्वल है।

श्रीलंका बिम्सटेक का मौजूदा अध्यक्ष सदस्य देश है। सभी जानते हैं कि बिम्सटेक के गठन का मकसद बंगाल की खाड़ी देशों पर केंद्रित एक क्षेत्रीय सहयोग वाला मंच बनाना है, जहां बैठकर सभी सदस्य अपनी समस्याएं एक-दूसरे से साझा करते हैं। विकट समस्याओं का समाधान खोजते हैं। ये सम्मेलन करीब चार साल बाद आयोजित हुआ है। हमारे विदेश मंत्री एस जयशंकर पहुंचे हुए हैं, बीते मंगलवार को हुई बैठक में उन्होंने अपनी बात मंच पर साझा की जिसमें रूस-यूक्रेन युद्ध, अफगानिस्तान के मौजूदा हालात और खाड़ी देशों में पनपते नए किस्म के आतंकवाद पर सभी सदस्य देशों का ध्यानाकर्षण करवाया। वैसे, अबकी बार के शिखर सम्मेलन का विषय 'बिम्सटेक-एक क्षमतावान क्षेत्र, समृद्ध अर्थव्यवस्था और स्वस्थ लोग% पर रखा गया है जिनमें इन्हीं मुद्दों पर मंथन होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी बुधवार को वर्चुअल तरीके से दिल्ली से जुड़े।

बहरहाल, हमारे विदेश मंत्री जयशंकर ने श्रीलंका पहुंचकर जो मानवता का परिचय दिया है उसे चीन भी देख रहा है और बाकी मुल्क भी। बिम्सटेक सम्मेलन का आयोजन कह लें या उनका दौरा ऐसे वक्त में हुआ, जब संकट से निपटने में श्रीलंकाई सरकार पूरी तरह से असक्षम है। तभी उनकी जनता आक्रोशित हुई पड़ी है। महंगाई आसमान छू रही है और चारों तरफ अफरातफरी का आलम बना हुआ है। लोग ईंधन और गैस की कतारों में लगे, उनसे छुटकारा चाहते हैं, साथ ही लंबे वक्त से बिजली कटौती की मार झेल रहे हैं, इन सभी समस्याओं से निजात चाहते हैं श्रीलंकाई लोग। इसलिए वहां जगह-जगह विरोध प्रदर्शन हो रहा है। विदेश मंत्री एस. जयशंकर वहां विरोध कर रहे प्रमुख विपक्षी नेताओं से भी मिले हैं उनको बिगड़े हालातों से रूबरू कराया है। उनके समझाने पर वो लोग माने हैं। साथ ही उन्होंने ये भी भरोसा दिया कि जो भी संभव मदद होगी, वह भारत करेगा।

संकट में श्रीलंका एक बात अच्छे से समझ गया। चीन की चालाकी से वाकिफ हो गया है। आर्थिक संकट के बीच चीन ने साथ नहीं दिया। जबकि, कुछ वर्ष पूर्व तक वह हर तरह की मदद की बात कहता आया था। श्रीलंकाई वित्त मंत्री बेसिल राजपक्षे हमारे विदेश मंत्री को ऐसे वक्त में एक सहयोगी के रूप में देख रहे हैं जब उनकी सरकार के खिलाफ आवाम हमलावर है। ऐसे पहले भी कई मौके आए हैं जब भारत ने ही श्रीलंका का सहयोग किया। ये बात श्रीलंका का एक-एक बच्चा जानता है। लोग राष्ट्रपति गोटबाया राजपक्षे से सत्ता से हटने की अपील कर रहे हैं। राजपक्षे के नेतृत्व वाले सत्तारुढ़ परिवार को अपनी अक्षमता के लिए इस्तीफा देने को बोल रहे हैं। हालात सुधर जाए इसी उद्देश्य से श्रीलंका ने बिम्सटेक का आयोजन अपने यहां करवाया है। कोरोना के चलते ये बैठक नहीं हुई थी। खाड़ी मुल्कों के लिए बिम्सटेक सम्मेलन बहुत जरूरी होता है। बैठकें नहीं होने से भारी नुकसान हुआ है। चार वर्ष पूर्व काठमांडू में आयोजित हुए सम्मेलन में कुछ मुद्दे उठे थे। लेकिन बात आगे नहीं बढ़ सकी। कोरोना के चलते तय मसले नहीं सुलझे। पर, शायद अब कुछ हो।

## रुकना तो कायरो का काम है!

चलते जाए चलते जाए,
यही तो जिंदगी का नाम है,
आगे आगे बढ़ते जाए,
रुकना तो कायरों का काम है!

गिर जाए तो खड़े हो जाएं,
जब ही तो सलाम है,
मंजिलों को पाते जाए,
यही जिंदगी का अंजाम है!

हौसलो की बुलंदियों को छूते जाए,
नहीं करना आराम है,
सफलताओं को पाते जाए,
यही सच्चा प्रमाण है!

खुशियां हर पल की मनाते जाए,
यही जिंदगी का सम्मान है,
जगती आंखों से सपने पूरे करते जाए,
वही तो सच्चा इंसान है!

सीख कर जो ना सिखाएं,
बेकार का अभिमान है,
सीखते और सिखाते जाए,
फिर तो वह महान है!

जिंदगी में उतारते जाए,
वही तो सच्चा ज्ञान है,
ऊर्जा का सही उपयोग करते जाए,
यही तो सही पहचान है!

परिश्रम करके कमाई करते जाए,
फिर ही तो हममैं ईमान है,
इस जिंदगी की सही कीमत को समझते जाए,
यह जिंदगी तो ऊपर वाले का एहसान है!

सकारात्मक सोच को अपनाते जाए,
हम क्यों इतने परेशान है,
खुद पर भरोसा करते जाए,
कामयाबी से भरा यह जहान है!
खुद पर भरोसा करते जाए,
कामयाबी से भरा यह जहान है!



डॉ. माध्वी बोरसे!
(स्वरचित व मौलिक रचना)

# सच छुपाने के यह 'इश्तेहारी झूठ'



निर्मल रानी

राष्ट्रीय स्तर पर चलाये जा रहे स्वच्छता मिशन पर केंद्र सरकार अब तक अरबों रूपये ख़र्च कर चुकी है। इस अभियान पर प्रत्येक वर्ष केंद्रीय बजट में सैकड़ों करोड़ की धनराशि ख़र्च करने की घोषणा की जाती है। ग़रीबों के मकानों में व शौचालय विहीन मकानों में शौचालय बनाने के लिये सरकार द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर पैसे भी दिये गये हैं।

इस योजना को अमली जामा पहनाने के लिये राज्य सरकारें भी केंद्र सरकार का यथासंभव सहयोग कर रही हैं। यह योजना कितनी सफल हुई और कितनी असफल कितनी पूर्ण हुई और कितनी अपूर्ण, ज़मीनी स्तर पर यह जाने बिना ही विभिन्न राज्य सरकारों ने अपनी पीठ थपथपानी भी शुरू कर दी है। अपनी झूठी सफलता के परचम बड़ी ही बेशर्मी से लहराये जाने लगे हैं। अफ़सोस तो यह है कि इस झूठ के प्रचार में भी सरकार जनता के टैक्स का ही करोड़ों रुपया पानी में बहा रही है।

पिछले दिनों अपने बिहार प्रवास के दौरान कई ग्राम पंचायतों में ऐसे ही झूठे दावों के प्रचार दृश्य देखने को मिले। बिहार राज्य का दरभंगा ज़िला किसी समय में न केवल राज्य के सबसे समृद्ध ज़िले के रूप में जाना जाता था बल्कि इसे मिथिलांचल का सिरमौर भी कहा जाता था। इसी दरभंगा ज़िले में बहेड़ी मुख्य मार्ग पर स्थित है ग्राम पंचायत चंदनपट्टी। इस ग्राम पंचायत से होकर गुज़रने वाले मुख्य मार्ग की काली चमचमाती सड़कें और इनपर तेज़ रफ़्तार दौड़ते वाहनों को देखकर प्रथम दृष्टया तो यही लगेगा कि आधारभूत सुविधाओं से युक्त इस क्षेत्र में वास्तव में विकास के पंख लग गये हैं। इन्हीं मुख्य मार्गों पर सरकार के झूठे दावों को दर्शाने वाले अनेक विशाल बोर्ड भी लगे हुये हैं जिनमें सरकार द्वारा अपना गुणगान किया गया है। इसी चंदन पट्टी पंचायत के मुख्य मार्ग पर लगे एक विशाल होर्डिंग ने मुझे आकर्षित किया। ज़िला जल एवं स्वच्छता समिति (ग्रामीण विकास अभिकरण),दरभंगा की ओर से जारी इस होर्डिंग में यह दावा किया गया है कि यह ग्राम पंचायत खुले में शौच मुक्त हो चुकी है।

इसमें गांव को स्वच्छ रखने की प्रतिबद्धता का दावा करते हुये ग्राम पंचायत चंदन पट्टी द्वारा आपका स्वागत भी किया गया है। अपने दावों को और मज़बूत करने के लिये होर्डिंग में ग्राम पंचायत के खुले में शौच मुक्त की 27 -09 -2019 की तिथि भी अंकित की गयी है।

परन्तु जब आप इसी ग्राम पंचायत के भीतरी या बाहरी मार्गों पर प्रात:काल अथवा सूर्यास्त के बाद भ्रमण करें फिर आप को इस झूठे प्रचार करने वाले होर्डिंग व दावों की हक़ीक़त नज़र आ जायेगी। इसमें कोई शक नहीं कि सड़क किनारे बैठ कर व खुले खेतों व पगडंडियों पर शौच करने वाले लोगों की संख्या में




काफ़ी कमी ज़रूर आयी है। किसी समय में तो शौच की दुर्गन्ध के चलते सड़क से गुज़रना भी मुहाल था। परन्तु ग्राम पंचायत पूरी तरह से अमुक तिथि को खुले में शौच मुक्त हो चुकी है यह दावा भी पूरी तरह ग़लत व झूठा है। आज भी जगह जगह लोग खुले में शौच त्यागते तथा उसकी दुर्गन्ध व उसपर भिनभिनाती मक्खियां,सब कुछ आसानी से देखने को मिलेगा।

रहा सवाल प्रचार बोर्ड में ग्राम पंचायत को स्वच्छ रखने की प्रतिबद्धता का दावा करने का तो यह दवा तो ऐसा है जिसे महाझूठ भी कहा जा सकता है और ऐसे झूठ को गिन्नीज़ बुक ऑफ़ वर्ल्ड रिकार्ड में भी आसानी से दर्ज किया जा सकता है।

गांव के भीतर घनी आबादी से गुज़रने वाली सड़क से यदि आप गुज़रें तो कई जगह सड़कों पर कीचड़,शौच,नाली की ओवर फ़्लो गंदिगी देखकर ही आप यक़ीनन आधे रास्ते से ही वापस आ जायेंगे। गांव की बड़ी आबादी इसी कीचड़ व दुर्गन्धयुक्त वातावरण में रहती है और दिन में कई कई बार अपनी ज़रूरतों को पूरा करने के लिये इन्हीं रास्तों से गुज़रने के लिये मजबूर है।

पूरे गांव में नाले नालियां व भूतलीय नाले पूरी तरह से जाम पड़े हैं। इस गंदिगी और इसमें संतुष्ट होकर रहने वालों को देखकर आपको यह पता चल जायेगा कि बिहार में जापानी बुख़ार,काला ज़ार और इंसेफ़िलाइटिस जैसी बीमारियों के फैलने की वजह क्या है। होर्डिंग के झूठे दावों और ज़मीनी हक़ीक़त के अंतर को देखिये फिर आसानी से पता चलेगा कि किस तरह सरकार झूठ का प्रचार कर और सच से आँखें मूंद कर महामारियों को स्वयं नेवता दे रही है।

स्थानीय लोगों से जानकारी हासिल करने पर पता चला कि सरकार द्वारा शौचालय विहीन लोगों को शौचालय बनाने हेतु 12 हज़ार रुपये प्रति आवास की दर से पैसे दिये गये हैं। इनमें दो हज़ार रुपये तो धन वितरण करने वाले कथित तौर पर हड़प जाते हैं जबकि केवल दस हज़ार रूपये बांटे जाते हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार पैसे भी उसे दिये जाते हैं जो पहले अपने ख़र्च से शौचालय बनाकर और उस निर्मित शौचालय का फ़ोटो खींचकर सरकार को जमा करता है।

बताया जाता है कि इस में कई ऐसे लोगों को भी पैसे मिले जिनके मकानों में शौचालय पहले से ही मौजूद थे।

जबकि अनेक शौचालय विहीन मकान वालों को पैसे इसलिये नहीं मिल सके क्योंकि वे अपनी कमाई से शौचालय बनाकर उसका फ़ोटो जमा नहीं कर सके। ग़ौर तलब है कि इस पंचायत सहित बिहार के लाखों गांवों के करोड़ों लोग ऐसे हैं जिनके लिये दस हज़ार रुपये स्वयं ख़र्च कर शौचालय बना पाना एक सपने जैसा है।

ज़ाहिर है जब इन्हें योजना के नियमानुसार शौचालय बनाने का पैसा नहीं मिल सकेगा तो खुले में शौच करने के सिवा इनके पास चारा ही क्या है ?

मज़े की बात तो यह है कि हिन्दू-मुस्लिम की संयुक्त आबादी वाले इस गांव में तथाकथित धर्मपरायण लोगों की भी बहुतायत है। दोनों समुदाय के लोग परस्पर प्रेम व सहयोग से रहते हैं।

प्राय: मदिरों में भजन और मस्जिदों से अज़ानों व मजलिस-मिलादों की आवाज़ें साथ साथ सुनाई देती हैं। पाप-पुण्य और स्वर्ग-नर्क के रास्ते भी यहाँ के धर्मगुरु अपने अनुयायियों को बख़ूबी बताते हैं। परन्तु कभी किसी मौलवी अथवा प्रवचन कर्ता को सफ़ाई पर प्रवचन देते कभी नहीं सुनियेगा।

बल्कि यह लोग स्वयं इन्हीं गंदे व दुर्गन्धपूर्ण रास्तों पर राज़ी ख़ुशी चलते व इसी नरकीय वातावरण में रहते नज़र आयेंगे। मरणोपरांत लोगों को जन्नत भेजने का मार्ग बताने वाले प्रवचन कर्ता अपने अनुयायियों को नारकीय जीवन से मुक्ति का कोई मार्ग नहीं बताते।

यहाँ का आम आदमी चायख़ानों पर चाय व खैनी का आनंद लेता हुआ अमेरिका-ईरान-रूस-यूक्रेन जैसे जटिल अंतर्राष्ट्रीय विषयों पर बहस करता दिखाई देगा। यहाँ के लोग बी बी सी लंदन से कम किसी मीडिया हॉउस का समाचार सुनना पसंद नहीं करते।

परन्तु इनकी यह तथाकथित जागरूकता दशकों से इस ग्राम पंचायत में चली आ रही गंदिगी व दुर्गन्ध से मुक्ति पाने जैसे जीवन के सबसे ज़रूरी विषय को लेकर न जाने कहां चली जाती है। निश्चित रूप से ग्रामवासियों की इस तरह की अनदेखी ही सरकार व पंचायत के सच छुपाने के इश्तेहारी झूठ को प्रोत्साहित करती है।

# मोदी के दौर में जापान से बेहद मजबूत हुए हैं भारत के सामरिक और आर्थिक रिश्ते

प्रह्लाद सबनानी

भारत और जापान के बीच आध्यात्मिक बंधुत्व एवं सांस्कृतिक सभ्यता पर आधारित आपसी संबंधो का एक लम्बा इतिहास रहा है। वैसे तो भारत और जापान के आपसी रिश्तों की नींव 1600 ईस्वीं तक पीछे चली जाती है परंतु हाल ही के समय में इन रिश्तों में बहुत गर्माहट आई है। आज भारत और जापान के आपसी रिश्ते बहुत गहरे स्तर पर चले गए हैं। वैसे पिछले 70 वर्षों से दोनों देशों के बीच आपसी आर्थिक रिश्ते अबाध रूप से चल रहे हैं और अब तो सामरिक दृष्टि से भी भारत और जापान एक दूसरे के बहुत करीब आ रहे हैं और यह बहुत ही महत्वपूर्ण है। भारत में सबसे अधिक विदेशी निवेश करने वाले कुछ बड़े देशों में जापान भी एक बड़े निवेशक के रूप में शामिल है। वहीं दूसरी ओर जापान में भारत के कुशल श्रमिकों की बहुत बड़ी संख्या कार्यरत है। जापान में जनसंख्या वृद्धि दर के बहुत कम होते जाने से अब वहां पर वृद्धों की संख्या तेजी से बढ़ती जा रही है ऐसे में भारतीयों का सहयोग जापान की जनता को भी बहुत रास आ रहा है। इस प्रकार, जापान की तरक्की में भारत के नागरिकों का सहयोग भी बहुत महत्वपूर्ण है। आगे आने वाले समय में जापान द्वारा किए जाने वाले अपने नए निवेश के लिए भी जापान भारत की ओर देख रहा है। कोरोना महामारी के बाद जब कई बहुराष्ट्रीय कम्पनियां वैश्विक स्तर पर अपने नए निवेश के सम्बंध में निर्णय लेना चाह रही हैं ऐसे में जापानी बहुराष्ट्रीय कम्पनियों का झुकाव भारत की ओर स्पष्ट रूप से दिखाई देता है। पूर्व में भी, जापान ने यह निर्णय लिया था कि वह वर्ष 2015-2020 के बीच 3.5 लाख करोड़ येन का निवेश भारत में करेगा। इस लक्ष्य को हासिल कर लिया गया है। भारत में जापान का लगातार बढ़ रहा विदेशी निवेश भारत के लिए बहुत अच्छी खबर है। 3.5 लाख करोड़ येन की इतनी बड़ी राशि के निवेश के लक्ष्य को समय सीमा के अंदर हासिल करना जापान की भारत के प्रति गहरी आस्था को दर्शाता है। अब जापान ने यह घोषणा की है कि आगे आने वाले 5 वर्षों के दौरान जापान भारत में 5 लाख करोड़ येन का नया निवेश करेगा। इस समय भारत में लगभग 100 के आसपास जापान की बड़ी कम्पनियां पहले से ही कार्य कर रही हैं। इन कम्पनियों द्वारा भी भारत में अपने कार्य के विस्तार की योजना बनाई जा रही है। भारत द्वारा हाल ही में लागू की गई उत्पादन आधारित प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत भी जापान की कम्पनियों द्वारा बहुत बड़ी राशि का निवेश भारत में किया जा रहा है। क्लीन एनर्जी के क्षेत्र में भी जापान अपना निवेश भारत में बढ़ाने जा रहा है।

भारत और जापान के आपसी रिश्ते एक दूसरे पर गहरे विश्वास पर आधारित है। एक ओर जहां तकनीकी एवं नवोन्मेष के क्षेत्र में जापान ने भारत की बहुत मदद की है तो दूसरी ओर भारत ने जापान को सूचना तकनीकी (आईटी) के क्षेत्र में बहुत मदद की है। अभी हाल ही में जापान में एक सर्वे किया गया था जिसमें यह तथ्य उभरकर सामने आया है कि आगे आने वाले समय में भारत, जापान का सबसे बड़ा आर्थिक साझीदार बनने की ओर अग्रसर है।

चीन की विस्तरवादी नीतियों को देखते हुए वर्तमान समय में हिंद महासागर एवं प्रशांत महासागर क्षेत्र में जापान एवं भारत दोनों देशों के सामरिक सम्बंधों के बीच मजबूती आना आज की आवश्यकता बन गया है। अन्यथा चीन इस क्षेत्र में अपना दबदबा बढ़ाने में सफल हो जाएगा। आर्थिक क्षेत्र में भी चीन के साथ प्रतिस्पर्धा करने की दृष्टि से जापान और भारत मिलकर कार्य कर रहे हैं। भारत और जापान ने आपस में मिलकर बांग्लादेश में एक बड़े प्रोजेक्ट पर कार्य प्रारम्भ कर दिया है।




# जल शक्ति अभियान-- कैच-द-रेन 2022



**दैनिक जीवन व पृथ्वी पर जल के महत्व को रेखांकित करने जल अभियान का विस्तार करना सराहनीय कार्य**

**बारिश में जल संरक्षण अभियान 2022 को ऐतिहासिक बनाने, शासन प्रशासन सहित हर व्यक्ति की सक्रिय भागीदारी ज़रूरी - एड किशन भावनानी**

गोंदिया - प्रकृति ने मानव को जल संसाधनों का वरदान दिया है। दशकों पूर्व एक ज़माना था जब चारों ओर जंगल, झाड़, नदियां, तालाब, नहरों से भरपूर गांव शहरों में हमें पानी लबालब मिल जाता था किसी प्रकार का कोई संकोच नहीं था। न ही पानी की कोई कमी!!! आज भी हमारे बड़े बुजुर्गों की जुबानी हम सुनते हैं कि हर स्थान पर आसानी के के साथ पानी मिल जाता था जिसे बाल्टियों से कुवों से रस्सी के सहारे पानी निकालकर घर के मटको में भरकर रखते थे!!!

परंतु वर्तमान परिपेक्ष में आधुनिकता, बढ़ती औद्योगिक अर्थव्यवस्था, बढ़ते शहरीकरण, पाश्चात्य सोच, और नए ज़माने की जीवन शैली की सोच के साथ ही हमने प्रकृति से वह जुड़ाव को दिया है!! हम खुद को प्रकृति से अलग महसूस करते हैं!! जिसने हमें बनाए बनाए रखा है। हम प्रकृति के अनमोल जल संसाधनों का अप्रबंधन, वनों की कटाई, तेजी से गांव का शहरीकरण,आधुनिकता का प्रकोप जैसी आधुनिक शैली को अपनाकर आने वाली पीढ़ियों के लिए जीवन जीने में भारी संकट खड़ा करने की ओर बढ़ रहे हैं। जिसे रेखांकित कर हमें प्रकृति के इन संसाधनों को बचाना होगा

साथियों बात अगर हम प्रकृति के अनमोल संसाधनों में से एक जल की करें तो जल ही जीवन है। जल के बिना मानवीय जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती जो धीरे-धीरे विलुप्तता की ओर कदम बढ़ा रहा है जिसे रोकने हम सब मानवीय जिवों का परम कर्तव्य और जवाबदारी है ताकि हम आने वाली पीढ़ियों के सामने अपनी पीढ़ी को शर्मिंदा होने से बचा सके, क्योंकि वर्तमान समय में जल को तात्कालिक रूप से बढ़ाने के लिए जागृति नहीं हुए तो जल संकट एक भयानक रूप ले सकता है जिसके प्रकोप से हम वर्तमान पीढ़ी के भी चपेट में आने की संभावना है इसलिए जल का संरक्षण करने जल शक्ति अभियान-- कैच-रेन अभियान 2022 के अभियान को ऐतिहासिक बनाने बारिश में जल को संरक्षण करने शासन-प्रशासन सहित हर व्यक्ति की सक्रिय भागीदारी अत्यंत तात्कालिक जरूरी है क्योंकि दैनिक जीवन व पृथ्वी पर जल के महत्व को रेखांकित कर उसको बचाना मानवीय जीवों का परम मानव धर्म है जिसे हम सब को निभाना होगा।

साथियों बात अगर हम दिनांक 29 मार्च 2022 को माननीय राष्ट्रपति द्वारा एक कार्यक्रम में रखे विचारों की करें तो पीआईबी के अनुसार उन्होंने जल के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा, कि उन्हें %जल शक्ति अभियान-कैच द रेन 2022% की शुरुआत करते हुए बेहद प्रसन्नता हो रही है। उन्होंने सभी लोगों से अभियान के इस संस्करण के प्रमुख हस्तक्षेपों पर काम करने का अनुरोध किया। उन्होंने कहा कि जल संरक्षण के काम में हर एक व्यक्ति की सक्रिय भागीदारी के लिए स्थानीय जनता को प्रेरित करनेमें जिलाधिकारियों और ग्राम सरपंचों को एक महत्वपूर्ण भूमिका निभानी होगी। उन्होंने आगे सभी से यह संकल्प लेने का अनुरोध किया कि जिस तरह भारत में इतिहास का सबसे बड़ा टीकाकरण अभियान चलाया जा रहा है, उसी प्रकार हम सभी इस अभियान को इतिहास का सबसे बड़ा जल संरक्षण अभियान बनाएंगे।

उन्होंने कहा कि आज जल संकट एक अंतर्राष?ट्रीय संकट बन गया है और यह भयानक रूप ले सकता है। कुछ रक्षा विशेषज्ञों ने तो यहां तक कह दिया है कि भविष्य में यह अंतर्राष?ट्रीय संघर्ष का एक प्रमुख कारण बन सकता है। हम लोगों को मानवता को ऐसी स्थितियों से बचाने के लिए सतर्क रहना होगा। उन्होंने इस पर प्रसन्नता व्यक्त की कि भारत सरकार इस दिशा में प्रभावी कदम उठा रही है।

उन्होंने आगे कहा कि यह कहना बिल्कुल उचित है कि जल ही जीवन है। प्रकृति ने मानव को जल संसाधनों का वरदान दिया है। इसने हमें विशाल नदियां दी हैं, जिनके तट पर महान सभ्यताएं विकसित हुई हैं। भारतीय संस्कृति में नदियों का विशेष महत्व है और उन्हें माता के रूप में पूजा जाता है। हमारे पास नदियों की पूजा के लिए समर्पित स्थल हैं- उत्तराखंड में गंगा व यमुना के लिए, मध्य प्रदेश में नर्मदा के लिए और बंगाल में गंगा-सागर के लिए।

इस तरह के धार्मिक अभ्यासों ने हमें प्रकृति से जोड़े रखा है। तालाबों और कुओं के निर्माण को एक पुण्य कार्य माना जाता था, लेकिन दुर्भाग्य से आधुनिकता और औद्योगिक अर्थव्यवस्था के आगमन के साथ ही हमने प्रकृति से वह जुड़ाव खो दिया है। जनसंख्या में बढ़ोतरी भी इसका एक कारण है। हम खुद को प्रकृति से अलग महसूस करते हैं, जिसने हमें बनाए रखा है। हम अपना आभार व्यक्त करने और यमुना की पूजा करने के लिए यमुनोत्री की कठिन यात्रा करते हैं, लेकिन जब हम राजधानी दिल्ली लौटते हैं, तो हम पाते हैं कि वही नदी बेहद प्रदूषित हो गई है और अब यह हमारे शहरी जीवन में उपयोगी नहीं है।

उन्होंने आगे कहा कि शहर को पूरे साल जल देने वाले तालाब और झील जैसे जल स्रोत भी शहरीकरण के दबाव में लुप्त हो गए हैं। इसके चलते जल प्रबंधन अस्त-व्यस्त हो गया है। भूजल की मात्रा घट रही है और इसका स्तर भी नीचे जा रहा है। एक तरफ शहरों को सुदूर इलाकों से पानी लाना पड़ता है, तो दूसरी ओर मानसून में सड़कों पर जल भराव हो जाता है। उन्होंने कहा कि वैज्ञानिक और कार्यकर्ता भी पिछले कुछ दशकों से जल प्रबंधन के इस विरोधाभास को लेकर अपनी चिंता व्यक्त करते रहे हैं। भारत में यह समस्या और भी गंभीर हो जाती है, क्योंकि हमारे देश में विश्व की आबादी का लगभग 18 फीसदी हिस्सा है, जबकि हमारे पास केवल 4 फीसदी शुद्ध जल संसाधन हैं। जल की उपलब्धता अनिश्चित है और यह काफी सीमा तक वर्षा पर निर्भर करती है।

उन्होंने कहा कि सभी के लिए जल उपलब्ध करवाने और जल आंदोलन को जन आंदोलन बनाने के लिए भारत सरकार ने 2019 में जल शक्ति अभियान शुरू किया था।

साथ ही, उसी साल जल जीवन मिशन भी शुरू किया गया था। पिछले साल 22 मार्च को विश्व जल दिवस पर पीएम ने जल शक्ति अभियान-कैच द रेन अभियान को शुरू किया था, जिसे मानसून से पहले और मानसून अवधि के दौरान देश के ग्रामीण तथा शहरी क्षेत्रों के सभी जिलों में संचालित किया गया था।

## उथल-पुथल का शोर



आज पड़ोसी मुल्क में ।
उथल-पुथल का शोर ।।
अस्थिर सरकार ।
हैं बादल घनघोर ।।
है चर्चा चहुंओर ।
बड़ा होने वाला ।।
असमंजस में आज है ।
मुल्क का रखवाला ।।
मामला अशांत है ।
खबर रही तैर ।।
खुल कर आया सामने ।
किसका किससे बैर ।।
पतन का ये दौर ।
दुनिया रही निहार ।।
हर तरफ से शायद ।
होना तय प्रहार ।।

कृष्णेन्द्र राय

## शार्ट न्यूज

### सुल्तानपुर में हिस्ट्रीशीटर का शव नहर में मिला

अमेठी। उत्तर प्रदेश में अमेठी जिले के जामो क्षेत्र में बुधवार को शारदा नहर में एक हिस्ट्रीशीटर का शव उतराता मिलने से सनसनी फैल गयी। पुलिस सूत्रों ने बताया कि रेशी गांव के पास शारदा सहायक नहर खंड 49 में एक युवक को शव ग्रामीणों को दिखाई दिया। घटना की सूचना ग्रामीणों ने थाने पर दी। थाने की पुलिस मौके पर पहुंच कर शव को बाहर निकाला। मृतक के सिर पर कुल्हाड़ी के निशान मिले जिससे हत्या की आशंका बढ़ गई थी। पुलिस की जांच में उसकी पहचान हिस्ट्रीशीटर संदीप के रूप में हुई है। हिस्ट्रीशीटर संदीप सिंह मंगलवार से गायब था। पिता दयाशंकर सिंह ने हत्या की आशंका जाहिर करते हुए कोतवाली सुल्तानपुर में तहरीर दी थी। आरोप है कि कल शाम गौरीगंज बाजार निवासी उसका रिश्तेदार मुकेश कौशल अमिलिया कला-माल्हा गांव से अपनी कार पर बैठाकर संदीप को ले गया था। परिजनों के पूछने पर मुकेश कल रात 11 बजे ही गौरीगंज से अज्ञात कार पर संदीप को बैठाकर भेज देने बात कह रहा था। परिवार वालों को मामला संदिग्ध लगा तो आज कोतवाली नगर में तहरीर दी गई । पुलिस अधीक्षक अमेठी दिनेश सिंह ने बताया कि आज शाम एक अज्ञात शव मिला जिसकी पहचान सुलतानपुर जिले के संदीप सिंह के रूप हुई। शव को पोस्टमार्टम के लिये भेजा गया है।

### यूपी में आगामी सत्र से पहले चलेगा स्कूल चलो अभियान

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को उच्चस्तरीय बैठक में निर्देश किए अगले सत्र की शुरुआत से पहले स्कूल चलो अभियान चलाया जाए और अभियान को वृहद स्वरूप दिया जाए। उन्होंने निर्देश दिया कि विभागीय मंत्री से परामर्श कर विभाग इस संबंध में विस्तृत कार्य योजना तैयार करें और उसका क्रियान्वयन करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि एक भी बच्चा स्कूल से वंचित नहीं रहना चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि कोरोना के कारण विगत दो शैक्षिक सत्र प्रभावित रहे हैं। इसलिए भौतिक पठन-पाठन नहीं हो सका। इसको देखते हुए स्कूल जाने के लिए बच्चों और अभिभावकों को एक बार फिर जागरूक करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि व्यवस्था की पारदर्शिता और अभिभावक की सुविधा को देखते हुए बेसिक शिक्षा परिषद के विद्यालयों में बच्चों के ड्रेस आदि के लिए धनराशि सीधे अभिभावक के बैंक खाते में भेजे जाने की व्यवस्था की गई है। इसके सकारात्मक परिणाम देखने को मिले हैं। उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित किया जाए कि बच्चे निर्धारित ड्रेस में ही स्कूल आएं। गौरतलब है कि 2017 के पहले प्रदेश में बहुत से परिषदीय स्कूल बंद होने के कगार पर आ गए थे। बच्चों का स्कूलों से मोह भंग हो रहा था। इसको देखते हुए योगी सरकार ने स्कूल चलो अभियान को जनआंदोलन बनाया। इसका परिणाम यह हुआ कि पांच साल में बच्चों की संख्या लगभग 54 लाख बढ़ गई। योगी सरकार ने अपने पहले कार्यकाल में प्राथमिक स्कूलों की दशा सुधारने के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए। 1.33 लाख से अधिक स्कूलों में मूलभूत सुविधाओं को बढ़ाया गया। बच्चों के लिए स्मार्ट क्लास रूम, खेल का मैदान, लाइब्रेरी की व्यवस्था की गई। आपरेशन कायाकल्प के तहत स्कूलों का सौंदर्यीकरण, शुद्ध पेयजल, शौचालय, फर्नीचर आदि की व्यवस्था की जा रही है। ज्यादातर स्कूल इससे संतृप्त हो चुके हैं।

### बुलंदशहर में बलात्कार के तीन अभियुक्तों को 20 साल की जेल

बुलंदशहर। उत्तर प्रदेश में बुलंदशहर की एक अदालत ने सामूहिक बलात्कार के तीन अभियुक्तों को 20-20 साल की कैद और 20 हजार रूपये जुर्माने की सजा सुनायी है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह ने बताया कि सिकंदराबाद कोतवाली में वर्ष 2016 में रिपोर्ट दर्ज हुई थी कि हीरा कॉलोनी सिकंदराबाद के निवासी प्रशांत फरीदपर सिकंदराबाद निवासी विकास उर्फ विक्की और मनीष ने इलाके में रहने वाली एक युवती के साथ दुष्कर्म किया। रिपोर्ट दर्ज होने पर पुलिस ने युवती का डॉक्टरी परीक्षण कराया और नामजद तीनों अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। विवेचना के बाद आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल किया गया ।मुकदमे की अंतिम सुनवाई अपर जिला सत्र न्यायाधीश पोक्सो कक्ष संख्या दो के न्यायालय में हुई पुलिस ने प्रकरण को जिले में घटित जघन्य अपराध की श्रेणी में चिन्हित करते हुए न्यायालय में प्रभावी सशक्त पैरवी की एडीजे पोक्सो ने आज बुधवार को तीनों व्यक्तियों को दुष्कर्म का दोषी करार दिया और उनको 20-20 वर्ष की कैद प्रत्येक पर रु 20000 के जुर्माने की सजा सुनाई।

### शिवपाल समेत चार ने ली विधानसभा की सदस्यता की शपथ

लखनऊ। समाजवादी पार्टी (सपा) के चुनाव चिन्ह पर निर्वाचित प्रगतिशील समाजवादी पार्टी (प्रसपा) अध्यक्ष शिवपाल सिंह यादव समेत चार विधायकों ने बुधवार को विधानसभा की सदस्यता की शपथ ली। विधान सभा अध्यक्ष सतीश महाना ने विधानभवन में अपने कार्यालय कक्ष में नवनिर्वाचित विधायकों को शपथ दिलायी। श्री यादव के अलावा शपथ ग्रहण करने वालों में गोरखपुर जिले के कैम्पियरगंज से निर्वाचित फतेह बहादुर सिंह, कानपुर के गोविंदनगर से भाजपा विधायक सुरेन्द्र मैथानी, हरदोई क मल्लावां से आशीष कुमार सिंह 'आशू' ने विधान सभा की सदस्यता की शपथ ली। विधान सभा अध्यक्ष ने उन्हें संविधान, विधान सभा कार्य संचालन नियमावली भेंट की। इस अवसर पर श्री महाना ने कहा कि विधान सभा में एक जागरूक एवं सफल विधायक के रूप में कामयाब एवं यशस्वी हो। साथ ही सदन में होने वाले वाद-विवाद में हिस्सा लेकर अपने क्षेत्र की जनता के जनहित की समस्याओं के निराकरण में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाये। इसके पहले श्री महाना ने राजर्षि पुरूषोत्तम दास टण्डन हॉल में विधान सभा के सभी अधिकारियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि आधुनिकता के दौर में विधान सभा की कार्य प्रणाली को भी आधुनिकतम बनाये जाने की आवश्यकता है। उन्होंने सभी अधिकारियों से अपने कार्य को निष्ठा, गतिशीलता एवं समर्पण की भावना से संपन्न करने का आह्वान किया।

### दो बसें में अचानक लगी आग, एक जलकर ख़ाक

**ललितपुर।** उत्तरप्रदेश में ललितपुर के बस स्टैंड पर खड़ी दो निजी बसों में बुधवार को अचानक आग लग गयी और एक बस पूरी तरह से जलकर ख़ाक हो गयी। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि बस स्टैंड में मामा भांजा ट्रैवल्स की दो बसो में आज अचानक आग लग गयी ।आग इतनी भीषण थी कि कुछ ही समय में काले धुंए के गुब्बार आसमान में दिखायी देने लगे। दमकमविभाग को इसकी जानकारी दी गयी। जब तक दमकल की गाडियों ने आकर आग पर काबू पाया तब तक एक बस पूरी तरह से जल चुकी थी। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे उपजिलाधिकारी सन्तोष कुमार उपाध्याय ने बताया कि आग कैसे लगी इसकी जांच कराए जाएगी। बस मालिक अविनाश जैन ने बताया कि उनकी बसें बस स्टैंड पर डेढ़ महीने से खड़ीं थीं व उनकी बैटरी भी निकाल ली थी, उन्हें आशंका है कि किसी ने रंजिशन आग लगाई है।

### पुलिस विवेचना में वैज्ञानिक तथ्यों पर आधारित साक्ष्यों को बढ़ावा : अवस्थी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में गृह विभाग के अपर मुख्य सचिव अवनीश अवस्थी ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर अपराधियों को अधिकतम सजा दिलाये जाने के उद्देश्य से पुलिस की विवेचना में वैज्ञानिक तथ्यों पर आधारित साक्ष्यों को बढ़ावा दिया गया है। अवस्थी ने मंगलवार को बताया कि लखनऊ, आगरा, वाराणसी, गाजियाबाद, मुरादाबाद, प्रयागराज, झॉसी व गोरखपुर की विधि विज्ञान प्रयोगशालाओं द्वारा वर्ष 2020, 2021 एवं 2022 में फरवरी मास तक की गयी जॉचों की रिपोर्ट की गहन समीक्षा की गई है। उन्होंने प्रदेश में विधि विज्ञान प्रयोगशालाओं के क्रियाकलापों की समीक्षा कर इस दिशा मे और अधिक तेजी लाने के निर्देश दिये है। उन्होने कहा कि समीक्षा के अनुसार इन जिलों की विधि विज्ञान प्रयोगशालाओं में वर्ष 2020 में जहां 1891 जांच के मामलों का निस्तारण किया गया वही यह संख्या वर्ष 2021 में 2562 थी, जो कि 35 प्रतिशत अधिक है।

# शिवपाल के भाजपा में शामिल होने को अटकलें तेज



**इटावा ।** समाजवादी पार्टी (सपा) के चुनाव चिन्ह 'साइकिल' पर चुनाव लड़ कर विधानसभा पहुंचे प्रगतिशील समाजवादी पार्टी (प्रसपा) अध्यक्ष शिवपाल सिंह यादव का भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल होने को लेकर अटकलों का बाजार गर्म है। सूत्रों का दावा है कि शिवपाल जल्द ही सत्तारूढ़ दल का दामन थाम सकते हैं। शिवपाल की राज्यसभा के रास्ते भाजपा में इंट्री पर अटकलें 26 मार्च के बाद से लगातार चल रही है, जिसका खंडन शिवपाल और उनके समर्थकों की ओर से अब तक नहीं किया गया है। शिवपाल ने विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना के समक्ष विधायक के रूप मे शपथ ग्रहण कर ली है लेकिन सपा से अनबन के मुद्दे के अलावा भाजपा मे जाने को लेकर चल रही चर्चाओ पर कोई भी प्रतिक्रिया व्यक्त नहीं की है ।

अपने भतीजे एवं सपा प्रमुख अखिलेश यादव से नाराज दिखाई दे रहे शिवपाल 26 मार्च से इटावा दिल्ली घूम रहे है लेकिन साफ साफ कोई भी बात कहने को तैयार नही है जबकि हर कोई शिवपाल से उनके रुख को लेकर के उनका मत जानना और समझना चाहता है। हालांकि इटावा में शिवपाल ने अपने समर्थकों से मौजूदा हालात को देखते हुये अपने बारे में विचार जाने है कि उन्हे क्या करना चाहिये। समर्थकों ने शिवपाल से साफ साफ कह दिया है कि उनका हर निर्णय में समर्थक साथ होंगे।

दरअसल, उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव के नतीजे आने के बाद जब समाजवादी गठबंधन सत्ता से दूर हो गया तो शिवपाल ने भतीजे अखिलेश को लेकर के कई तरह के सवाल खड़ा करना शुरू कर दिया जिनमें ऐसा कहा गया कि समाजवादी संगठन सही ढंग से चुनाव में रणनीतिक भूमिका से नहीं उतरा जिसके नतीजे समाजवादी गठबंधन के पक्ष में नहीं आ सका। इस बीच 26 मार्च को लखनऊ में सपा विधायकों की बैठक आहूत की गई जिसमें शिवपाल को बुलाया नहीं गया। शिवपाल ने इस पर आपत्ति जतायी और कहा कि जब वह सपा के सिंबल पर चुनाव जीते है तो सपा की बैठक से उनको दूर क्यों रखा गया।

शिवपाल की आपत्ति के तुरंत बाद पार्टी की प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम ने कहा कि सपा के सहयोगी दलों की बैठक 28 मार्च को निर्धारित की गई है जिसमें शिवपाल को भी आमंत्रित किया गया है। शिवपाल के दिल्ली चले जाने के कारण बैठक को 29 मार्च को निर्धारित किया गया मगर उस पर भी शिवपाल नहीं आये और इटावा से भरथना में अपने एक समर्थक के यहां आयोजित भागवत समारोह में शामिल हुए। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि शिवपाल विधानसभा चुनाव से पहले ही योगी आदित्यनाथ की तारीफ कर रहे थे, साथ ही यह भी बोलते चल रहे थे कि सरकार किसी की भी आए वह हर हाल में सरकार का ही हिस्सा होंगे। उस समय शिवपाल सिंह यादव के बयानों का मतलब आसानी से नहीं लगाया जा पा रहा था लेकिन अब यह बात साफ होती हुई इसलिए दिखाई दे रही है जब समाजवादी गठबंधन सत्ता में नहीं आया है तो शिवपाल सिंह यादव एक बार फिर से भारतीय जनता पार्टी की ओर रुख करते हुए दिखाई दे रहे हैं।

### किले में होने वाले लाइट एंड साउंड शो का करे व्यापक प्रचार

**झांसी।** उत्तर प्रदेश के झांसी मंडलायुक्त डॉ अजय शंकर पांडेय ने कहा कि स्मार्ट सिटी के तहत चलाये जा रहे सभी प्रोजेक्ट जल्दी पूरे कराये जाएं और सभी वित्तीय रूप से सक्षम हो ताकि उनके संचालन में कोई बाधा न आये। यहां कमिश्नरी सभागार में मंडलायुक्त की अध्यक्षता के बुधवार को आयोजित स्मार्ट सिटी की बोर्ड बैठक में मण्डलायुक्त द्वारा लाइट एण्ड साउण्ड शो तथा फसाड लाइट संचालन का वृहद प्रचार प्रसार कराये जाने के निर्देश दिये। उन्होने कहा कि गतिमान एक्सप्रेस तथा शताब्दी जैसी ट्रेनों में आने वाले पर्यटकों की जानकारी हेतु पोस्टर इत्यादि के माध्यम से पर्यटकों को आकर्षित करने के सम्बन्ध में निर्देश दिये। इसके अतिरिक्त ओरछा, दतिया, ग्वालियर, आगरा, छतरपुर, खजुराहो में भी इन परियोजनाओं का प्रचार-प्रसार कराने के निर्देश दिये।

## योगी एक्शन में, अधिकारियों से कहा जिम्मेदारी टालने की प्रवृत्ति स्वीकार नहीं

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों से अपने दायित्व के प्रति सजग रहने की हिदायत देते हुये कहा कि लेटलतीफी अथवा एक दूसरे पर जिम्मेदारी टालने की प्रवृत्ति कतई स्वीकार नहीं की जायेगी।

प्रदेश मे लगातार दूसरी बार भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार की कमान संभालने के बाद श्री योगी ने बुधवार को उच्चाधिकारियों की एक बैठक में कहा कि समस्याओं के निस्तारण की जवाबदेही तय हो। लेटलतीफी अथवा एक-दूसरे पर जिम्मेदारी टालने की प्रवृत्ति स्वीकार नहीं की जाएगी।

कैबिनेट के समक्ष विभागीय प्रस्तुतियां सम्बंधित मंत्री द्वारा ही किया जाएगा जबकि अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव केवल मदद के लिये मौजूद रहेंगे।

उन्होने कहा कि प्रदेश के सभी विभागाध्यक्ष गण अपने अधीनस्थ कार्यालयों का औचक निरीक्षण करें। कार्यालयों में स्वच्छता, निस्तारित होने के लिए लंबित फाइल की स्थिति, जन शिकायतों के निस्तारण की स्थिति, कार्मिकों की उपस्थिति, समयबद्धता आदि की वस्तुस्थिति का परीक्षण किया जाए।

कोरोना के कारण प्रभावित शैक्षिक गतिविधियों पर चिंता जताते हुये मुख्यमंत्री ने कहा कि कोरोना के कारण विगत दो शैक्षिक सत्र प्रभावित रहे हैं। भौतिक पठन-पाठन नहीं हो सका। इसलिये आगामी सत्र की शुरुआत से पूर्व स्कूल चलो अभियान को वृहद स्वरूप दिया जाना आवश्यक है। विभागीय मंत्री के परामर्श से अभियान के संबंध में विस्तृत कार्ययोजना तैयार कर ली जाए। एक भी बच्चा स्कूल से वंचित न रहे।

# यूपी में फिर होगी ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी

एजेंसी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने औद्योगिक निवेश को बढ़ावा देने के लिए एक बार फिर बड़ी छलांग लगाने की तैयारी शुरू कर दी है। इसके तहत अगले सौ दिनों में एक भव्य ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी का आयोजन लखनऊ में किया जाएगा जिसमें उद्योग जगत के सभी प्रमुख औद्योगिक घरानों के मुखिया मौजूद रहेंगे। इस आयोजन के जरिए 10 लाख करोड़ रुपए के औद्योगिक निवेश को यूपी में लाने की कवायद शुरू होगी।

योगी सरकार के पहले कार्यकाल में शपथ ग्रहण के तीन दिन बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शासन के सभी प्रमुख सचिव और सचिवों के साथ बैठक करके यूपी में औद्योगिक निवेश को बढ़ावा देने पर चर्चा की थी। इस बैठक में मुख्यमंत्री ने नई औद्योगिक नीति बनाने के निर्देश देने के साथ ही 21 और 22 फरवरी 2018 को इन्वेस्टर्स समिट का आयोजन लखनऊ में करने का फैसला किया। इस इन्वेस्टर्स समिट के जरिए मुख्यमंत्री ने लखनऊ के साथ-साथ यूपी की तस्वीर देश में बदलने की कोशिश की जिसमें काफी हद तक सरकार सफल भी रही। अब फिर उसी तर्ज पर राज्य में भव्य ग्राउंड सेरेमनी का आयोजन करने की तैयारी है।

योगी सरकार के पहले कार्यकाल में यह पहला मौका था जब इतने बड़े पैमाने पर देश के जाने-माने उद्योगपतियों ने समिट में हिस्सा लिया। योगी सरकार को इस आयोजन में देश के नामी उद्योगपतियों ने हिस्सा लिया था और समिट के दौरान 4.65 लाख करोड़ रुपये के 1065 एमओयू साइन हुए थे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मौजूदगी में हुए इस आयोजन में पहली बार राज्य में बड़े पैमाने पर इंफ्रास्ट्रक्चर के क्षेत्र में एमओयू इस समिट में साइन हुए थे। इस समिट के दौरान यूपी में औद्योगिक निवेश को बढ़ावा देने के लिए पॉलिसी के जरिए सरकार ने पूरा रोडमैप तैयार किया था। तब हर जिले के पारंपरिक उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए योगी सरकार ने वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रॉडक्ट योजना को भी बढ़ावा दिया था।

इस इन्वेस्टर्स समिट के बाद सरकार ने 28 जुलाई को यूपी में औद्योगिक निवेश को बढ़ावा देने के लिए ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी का आयोजन किया गया। मुकेश अंबानी, गौतम अडानी, कुमार मंगलम बिड़ला जैसे बड़े नामी उद्योगपति इसमें शामिल हुये थे। इस ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी में 60 हजार करोड़ रुपये से अधिक के प्रस्ताव यूपी में स्थापित करने के समझौते हुए थे। आधिकारिक सूत्रों ने दावा किया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की पहल पर हुए इनवेस्टर समिट और ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी से बीते पांच यूपी में औद्योगिक निवेश की तस्वीर बदली है। ये दोनों आयोजन राज्य में औद्योगिक निवेश को लाने का एक्सप्रेसवे साबित हुआ। औद्योगिक विकास विभाग के अधिकारियों के अनुसार इंवेस्टर समिट में देश विदेश के बड़े निवेशकों ने 4.65 लाख करोड़ के 1045 निवेश प्रस्ताव सरकार को सौंपे थे।

जिसमें से 215 निवेशकों ने 51,240.25 करोड़ रुपए का निवेश कर अपने उद्यम स्थापित कर दिए हैं जबकि 130 निवेशक 37,478.63 करोड़ रुपए का निवेश कर अपना उद्यम स्थापित कर रहे हैं और 449 निवेशक 86,842.89 का निवेश कर अपना उद्यम स्थापित करने की कार्रवाई कर रहे हैं।

## किले की पहाड़ी के पास बन रहे पाथवे की बाउंड्री वॉल तोड़ी गयी : भानु

**झांसी।** उत्तर प्रदेश की झांसी में महारानी लक्ष्मीबाई के ऐतिहासिक किले की पहाड़ी को काटकर स्मार्ट सिटी के तहत बनाये जा रहे पाथवे को लेकर बुंदेलखंड मुक्ति मोर्चा (बुंनिमो) के जबरदस्त विरोध और इस मामले को लेकर जिले के सभी आलाअधिकारियों से किये गये पत्राचार के बाद पाथवे की एक ओर की बाउंड्री वॉल को तोड़ दिया गया है। बुंनिमो अध्यक्ष भानु सहाय ने बुधवार को इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि झांसी नगर निगम स्मार्ट सिटी परियोजना के तहत महारानी लक्ष्मी बाई के किले की पहाड़ी (नींव) को काट कर भारतीय पुरातत्व सर्वे के एक्ट का उल्लंघन करते हुए अवैध रूप से बनाये जाने वाले पाथ वे की एक ओर की बाउंडरी वॉल जो बीएचईएल द्वारा युद्ध की झांकी से खंडेराव गेट की दीवार की ओर बनायी गयी थी, उसकी एक दीवार को तोड़ दिया गया है। इतनी लंबी बाउंडरी वॉल क्यो तोड़ी गई यह कोई बताने को तैयार नही है।

श्री सहाय ने दावा किया कि इतनी लंबी बाउंड्री वॉल का तोड़ा जाना इस बात का सबूत है कि यह भारतीय पुरातत्व एक्ट का उल्लंघन करके बनायी जा रही थी। उन्होंने कहा कि आज इसके गिरने के साथ् ही हमने उपस्थित मजदूरों के साथ मिलकर खुशी मनायी और मिठाई बांटी। श्री सहाय ने कहा यह पहाड़ी इस ऐतिहासिक किले का आधार है और स्मार्ट सिटी के तहत इसे काटकर किये जा रहे निर्माण कार्य से कालांतर में किले का आधार ही धरकने की भी आशंका है। इन्हीं सब कारणों को देखते हुए मोर्चा ने पाथवे के निर्माण की जानकारी मिलते ही विरोध शुरू कर दिया और जिले के सभी आला अधिकारियों से इसे रोकने की अपील की ।बुंदेलखंड निर्माण मोर्चा अंतिम सांस तक किले की पहाड़ी को सुरक्षित रखने का अभियान जारी रखेगा। मोर्चा दो से तीन दिन इन्तज़ार करेगा कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इस मामले में प्राथमिकी दर्जा करवा दे वार्ना 156/3 के तहत न्यायालय की शरण मे जायेगे।

## बाबर अली मर्डर केस : राजेश्वर सिंह की पुलिस को नसीहत, हत्यारों को पट्टे से पीटे

एजेंसी

कुशीनगर। कुशीनगर में भारतीय जनता पार्टी के समर्थक बाबर अली की हत्या के बाद शोक संतप्त परिजनों को सांत्वना देने पर बुधवार को यूपी बीज विकास निगम के उपाध्यक्ष राजेश्वर सिंह पहुंचे। इसी बीच उन्होंने आरोपियों के शौचालय में सींग जैसी खूंटी देख भड़क गए। उन्होंने पुलिस से कहा कि आरोपियों को पट्टे से पीटकर ढंग से नसीहत दीजिए।

भाजपा की जीत के बाद मिठाई बांटने व खुशियां मनाने पर कटघरही निवासी बाबर अली को पिछले दिनों पट्टीदारों ने बुरी तरह से पीटा था। बाद में इलाज के दौरान उसकी अस्पताल में मौत हो गई। इस मामले में बाबर की पत्नी की तहरीर पर रामकोला पुलिस ने चार आरोपियों पर केस दर्ज कर सभी को गिरफ्तार कर लिया है। बुधवार को बाबर के घर राजेश्वर सिंह पहुंचे। इस दौरान उन्होंने रामकोला के कार्यवाहक थानेदार रामचंद्र यादव को फोन करके आरोपियों को ठीक करने की नसीहत दी।

इस बीच जब उन्होंने आरोपियों के शौचालय में पशु की सींग जैसी खूंटी देखी तो भड़क गए। उन्होंने कार्यवाहक एसओ को मौके पर बुलाया और उन्हें आरोपियों को पकड़कर पट्टा से मारने और इस मामले में भी केस दर्ज करने का निर्देश दिया। बाद में पुलिस शौचालय में लगे दोनों सींग उंखाड़ कर साथ ले गई। इस संबंध में रामकोला थाने के कार्यवाहक एसओ रामचंद्र यादव ने बताया कि सींग बरामद हुआ है। इसकी जांच कराई जाएगी। जो भी दोषी होगा, उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

### रामकोला विधायक ने भी दिया परिजनों को मदद का भरोसा

बुधवार को रामकोला विधायक विनय प्रकाश गोड़ भी मृतक बाबर के घर पहुंचे और परिजनों से मिल कर ढांढस बंधाया। कहा कि सरकार आप के साथ है। दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा। आप को सरकारी योजनाओं का पूर्ण रूप से लाभ मिलता रहेगा। उन्होंने मौके से एसडीएम से वार्तालाप

## झांसी जेल में व्यवस्थाओं का आला अधिकारियों ने किया निरीक्षण

एजेसी

**झांसी।** उत्तर प्रदेश की झांसी जिला जेल में बुधवार को आला अधिकारियों ने निरीक्षण कर महिला कैदियों से बात करने के साथ साथ विभिन्न व्यवस्थाओं का भी निरीक्षण किया।

जनपद न्यायाधीश ज्योत्सना शर्मा, जिलाधिकारी रविंद्र कुमार एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शिवहरी मीणा ने कारागार में निरूद्ध महिला कैदियों से बात की एवं उनका हालचाल जाना। जिलाधिकारी ने उनसे स्वास्थ्य के बारे में पूछा और बीमार होने पर डॉक्टर द्वारा ईलाज मिलने के सम्बन्ध में जानकारी ली गई। निरूद्ध महिला बंदियों द्वारा बताया गया कि बीमार होने पर डॉक्टर द्वारा उनका ईलाज किया जाता है। इस अवसर पर जनपद न्यायाधीश ने महिला बंदियों के बच्चों को गुब्बारे, चॉकलेट एवं स्नैक्स वितरित किये। निरीक्षण के दौरान वरिष्ठ कारागार अधीक्षक द्वारा कारागार में उगाई जाने वाली हरी सब्जियों के संबंध में जानकारी देते हुऐ बताया गया कि कारागार की लगभग एक किलोमीटर की परिधि में हरी सब्जियां उगाई जा रहीं हैं।

## यूपी: पेपर आउट की घटनाओं के बीच नकल माफिया की 1.15 करोड़ की सम्पत्ति कुर्क, गाजीपुर में पुलिस प्रशासन ने की कार्रवाई

गाजीपुर। यूपी में एक तरफ दसवीं का पर्चा आउट होने पर आरोप-प्रत्यारोप का दौर चल रहा है तो दूसरी तरफ गाजीपुर में बुधवार को प्रशासन ने शिक्षा माफिया के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है।

जिला प्रशासन ने सदर कोतवाली क्षेत्र के रघुनाथपुर छावनी लाइन निवासी शिक्षा माफिया महेंद्र कुशवाहा की 1.15 करोड़ की संपत्ति कुर्क कर दिया। फतेहउल्लाह पुर स्थित भूखंड पर जिला प्रशासन ने बाकायदा मुनादी के बीच संपत्ति कुर्क करने की कार्रवाई की है।



जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह के आदेश पर रविवार को सदर एसडीएम अनिरुद्ध प्रताप सिंह व सीओ ओजस्वी चावला ने नंदगंज थाना क्षेत्र के फतेउल्लाहपुर स्थित शिक्षा माफिया महेंद्र कुशवाहा की 0.4040 हेक्टेयर भूमि को कुर्ककिया इसका सरकारी कीमत लगभग 1.15 करोड़ आंकी गई।

सदर सीओ ओजस्वी चावला ने बताया कि शिक्षा माफिया महेंद्र कुशवाह के खिलाफ वर्ष 2016 में सदर कोतवाली में सामूहिक नकल कराने के संबंध में गैंगेस्टर एक्ट का मुकदमा दर्ज हुआ था। इसी मुकदमा में जिलाधिकारी के आदेश पर गैंगेस्टर एक्ट की धारा 14 (1) के अंतर्गत आज इस मुनादी के बीच भूमि को कुर्क करने की कार्रवाई की गई है।

# 2020 में प्रेमी की पुलिस हिरासत में हुई थी हत्या

## बुलंदशहर के दो एसआई समेत 11 पुलिसकर्मियों पर मुकदमा

बुलंदशहर। यूपी बुलंदशहर में 2020 में हुई हत्या के मामले में आरोपी 11 पुलिस कर्मियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज हो गया है। जिले के कोतवाली खुर्जा नगर क्षेत्र के गांव शहजादपुर कनैनी निवासी युवक की दो साल पहले पुलिस कस्टडी में हुई मौत के मामले में मृतक की मां की तहरीर पर पुलिस ने तत्कालीन थाना प्रभारी और दो एसआई सहित 11 लोगों के खिलाफ मुकदमा लिखाया गया है।



मामला कोतवाली खुर्जा नगर की जंक्शन रिपोर्टिंग चौकी क्षेत्र के गांव शहजादपुर कनैनी का है। यहां के रहने वाले सोनू उर्फ सोमदत्त पुत्र घुरमल प्रेम प्रसंग के चलते गांव निवासी युवती को लेकर 5 दिसंबर 2020 को गांव से कहीं चला गया था। युवती पक्ष की शिकायत के आधार पर पुलिस ने 9 दिसंबर को युवती और सोनू को गांव नैथला जिला बागपत से बरामद कर लिया। आरोप है कि 11 दिसंबर 2020 की रात शिकायतकर्ताओं ने तत्कालीन थाना प्रभारी और दो एसआई के साथ मिलकर सोनू की हत्या कर दी।

साथ ही पुलिस ने अपनी मौजूदगी में पोस्टमार्टम कराए बिना शव को गांव शहजादपुर कनैनी ले जाकर जला दिया। आरोप यह भी है कि जिसके बाद मृतक के परिजनों को पुलिस ने हिरासत में लेते हुए मनमाफिक तहरीर लिखकर उनसे अंगूठा लगवाकर मुकदमा दर्ज कराया गया। साथ ही उसी दिन हिरासत में ही उपजिलाधिकारी के समक्ष ब्यान दर्ज कराए गए। पुलिस की उक्त प्रक्रिया से परेशान होकर मृतक की मां सुरेश देवी ने इलाहाबाद हाइकोर्ट में याचिका दाखिल की। जिसमें न्यायलय ने एसीजेएम प्रथम द्वारा जांच में सोनू की पुलिस हिरासत में मौत होने की रिपोर्ट पर 25 मार्च 2022 को उत्तर प्रदेश के अतिरिक्त मुख्य सचिव से कार्रवाई का स्थिति जानी। जिसके बाद 29 मार्च 2022 को एसएसपी से मृतक सोनू की मां सुरेश देवी ने मामले में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की।

पुलिस ने तत्कालीन थाना प्रभारी, उप निरीक्षक बहादुर सिंह, उप निरीक्षक रामसेवक सहित गांव शहजादपुर कनैनी निवासी अनिल चौधरी, जगदीश चौधरी, विनित, मनीष उर्फ बैगन, राजीव, प्रद्युमन, सत्यप्रकाश और मुकेश के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

## रविकिशन के बडे भाई रमेश किशन का कैंसर से निधन

गोरखपुर। गोरखपुर के सांसद और भोजपुरी फिल्म अभिनेता रवि किशन शुक्ला के बड़े भाई रमेश किशन शुक्ला का इलाज के दौरान नई दिल्ली के एम्स अस्पताल में बुधवार को निधन हो गया। जौनपुर जिले में केराकत कोतवाली क्षेत्र के बिसुई बराई गांव के मूल निवासी सांसद रवि किशन के बड़े भाई 52 वर्षीय रमेश किशन शुक्ल कैंसर सहित कई गंभीर बीमारियों से ग्रसित थे। इनका इलाज एम्स में चल रहा था।

रवि किशन शुक्ला ने ट्वीट कर इसकी जानकारी साझा की। पिछले दिनों पिता के निधन के बाद भाई का निधन उन्हें बड़ा झटका है। रमेश किशन शुक्ला के शव का वाराणसी में गंगा घाट पर ही उनका अंतिम संस्कार होगा। रमेश किशन शुक्ला तीन भाइयों में दूसरे नम्बर पर थे। कुछ समय से वह बीपी, किडनी और कैंसर जैसी भयंकर बीमारियों से ग्रसित थे।

रविकिशन ने ट्वीट में लिखा- दुःखद समाचार.. !

आज मेरे बड़े भाई श्री रमेश शुक्ला जी का एम्स हॉस्पिटल दिल्ली में दुःखद निधन हो गया है। बहुत कोशिश किया पर बड़े भईया को नहीं बचा सका, पिता जी के बाद बड़े भाई का जाना पीड़ा दायक। महादेव आपको अपने श्री चरणों में स्थान प्रदान करें। कोटि कोटि नमन। ओम शांति।

## शार्ट न्यूज

### एमएसएमई क्षेत्र की नयी रैम्प योजना के लिए मंत्रिमंडल से 6000 करोड़ रुपए मंजूर

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय मंत्रिमंडल ने सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) का स्तर उठाने और उनके कामकाज को गति प्रदान करने की नयी योजना (रैम्प) के तहत 6,062.45 करोड़ रुपए का सहायता कार्यक्रम शुरू करने को मंजूरी दी है। यह कार्यक्रम के लिए कुछ मदद विश्व बैंक से ली जाएगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को यहां मंत्रिमंडल की बैठक में यह निर्णय किया गया। बैठक के बाद जारी एक बयान के मुताबिक वित्त वर्ष 2022-23 में शुरू होने वाली इस योजना के लिए कुल खर्च 6,062.45 करोड़ रुपए मंजूर किया गया है। इसमें से 3750 करोड़ रुपए विश्व बैंक से ऋण के रूप में प्राप्त होंगे। शेष 2312.45 करोड़ रुपए की व्यवस्थाा केंद्र सरकार करेगी। बयान के मुताबिक रैम्प योजना केंद्रीय क्षेत्र की एक योजना है। इससे इस क्षेत्र की इकाइयों को कोविड-19 महामारी और लॉकडाउन के झटकों से उबारने के लिए किए एमएसएमई मंत्रालय द्वारा किए गए उपायों को बल मिलेगा। इस कार्यक्रम का उद्देश्य बाजार एवं ऋणों तक एमएसएमई इकाइयों के लिए बाजार और कर्ज की सुविधा बेहतर करना, इस क्षेत्र के लिए केंद्र एवं राज्यों स्तर पर कार्यर संस्थानों को मजबूत करना और संचालन व्यवस्था सुधारना, केंद्र-राज्य साझेदारी को बेहतर करना, एमएसएमई इकाइयों को देर से होने वाले भुगतान और उनको अधिक पर्यावरण अनुकूल बनाना है। बयान के अनुसार राष्ट्रीय स्तर पर सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय का क्षमता निर्माण करने के अलावा रैम्प कार्यक्रम के तहत राज्यों में कार्यान्वयन क्षमता के साथ-साथ एमएसएमई पैमाने को बढ़ाने की कोशिश की जाएगी।

### रुपया 21 पैसे लुढ़का

मुंबई। आयातकों और बैंकरों की लिवाली के दबाव में आज अंतरबैंकिंग मुद्रा बाजार में पिछले दिवस की तेजी गंवाते हुए रुपया 21 पैसे लुढ़ककर 75.94 रुपये प्रति डॉलर पर आ गया। पिछले कारोबारी दिवस रुपया 43 पैसे उछलकर 75.73 रुपये प्रति डॉलर पर रहा था। शुरुआती कारोबार में रुपया आठ पैसे की बढ़त लेकर 75.65 रुपये प्रति डॉलर पर खुला। सत्र के दौरान बिकवाली से समर्थन पाकर 75.62 रुपये प्रति डॉलर के उच्चतम स्तर पर पहुंचा। लेकिन, लिवाली होने से यह 75.97 रुपये प्रति डॉलर के निचले स्तर तक लुढ़क गया। अंत में पिछले दिवस के 75.73 रुपये प्रति डॉलर के मुकाबले 21 पैसे गिरकर 75.94 रुपये प्रति डॉलर पर रहा।

### शक्कर में खरीदी, खाद्य तेलों में नरमी, दलहन सस्ते, दाल मजबूत, चावल में पूछपरख

**इंदौर।** सियागंज किराना बाजार में शक्कर में लिवाली रही। खाद्य तेलों में गिरावट हुई। आज सोयाबीन रिफाइंड सस्ता बिका। दलहन में नरमी की रंगत रही। वहीं तुअर सस्ती बिकी। दालों में ग्राहकी बताई गई। चावल में उठाव सुधार लिए रहा। शक्कर में उठाव रहा। आज शक्कर में कामकाज 3490 से 3540 रुपये के स्तर पर चला। शक्कर में 08 गाड़ी आवक हुई। नारियल में लिवाली रही इससे भाव मजबूत रहे। खोपरा गोला तथा हल्दी में उठाव सुस्त रहा। साबूदाना में लिवाली बताई गई। खाद्य तेल में गिरावट दर्ज की गई। आज सोयाबीन रिफाइंड सस्ता बिका। तिलहन में सोयाबीन में प्लान्टो की लिवाली रही। स्थानीय संयोगितागंज अनाज मंडी में आज दलहन नरमी लिए रहे। आज तुअर नीची बिकी। दालों में लिवाली से भाव ऊंचे बने रहे। चावल में खरीदी सुधार लिए रही।

### एनसीएलटी ने संताशा रियल एस्टेट के खिलाफ ऋण शोधन कार्यवाही का आदेश दिया

नयी दिल्ली। राष्ट्रीय कंपनी विधि न्यायाधिकरण (एनसीएलटी) ने जमीन-जायदाद के विकास से जुड़ी कंपनी संताशा रियल एस्टेट के खिलाफ ऋण शोधन कार्यवाही शुरू करने का आदेश दिया है। वाणी एडवरटाइजिंग की अर्जी पर यह आदेश आया है। कंपनी ने संताशा रियल एस्टेट को परिचालन से जुड़ा कर्ज (सेवाओं या माल आपूर्ति के रूप में) दे रखा है। उसने 40.77 लाख रुपये की चूक का दावा किया है। एनसीएलटी की दिल्ली की दो सदस्यीय पीठ ने याचिका स्वीकार करते हुए कंपनी के निदेशक मंडल को निलंबित कर दिया और अंतरिम समाधान पेशेवर नियुक्त किया है। वाणी एडवरटाइजिंग ने अपनी याचिका में दावा किया है कि उसका रियल एस्टेट कंपनी पर 40.77 करोड़ रुपये का बकाया है। यह बकाया विज्ञान सेवा से जुड़ा है। विज्ञापन कंपनी के अनुसार, उसने समय पर अपना काम पूरा किया। हालांकि, भुगतान समय पर नहीं किया गया।

### एफआईआई की शेयर हिस्सेदारी घटकर 19.9 प्रतिशत हुई, कुल मूल्य घटकर 582 अरब डॉलर पर

मुंबई। विदेशी कोषों ने घरेलू शेयर बाजार में वित्त वर्ष 2020-21 में 23 अरब डॉलर के रिकॉर्ड अतिरिक्त निवेश के बाद वित्त वर्ष 2021-22 में रिकॉर्ड बिकवाली की, जिससे एनएसई-500 में उनकी हिस्सेदारी घटकर 19.9 प्रतिशत या 582 अरब डॉलर रह गई। विदेशी कोषों की एनएसई-500 में अधिकतम हिस्सेदारी 21.4 प्रतिशत रही है। ब्रोकरेज फर्म बैंक ऑफ अमेरिका सिक्योरिटीज इंडिया की एक रिपोर्ट के मुताबिक, चालू वित्त वर्ष में इस सप्ताह की शुरुआत तक कुल एफपीआई बाह्य प्रवाह रिकॉर्ड 14.6 अरब डॉलर रहा। इसमें से सिर्फ मार्च में 5.4 अरब अमेरिकी डॉलर की निकासी हुई, जबकि फरवरी में 4.7 अरब डॉलर की निकासी देखी गई थी। ब्रोकरेज फर्म ने बताया कि 15 मार्च, 2022 तक एफपीआई हिस्सेदारी का मूल्य 582 अरब डॉलर था। यह निवेश मुख्य रूप से आईटी, ऊर्जा और स्वास्थ्य सेवा में रहा। इस दौरान वित्तीय क्षेत्र में किए गए निवेश में कमी हुई।

### सुरक्षा मामलों की कैबिनेट समिति ने 15 हल्के लड़ाकू हेलीकॉप्टर की खरीद को मंजूरी दी

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री के नेतृत्व वाली सुरक्षा मामलों की कैबिनेट समिति (सीसीएस) ने 3,887 करोड़ रुपये की लागत से स्वदेश में विकसित 15 हल्के लड़ाकू हेलीकॉप्टर (एलसीएच) की खरीद को बुधवार को मंजूरी दे दी। रक्षा मंत्रालय ने कहा कि 10 हेलीकॉप्टर भारतीय वायु सेना के लिए और पांच भारतीय सेना के लिए होंगे। मंत्रालय ने कहा, ''सीसीएस ने 3,887 करोड़ रुपये की लागत से 15 हल्के लड़ाकू हेलीकॉप्टर (एलसीएच) लिमिटेड सीरीज उत्पादन की खरीद के साथ-साथ 377 करोड़ रुपये के बुनियादी ढांचे की प्रणाली को मंजूरी दी है।'' लाइट कॉम्बैट हेलीकॉप्टर लिमिटेड सीरीज प्रोडक्शन (एलएसपी) स्वदेशी रूप से विकसित लड़ाकू हेलीकॉप्टर है जिसमें मूल्य के हिसाब से लगभग 45 प्रतिशत स्वदेशी सामग्री है जो उत्तरोत्तर बढ़कर 55 प्रतिशत से अधिक हो जाएगी। यह हेलीकॉप्टर अपेक्षित दक्षता, गतिशीलता, विस्तारित रेंज, ऊंचाई पर उड़ान के प्रदर्शन और सभी मौसमों में मुकाबला करने की क्षमता से लैस है। इनमें कॉम्बैट स्तर पर खोज और बचाव (सीएसएआर), दुश्मन की वायु रक्षा (डीईएडी) को तबाह करना और उग्रवाद रोधी (सीआई) संचालन शामिल हैं।

### सोने में 573 रुपये की तेजी, चांदी में 1,287 रुपये का उछाल

**नयी दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय बाजार में बहुमूल्य धातु की कीमतों में सुधार के बीच दिल्ली सर्राफा बाजार में बुधवार को सोना 573 रुपये की तेजी के साथ 51,470 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ। एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने यह जानकारी दी। इससे पिछले कारोबारी सत्र में सोना 50,897 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। चांदी की कीमत भी 1,287 रुपये के उछाल के साथ 67,257 रुपये प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई। पिछले कारोबारी सत्र में चांदी 65,970 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोना तेजी के साथ 1,921 डॉलर प्रति औंस हो गया, जबकि चांदी 24.79 डॉलर प्रति औंस पर लगभग अपरिवर्तित रही। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के शोध विश्लेषक तपन पटेल ने कहा, ''बुधवार को न्यूयॉर्क स्थित जिंस एक्सचेंज कॉमेक्स में सोने का हाजिर भाव मामूली तेजी के साथ 1,921 डॉलर प्रति औंस हो गया।

# शेयर बाजार में तीसरे दिन भी तेजी, सेंसेक्स-निफ्टी एक फीसदी तक चढ़े

**मुंबई।** वैश्विक बाजार के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर वित्त, इंडस्ट्रियल्स, आईटी, दूरसंचार, ऑटो, बैंकिंग और रियल्टी समेत बारह समूहों में हुई लिवाली की बदौलत शेयर बाजार आज लगातार तीसरे दिन भी बढ़त पर रहा।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 740.34 अंक की छलांग लगाकर 58683.99 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 172.95 अंक उछलकर 17498.25 अंक पर रहा। दिग्गज कंपनियों की तरह बीएसई की छोटी और मझौली कंपनियों में भी लिवाली का जोर रहा। इस दौरान मिडकैप 0.78 फीसदी बढ़कर 24,037.80 अंक और स्मॉलकैप 1.09 फीसदी चढ़कर 28,129.47 अंक पर रहा।

इस दौरान बीएसई में कुल 3509 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2121 में तेजी जबकि 1281 में गिरावट रही वहीं 107 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह एनएसई में 32 कंपनियां हरे जबकि 18 लाल निशान पर रही।

बीएसई में वित्त समूह में सबसे अधिक 1.71 प्रतिशत की तेजी जबकि धातु समूह में सबसे अधिक 2.89 प्रतिशत की गिरावट रही। इसके अलावा सीडीजीएस 1.06, एफएमसीजी 0.58, इंडस्ट्रियल्स 1.25, आईटी




1.15, दूरसंचार 1.09, ऑटो 1.20, बैंकिंग 1.36, कैपिटल गुड्स 1.14, टेक 0.97 और रियल्टी समूह के शेयर 1.49 फीसदी चढ़े।

वैश्विक बाजार में मिलाजुला रुख रहा। इस दौरान ब्रिटेन का एफटीएसई 0.10, हांगकांग का हैंगसैंग 1.39 और चीन का शंघाई कंपोजिट 1.96 प्रतिशत चढ़ा जबकि जर्मनी का डैक्स 1.35 और जापान का निक्केई 0.80 प्रतिशत लुढ़क गया। शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 419 अंक की मजबूती के साथ 58,362.85 अंक पर खुला लेकिन बिकवाली के दबाव में 58,176.00 अंक के निचले स्तर तक फिसल गया। लिवाली के बल पर यह लगातार बढ़ता हुआ कारोबार के अंतिम चरण में 58,727.78 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। अंत में पिछले दिवस के 57,943.65 अंक की तुलना में 1.28 फीसदी चढ़कर 58 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर के पार 58,683.99 अंक पर रहा। निफ्टी भी 143 अंक की तेजी लेकर 17,468.15 अंक पर खुला और सत्र के दौरान 17,387.20 अंक न्यूनतम जबकि 17,522.50 अंक के उच्चतम स्तर पर रहा। अंत में पिछले सत्र के 17,325.30 अंक के मुकाबले एक प्रतिशत की बढ़त लेकर 17,498.25 अंक पर रहा। इस दौरान 21 कंपनियों में लिवाली जबकि शेष नौ में बिकवाली हुई। बजाज फिनसर्व ने सबसे अधिक 3.82 प्रतिशत का मुनाफा कमाया जबकि आईटीसी ने सबसे अधिक 2.16 प्रतिशत का नुकसान उठाया। इनके अलावा बजाज फाइनेंस 3.09, एमएंडएम 2.81, पावरग्रिड 2.60, नेस्लेइंडिया 2.20, मारुति 2.18, एचडीएफसी 2.08, आईसीआईसीआई बैंक 2.07 और रिलायंस 1.94 प्रतिशत की तेजी पर रही।

## मंत्रिमंडल ने निर्माणाधीन मेगा पावर परियोजनाओं के लिए नीति में संशोधन को मंजूरी दी

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडल समिति ने कर अधिकारियों को अंतिम मेगा प्रमाणपत्र प्रस्तुत करने के उद्देश्य से दस अनंतिम मेगा प्रमाणित परियोजनाओं की पहचान के लिए समय सीमा को 36 महीने तक बढ़ाने की बुधवार को मंजूरी दे दी।



बैठक के बाद जारी एक सरकारी बयान के मुताबिक अंतिम मेगा प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करने के लिए समय अवधि का विस्तार करने से परियोजनाओं का विकास करने वाली कंपनियां भविष्य में बिजली खरीद समझौता (पीपीए) के लिए प्रतिस्पर्धात्मक बोली लगाने और नीति शर्तों के अनुसार कर छूट प्राप्त करने में सक्षम होंगी। इस फैसले से नकदी का प्रवाह बढ़ेगा और विभिन्न महत्वपूर्ण बिजली परियोजनाओं को फिर से चालू करना सुनिश्चित किया जा सकेगा।

बयान के मुताबिक ऐसी दस आर्थिक रूप से चालू या चालू अनंतिम मेगा परियोजनाओं की समय अवधि आयात की तारीख से 120 महीने के बजाय 156 महीने तक बढ़ा दी गई है जिन्हें कर अधिकारियों को अंतिम मेगा प्रमाणपत्र प्रस्तुत करने के लिए मंजूरी/आंशिक रूप से मंजूरी मिली हुई है।

इस विस्तारित अवधि के दौरान, नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय (एमएनआरई) और सोलर एनर्जी कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (एसईसीआई) के सहयोग से स्थिर ऊर्जा (अनियमित नवीकरणीय ऊर्जा, संचयन और परम्परागत ऊर्जा का मिश्रण) को आकर्षित किया जाएगा और पीपीए को सुरक्षित करने के लिए इन मेगा परियोजनाओं के ऐसी बोलियों में भाग लेने की उम्मीद है। विद्युत मंत्रालय इस अवधि में मौजूदा बिजली बाजारों के आधार पर एक विकल्प भी विकसित करेगा। साथ ही यह सुनिश्चित करेगा कि उपभोक्ताओं को प्रतिस्पर्धी तरीके से लाभ दिया जाए।

## संसदीय समिति ने स्पेक्ट्रम की ऊंची कीमत पर चिंता जताई

नयी दिल्ली। एक संसदीय समिति ने स्पेक्ट्रम की ऊंची कीमत पर चिंता जताते हुए बुधवार को सरकार से दूरसंचार परिचालकों द्वारा उठाए गए मुद्दों पर उचित ध्यान देने और 5जी सेवाओं को जल्दी शुरू करने को कहा।

लोकसभा सांसद शशि थरूर की अध्यक्षता में संचार और सूचना प्रौद्योगिकी पर स्थायी समिति ने अपनी रिपोर्ट में 5जी सेवाओं को लागू करने में देरी पर चिंता व्यक्त की। समिति ने कहा कि दुनिया के दूसरे देशों ने इस प्रौद्योगिकी को लागू करने में उल्लेखनीय प्रगति की है और ऐसे में देरी से देश 5जी के विभिन्न लाभों से वंचित रहेगा। समिति की रिपोर्ट में कहा गया, ''वक्त की मांग है कि भारत में कुछ विशिष्ट उपयोग के लिए 5जी सेवाओं को शुरू किया जाना चाहिए। हालांकि, समिति को इस दिशा में कोई प्रगति नहीं दिख रही है। इसलिए, समिति दोहराती है कि विभाग को 5जी से संबंधित अपनी सभी नीतियों की समीक्षा करने की जरूरत है, ताकि देश 5जी की दौड़ में पीछे न रह जाए।'' समिति ने पाया कि देश में 5जी स्पेक्ट्रम की कीमत दुनिया के अन्य देशों की तुलना में बहुत अधिक है और प्रति व्यक्ति और एआरपीयू जैसे कारकों को ध्यान में रखते हुए स्पेक्ट्रम मूल्य निर्धारण की समीक्षा करने की आवश्यकता है।

## वी-गार्ड ने पेश किया प्रीमियम सजावटी पंखा

नयी दिल्ली। अग्रणी उपभोक्ता इलेक्ट्रिकल एवं इलेक्ट्रानिक्स निर्माता वी-गार्ड इंडस्ट्रीज ने बुधवार को यहां अपना प्रीमियर नया डेकोरेटिव डस्ट रेपेलेंट आर्ट फैन 'रोमान्जा आर्ट' पेश किया।

इंडस्ट्री के निदेशक एवं मुख्य परिचालन अधिकारी वी रामचन्द्रन ने इस मौके पर कहा,आज के उपभोक्ताओं की आकांक्षाओं के अनुरूप हमने अपनी अत्याधुनिक विनिर्माण इकाई में पुष्पों की सुंदरता दर्शाने वाले इस बेहतर पंखे का निर्माण किया है। इसके अलावा हमने फैन को कई बेहतरीन फीचर्स के साथ तैयार किया है जो हमारे उपभोक्ताओं को एक ऐसे पंखे का साथ उपलब्ध कराता है, जो अपनी तरह का एक ही है।

उन्होंने बताया कि रोमान्जा आर्ट फैन का निर्माण उत्तराखंड के रुड़की में अत्याधुनिक वी-गार्ड इकाई में किया जाता है।

## सैमसंग के गैलेक्सी ए सीरीज़ के पांच नये स्मार्टफोंस लांच

लखनऊ। देश दुनिया में जाने माने स्मार्टफोन ब्रांड सैमसंग ने अपने पोर्टफोलियो में गैलेक्सी ए सीरीज के पांच नये माडल बाजार में उतारने की घोषणा की।

कंपनी का दावा है कि गैलेक्सी ए13/ए23/ए33 5जी/ए53 5जी/ए73 5जी के शामिल होने से गैलेक्सी ए सीरीज़ स्टाईलिश और टिकाऊ डिज़ाईन और फ्लैगशिप विशेषताओं के साथ और ज्यादा मजबूत हो गई है। गैलेक्सी ए73 5जी में ऑप्टिकल इमेज स्टेब्लाईज़ेशन (ओआईएस) के साथ फ्लैगशिप लेवल का 108 मेगापिक्सल कैमरा, वाटर एवं डस्ट रज़िस्टैंस के लिए आईपी67रेटिंग के साथ बेहतर ड्यूरेबिलिटी, शक्तिशाली स्नैपड्रैगन 778 5जी प्रोसेसर और 120 हर्ट्ज के रिफ्रेश रेट के साथ सुपर एमोलेड+ डिस्प्ले है।

गैलेक्सी ए73 5जी आने वाले दिनों में सैमसंग.कॉम, अग्रणी रिटेल स्टोर, और चुनिंदा ऑनलाईन पोर्टल पर प्रि-बुक किया जा सकेगा जबकि गैलेक्सी ए53 5जी, गैलेक्सी ए33 5जी, गैलेक्सी ए23 और गैलेक्सी ए13 चार ऑसम रंगों मे उपलब्ध होगा। गैलेक्सी ए53 5जी का मूल्य 6जीबी+128जीबी के लिए 34499 रुपये और 8जीबी+128जीबी वैरिएंट के लिए 35999 रुपये रखा गया है वहीं गैलेक्सी ए23 6जीबी+128जीबी के लिए 19499 रुपये और 8जीबी+128जीबी वैरिएंट के लिए 20999 रूपये में मिलेगा। गैलेक्सी ए13 का मूल्य 4जीबी+64जीबी के लिए 14999 रुपये, 4जीबी+128 जीबी के लिए 15999 रुपये और 6जीबी+64जीबी वैरिएंट के लिए 17499 रुपये है।

गुफरान आलम, सीनियर डायरेक्टर, मोबाइल बिजनेस, सैमसंग इंडिया ने कहा, गैलेक्सी ए सीरीज़ किफायती मूल्य में फ्लैगशिप जैसी विशेषताएं प्रस्तुत करके इसी विश्वास को प्रतिबिंबित करती है। हम जो पाँच नए मॉडल लॉन्च कर रहे हैं, वो उपभोक्ताओं को स्टाईल, पॉवर एवं उपयोगिता द्वारा प्रेरित करने के लिए तैयार किए गए हैं। गैलेक्सी ए73 5जी सेगमेंट के सर्वश्रेष्ठ 108 मेगापिक्सल के ओआईएस कैमरा, ऑब्जेक्ट ईरेज़र एवं एआई फोटो रिमास्टर, फ्लुड स्मूथ 120 हर्ट्ज सुपर एमोलेड+ डिस्प्ले एवं वाटर और डस्ट रज़िस्टैंस जैसी अनेक उपयोगी खूबियों के साथ अतुलनीय अनुभव प्रदान करता है।

## छठे दिन भी बढ़े ईंधन के दाम, दिल्ली में पेट्रोल-डीजल में 80-80 पैसों की वृद्धि

नयी दिल्ली। देश में तेल विपणन करने वाली कंपनियों ने बुधवार को लगातार छठे दिन पेट्रोल और डीजल के दाम बढ़ा दिये।

राजधानी दिल्ली में पेट्रोल-डीजल के दामों में 80-80 पैसों की बढ़ोतरी की गयी।

दिल्ली में पेट्रोल की कीमत 101.01 रुपये प्रति लीटर और डीजल के दाम 92.27 रुपये प्रति लीटर हो गए हैं। मंगलवार को पेट्रोल की कीमत 100.21 रुपये और डीजल 91.47 रुपये प्रति लीटर थी।

मुंबई में पेट्रोल के दाम 84 पैसे बढ़कर 115.88 रुपये प्रति लीटर और डीजल के दाम 85 पैसे की वृद्धि के साथ 100.10 रुपये प्रति लीटर हो गए हैं।

तेल कंपनियां बीते नौ दिनों में अब तक पेट्रोल-डीजल की कीमतें आठ बार बढ़ा चुकी हैं। पेट्रोल-डीजल की कीमतें 137 दिनों की स्थिरता के बाद बढ़नी शुरू हुई हैं।

रूस के यूक्रेन पर हमला करने के कारण वैश्विक स्तर पर तेल और प्राकृतिक गैस की आपूर्ति बाधित होने की आशंका में इनकी कीमतों में उछाल आया है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में लगातार कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढाव जारी है। लंदन ब्रेंट क्रूड आज 2.03 प्रतिशत चढ़कर 112.47 डालर प्रति बैरल पर और अमेरिकी क्रूड 2.36 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी के साथ 106.70 डालर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा है।

पेट्रोल-डीजल के मूल्यों की नित्य प्रतिदिन समीक्षा होती है और उसके आधार पर प्रतिदिन सुबह छह बजे से नयी कीमतें लागू की जाती हैं।

## अब कितना बड़ा बन जाएगा एक्सिस बैंक, सिटी बैंक कस्टमर्स के लिए ये बदलाव आएंगे सामने

एक्सिस बैंक, सिटी बैंक इंडिया के उपभोक्ता कारोबारों के अधिग्रहण के लिए सिटी बैंक को 12,325 करोड़ रुपये तक का भुगतान करेगा। इस सौदे पर मुहर के लिए दोनों बैकों को नियामकीय मंजूरियां लेनी होंगी। भारत में सिटी ग्रुप के कंज्यूमर बिजनस में क्रेडिट कार्ड्स, रिटेल बैंकिंग, होम लोन्स और वेल्थ मैनेजमेंट शामिल है।

एक्सिस बैंक , सिटी बैंक इंडिया के उपभोक्ता कारोबारों के अधिग्रहण के लिए सिटी बैंक को 12,325 करोड़ रुपये तक का भुगतान करेगा। इस सौदे पर मुहर के लिए दोनों बैकों को नियामकीय मंजूरियां लेनी होंगी। भारत में सिटी ग्रुप के कंज्यूमर बिजनस में क्रेडिट कार्ड्स, रिटेल बैंकिंग, होम लोन्स और वेल्थ मैनेजमेंट शामिल है।

**30 लाख ग्राहक होंगे अब एक्सिस बैंक का हिस्सा**

भारत में सिटी ग्रुप के कंज्यूमर बिजनस में क्रेडिट कार्ड्स, रिटेल बैंकिंग, होम लोन्स और वेल्थ मैनेजमेंट शामिल है। कंज्यूमर बैंकिंग बिजनेस एक्सिस बैंक की झोली में आने के बाद प्रमुख चिन्हित विकास क्षेत्रों में एक्सिस बैंक की उपस्थिति बढ़ाने के लिए सिटी बैंक इंडिया के 30 लाख ग्राहक, अब एक्सिस बैंक का हिस्सा होंगे। सिटीबैंक इंडिया की भारत में 35 शाखाएं हैं। अधिग्रहण के बाद एक्सिस बैंक को 18 शहरों में सिटी बैंक के 7 कार्यालयों, 21 शाखाओं और 499 एटीएम तक पहुंच प्राप्त होगी।

सिटी बैंक के भारत में बाकी परिचालन उसी के ही पास रहेंगे। सिटी बैंक के लगभग 3600 इन-स्कोप उपभोक्ता कर्मचारियों को एक्सिस बैंक में समाहित किया जाएगा।

## ऊर्जा के दाम बढ़ने से उपभोक्ताओं के कुल खर्च पर पड़ेगा असर : सर्वे

नयी दिल्ली। दुनिया के विभिन्न देशों के उपभोक्ताओं को लगता है कि ऊर्जा के दाम बढ़ने से उनके कुल खर्च पर असर पड़ेगा। एक वैश्विक सर्वे में बुधवार को यह कहा गया है।

विश्व आर्थिक मंच (डब्ल्यूईएफ)-इप्सॉस के सर्वे में यह बात भी सामने आयी है कि 10 में से औसतन आठ लोग चाहते हैं कि अगले पांच साल में उनका देश जीवाश्म ईंधन (कोयला, पेट्रोल, डीजल) छोड़े। वहीं भारत में औसतन करीब 90 प्रतिशत लोगों ने यह इच्छा जतायी।

तीस देशों के बीच यह सर्वे इस साल 18 फरवरी से चार मार्च के बीच किया गया। इसमें 22,534 प्रतिभागियों को शामिल किया गया।

सर्वे के अनुसार, ''दुनिया के बहुसंख्यक ग्राहकों को लगता है कि उनके खर्च की क्षमता ऊर्जा के दाम और बढ़ने से प्रभावित होगी। सर्वे में शामिल लोगों में से केवल 13 प्रतिशत ने बढ़ती कीमतों के लिये जलवायु नीतियों को जिम्मेदार ठहराया। वहीं 84 प्रतिशत प्रतिभागियों ने अपने देशों के सतत ऊर्जा स्रोतों की ओर कदम बढ़ाने के महत्व पर जोर दिया।''

इसमें लोगों से पूछा गया था कि वे अपने दैनिक खर्च में ऊर्जा पर गौर करें जिसमें परिवहन, घरों को गर्म या ठंडा रखने के उपाय, खाना पकाना, उपकरणों के लिये बिजली की जरूरत आदि शामिल हैं। इसके आधार पर आकलन करें कि ऊर्जा का दाम कितना बढ़ने से उनके कुल खर्च पर प्रतिकूल असर पड़ेगा।

तीस देशों में से करीब आधे से अधिक प्रतिभागियों (55 प्रतिशत) को लगता है कि ऊर्जा के दाम बढ़ने से उनके अन्य खर्चों पर प्रतिकूल असर पड़ेगा।

हालांकि, यह आशंका विभिन्न देशों में अलग-अलग हैं। जहां दक्षिण अफ्रीका में 77 प्रतिशत ने कहा कि ऊर्जा के दाम से उनके कुल खर्च पर असर पड़ेगा। वहीं जापान और तुर्की में 69 प्रतिशत लोगों ने यह राय जतायी। दूसरी तरफ, स्विट्जरलैंड और नीदरलैंड में 37-37 प्रतिशत लोगों का यह मानना है।

सर्वे के अनुसार, भारत में 63 प्रतिशत प्रतिभागियों ने कहा कि ऊर्जा के दाम में तेजी का उन पर प्रतिकूल असर होगा। लोगों ने ऊर्जा के दाम बढ़ने के लिये तेल एवं गैस बाजारों में उतार-चढ़ाव (28 प्रतिशत) और भू-राजनीतिक तनाव (25 प्रतिशत) को कारण बताया।

## इंडिया रेटिंग्स ने घटाया भारतीय आर्थिक वृद्धि दर का अनुमान

नयी दिल्ली। यूक्रेन संकट के कारण उत्पन्न समस्यायों के बीच क्रेडिट रेटिंग एजेंसी इंडिया रेटिंग्स ने अगले वित्त वर्ष में भारत की वृद्धि के अपने अनुमान को घटाकर 7.0-7.2 प्रतिशत कर दिया है। इससे पहले मंगलवार को रेटिंग इजेंसी इकरा ने भारत के जीडीपी वृद्धि के अनुमान को आठ से घटाकर 7.2 प्रतिशत कर दिया था।

इंडिया रेटिंग्स ने दो तरह की परिस्थितियों को सामने रखकर अलग-अलग अनुमान लगाए हैं।

इस एजेंसी की बुधवार को जारी रिपोर्ट में एक अनुमान तेल के दामों के तीन माह तक ऊंचा रहने और दूसरे में छह माह तक ऊंचा रहने की मान्यता के आधार पर है।

पहली मान्यता के अनुसार 2022-23 में आर्थिक वृद्धि 7.2 प्रतिशत रहने का अनुमान है जबकि दूसरी परिस्थिति में रेटिंग एजेंसी का अनुमान है कि देश की आर्थिक वृद्धि घटकर 7.0 प्रतिशत रह सकती है। एजेंसी की रिपोर्ट में कहा गया है कि इन दोनों परिस्थितियों में भारत की अर्थव्यवस्था का आकार दीर्घकालीन प्रवृति की संभावनाओं की तुलना में क्रमश: 10.6 प्रतिशत और 10.8 प्रतिशत कम रहेगा।

इंडिया रेटिंग के प्रधान अर्थशास्त्री और निदेशक (लोक वित्त) सुनील कुमार सिन्हा ने कहा कि निजी पूर्ण उपभोग व्यय (पीएफसीसी) के अनुसार वित्त वर्ष 2021-22 में उपभोग की मांग धीमी रही। यद्यपि वर्ष के दौरान त्योहारी सीजन में कुछ चुनिंदा टिकाऊ उपभोक्ता वस्तुओं की मांग में तेजी देखी गयी।

उन्होंने कहा, उन्होंने कहा कि भारतीय रिजर्व बैंक के उपभोक्ता आत्मविश्वास सर्वेक्षण के जनवरी 2022 के चक्र में वर्तमान स्थिति सूचकांक में हल्का सुधार दिखा, लेकिन अब भी यह निराशा के क्षेत्र में बना हुआ है। जनवरी 2022 में कोविड-19 के संक्रमण के फिर बढ़ने से प्रत्याशा सूचकांक में भी नरमी आयी।

इंडिया रेटिंग्स का अनुमान है कि वित्त वर्ष 2022-23 में पीएफसीई में पहले और दूसरे परिदृश्य में क्रमश: 8.1 प्रतिशत और 8.2 प्रतिशत की वृद्धि होगी जबकि पहले इसमें 9.4 प्रतिशत की वृद्धि का अनुमान लगाया गया था। एजेंसी का अनुमान है कि रूस-यूक्रेन युद्ध के कारण जिंसों के भाव में उछाल और वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला के बाधित होने से बड़ी कंपनियों के उत्साह पर असर पड़ेगा और वे पूंजी निवेश की योजनाओं को टाल सकती हैं।

## कल तक पैन को आधार से नहीं जोड़ने पर देना होगा 500 से 1,000 रुपये का जुर्माना

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड ने (सीबीडीटी) ने कहा है कि 31 मार्च, 2022 तक स्थायी खाता संख्या (पैन) को विशिष्ट पहचान संख्या (आधार) से नहीं जोड़ने वाले करदाताओं को 500 रुपये से लेकर 1,000 रुपये तक का जुर्माना भरना होगा।

पैन को बायोमीट्रिक आधार से जोड़ने की अंतिम तारीख 31 मार्च, 2022 है। इस समयसीमा का अनुपालन नहीं करने पर पैन निष्क्रिय हो जाएगा।

सीबीडीटी ने एक अधिसूचना में कहा कि आधार की देरी से सूचना देने पर 500 रुपये का विलंब शुल्क लगेगा। यह जुर्माना शुल्क अगले तीन माह यानी 30 जून, 2022 तक के लिए होगा। उसके बाद करदाताओं को 1,000 रुपये का जुर्माना चुकाना होगा। वहीं पैन को आधार से न जोड़ने की स्थिति में 31 मार्च, 2022 से पैन निष्क्रिय हो जाएगा।

सीबीडीटी की 29 मार्च को जारी अधिसूचना में कहा गया है कि जुर्माने के भुगतान के बाद यह फिर चालू हो जाएगा।

एकेएम ग्लोबल के कर भागीदार अमित माहेश्वरी ने कहा कि सरकार ने पैन को आधार से जोड़ने की समयसीमा को कई बार बढ़ाने के बाद आखिरकार अब जुर्माना राशि की सूचना जारी की है। एक अप्रैल से पहले तीन माह के लिए जुर्माना राशि 500 रुपये और उसके बाद 1,000 रुपये होगी।

किसी भी विफलता के कारण पैन निष्क्रिय हो सकता है इसलिए करदाताओं को यह सलाह दी जाती है कि वे अपने आयकर पोर्टल की जांच करें और यह सुनिश्चित करें कि उनके आधार और पैन जुड़े हुए हैं। माहेश्वरी ने कहा, ''प्रवासी भारतीयों (एनआरआई) की कुछ चिंताएं हो सकती हैं क्योंकि कुछ मामलों में उनके पास आधार नहीं है।

नांगिया एंडरसन एलएलपी के भागीदार नीरज अग्रवाल ने कहा, ''आयकर रिटर्न दाखिल करने जैसे आयकर से संबंधित कार्यों को पूरा करने के लिए अब आधार संख्या को पैन से जोड़ना अनिवार्य है।''

पैन का उपयोग बैंक खाता खोलने, अचल सम्पत्ति की खरीद या पहचान के प्रमाण के रूप में किया जाता है।

## शार्ट न्यूज

### मिस्र को हराकर सेनेगल 2022 फीफा विश्व में

डकार (सेनेगल)। पश्चिमी अफ्रीकी देश सेनेगल ने मंगलवार को क्वालीफायर मुकाबले में मिस्र को पेनल्टी शूटआउट में 3-1 से हरा कर इतिहास में तीसरी और लगातार दूसरी बार फीफा विश्व कप के लिए क्वालीफाई कर लिया। पहला हाफ 1-0 से हारने के बाद सेनेगल ने बोउले दीया के एक गोल की बदौलत दूसरा हाफ 1-0 से जीता और फिर दोनों टीमों के निर्णायक गोल करने में असमर्थ होने के कारण मैच पेनल्टी शूटआउट में चला गया, जहां सेनेगल ने 3-1 से जीत हासिल की। उल्लेखनीय है कि सेनेगल ने फरवरी 2022 में भी मिस्र को पेनल्टी शूटआउट में हरा कर पहला अफ्रीका कप ऑफ नेशन्स खिताब जीता था।

### इंग्लैंड के खिलाफ एफआईएच प्रो लीग मैचों के लिए 22 सदस्यीय भारतीय टीम घोषित

**नयी दिल्ली।** इंग्लैंड के खिलाफ आगामी दो और तीन अप्रैल को भुवनेश्वर के कलिंग हॉकी स्टेडियम में खेले जाने वाले पुरुष एफआईएच प्रो लीग मैचों के लिए बुधवार को 22 सदस्यीय भारतीय हॉकी टीम की घोषणा की गई। टीम की कप्तानी अमित रोहिदास और उप कप्तानी हरमनप्रीत सिंह करेंगे। मुख्य कोच ग्राहम रीड ने टीम के बारे में कहा, यह देखना काफी रोमांचक रहा है कि कैसे कुछ युवा खिलाड़ी प्रो लीग में खेलने के मौके का फायदा उठा रहे हैं और काफी प्रतिभा दिखा रहे हैं। हमारे लिए इन विकल्पों का होना अच्छा है। हम विभिन्न संयोजनों को आजमाने के लिए इस प्लेटफॉर्म का इस्तेमाल कर रहे हैं। इंग्लैंड के पास एक प्रतिभाशाली टीम है और इसमें कोई शक नहीं कि इस सप्ताहांत में होने वाले प्रो लीग मैच काफी रोमांचक होंगे। उल्लेखनीय है कि भारतीय टीम एफआईएच हॉकी प्रो लीग के इस सीजन में अब तक आठ मैच खेल चुकी है। टीम फिलहाल पूल टेबल में जर्मनी के बाद दूसरे स्थान पर है, जिसके 17 अंक हैं, जबकि भारत के 16 अंक हैं। भारतीय टीम ने दक्षिण अफ्रीका को घर पर दो बार 10-2, 10-2 से हराया, जबकि फ्रांस के खिलाफ उसने एक मैच जीता और एक मैच हारा। वहीं स्पेन के खिलाफ भी भारत एक मैच जीता और एक हार गया। भारतीय टीम हाल ही में अर्जेंटीना के खिलाफ से एक मैच में हार गई थी, जबकि एक मैच में 4-3 से रोमांचक जीत हासिल की थी।

### अश्विन टेस्ट रैंकिंग में दूसरे स्थान पर

दुबई। भारतीय अनुभवी ऑलराउंडर रविचंद्रन अश्विन आईसीसी की बुधवार को जारी ताजा टेस्ट ऑलराउंडर रैंकिंग में दूसरे स्थान पर पहुंच गए हैं। श्रीलंका के खिलाफ हाल ही में संपन्न दो मैचों की टेस्ट सीरीज में शानदार ऑलराउंड प्रदर्शन की बदौलत अश्विन एक स्थान के फायदे से 341 रेटिंग अंकों के साथ दूसरे नंबर पर पहुंच गए हैं। वहीं उनके हमवतन रवींद्र जडेजा बेहतरीन ऑलराउंड प्रदर्शन के चलते 385 रेटिंग अंकों के साथ शीर्ष पर बरकरार हैं। वेस्ट इंडीज के जेसन होल्डर हालांकि एक पायदान नीचे खिसक कर तीसरे नंबर पर आ गए हैं। बल्लेबाजी रैंकिंग में भारतीय कप्तान रोहित शर्मा और पूर्व कप्तान विराट कोहली क्रमश- आठवें और दसवें स्थान पर खिसक गए हैं, जबकि ऋषभ पंत टॉप 10 से बाहर होकर 11वें पायदान पर आ गए हैं। गेंदबाजों की सूची में अश्विन और भारतीय अनुभवी तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह शानदार गेंदबाजी की बदौलत क्रमश- दूसरे और चौथे स्थान पर पहुंच गए हैं, जबकि ऑस्ट्रेलिया टेस्ट कप्तान पैट कमिंस शीर्ष पर बरकरार हैं।

### ओसाका मियामी ओपन के सेमीफाइनल में

मियामी। पूर्व विश्व नंबर एक टेनिस खिलाड़ी जापान की नाओमी ओसाका बुधवार को यहां क्वार्टरफाइनल मुकाबले में जीत के बाद 2022 मियामी ओपन टेनिस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में पहुंच गईं। ओसाका ने क्वार्टरफाइनल मैच में अमेरिका की डेनियल कोलिंस को सीधे सेटों में 6-2, 6-1 से हराया। वह अब 2020 के बाद पहली बार 2022 मियामी ओपन के फाइनल में जगह बनाने के लिए सेमीफाइनल में मौजूदा ओलंपिक चैंपियन स्विट्जरलैंड की बेलिंडा बेनकिक से भिड़ेंगी। इस जीत के साथ ओसाका टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में पहुंचने वाली दूसरी जापानी महिला टेनिस खिलाड़ी बनी हैं। इससे पहले किमिको दाते क्रुम ने 1993 और 1995 में 2022 मियामी ओपन के फाइनल में प्रवेश किया था। अपने आखिरी 10 क्वार्टरफाइनल मैचों में उनकी यह नौंवी जीत है और उनके पास बेनकिक के खिलाफ सेमीफाइनल में रिकॉर्ड बनाने का मौका है, जो अब तक टूर्नामेंट में अपराजित रही हैं।

### हमें कुछ क्षेत्रों में सुधार की ज़रूरत : विलियम्सन

पुणे। सनराइजर्स हैदराबाद के कप्तान केन विलियम्सन ने राजस्थान रॉयल्स से मंगलवार को आईपीएल मुकाबले में 61 रन से हार के बाद कहा कि हमें कुछ क्षेत्रों में सुधार की ज़रूरत है। हमारे गेंदबाज़ों ने नो बॉल किए, जो कि हैरानी भरे थे क्योंकि अमूमन वे काफ़ी अनुशासित होते हैं। विलियम्सन ने मैच के बाद कहा, हमने गेंदबाज़ी में अच्छी शुरुआत की थी। उन्हें शुरुआत में स्विंग और मदद मिल रही थी। लेकिन आगे चलकर रास्ता कठिन होता गया। पिच अच्छी थी, इसलिए उन्हें रोकना और मुश्किल था। हमारे गेंदबाज़ों ने नो बॉल किए, जो कि हैरानी भरे थे क्योंकि अमूमन वे काफ़ी अनुशासित होते हैं। अगर आपको विकेट मिलता है और वह गेंद नो बॉल हो जाता है, तो यह और भी निराशाजनक होता है। हालांकि इस पर आपका नियंत्रण भी नहीं हो सकता। कप्तान ने तेज गेंदबाज उमरान मालिक की तारीफ़ करते हुए कहा, उमरान मलिक एक बेहतरीन युवा प्रतिभा है, जिनके पास काफ़ी तेज़ी है। वह लगातार अच्छे और अच्छे होते जाएंगे। अगले मैच से पहले हमारे पास कुछ समय है और हम एक युवा टीम होते हुए अपने में काफ़ी सुधार करना चाहेंगे। ख़ासकर हमें बल्लेबाज़ी में सुधार की ज़रूरत होगी।

### मनिका-अर्चना डब्ल्यूटीटी स्टार कंटेंडर के सेमीफाइनल में हारीं

दोहा। मनिका बत्रा और अर्चना कामथ की भारतीय महिला युगल जोड़ी की यहां बुधवार को महिला युगल सेमीफाइनल में हार के साथ डब्ल्यूटीटी स्टार कंटेंडर टेबल टेनिस टूर्नामेंट में भारत का अभियान समाप्त हो गया। छठी वरीयता प्राप्त भारतीय जोड़ी को सेमीफाइनल में ली यू-झुन और चेंग आई-चिंग की चीनी ताइपे जोड़ी से 3-0 (11-8, 11-6, 11-7) से हार का सामना करना पड़ा। भारत के शीर्ष रैंक खिलाड़ी मनिका और जी सत्यन क्रमश- महिला और पुरुष एकल के राउंड ऑफ 16 में भी हार गए। वहीं मिश्रित युगल में भी मनिका और सत्यन का अभियान पहले दौर में हार के साथ समाप्त हुआ। अनुभवी खिलाड़ी शरत कमल को भी एकल और पुरुष युगल मैचों में पहले दौर में हार का सामना करना पड़ा। युगल स्पर्धा में मानव ठक्कर उनके जोड़ीदार रहे।

### एक अप्रैल को निकला जाएगा फीफा विश्व कप का ड्रा

मुंबई। फीफा विश्व कप फुटबॉल टूर्नामेंट क़तर 2022 का बहु प्रतीक्षित फ़ाइनल ड्रा एक अप्रैल को क़तर में दोहा एक्जीबिशन और कन्वेंशन सेंटर में निकाला जाएगा। इस ड्रा का सीधा प्रसारण हिस्ट्री टीवी 18 एचडी और वूट पर रात साढ़े नौ बजे से देखा जा सकता है। फीफा प्रतियोगिता प्रोटोकॉल के लिए आयोजन समिति के अनुसार 28 क्वालीफाइड टीमों को पॉट एक से चार तक 31 मार्च 2022 की विश्व रैंकिंग के आधार पर डाला जाएगा। मेजबान होने के नाते क़तर पॉट एक में ए वन की जगह लेगा जहां उसके साथ विश्व रैंकिंग की सात सर्वाधिक टीमें जुड़ेंगी। क्वालीफाइड टीमों में रैंकिंग के आधार पर 8-15 के स्थान की टीमों को पॉट दो में जगह मिलेगी। 16 से 23 रैंकिंग की क्वालीफाई टीमों को पॉट तीन में रखा जाएगा जबकि पॉट चार में 24 से 28 रैंकिंग की टीमें रहेंगी और उनके साथ इंटर-कॉन्टिनेंटल प्ले ऑफ के दो विजेता और यूएफा प्लेऑफ का विजेता रहेगा। विश्व कप 21 नवम्बर 2022 से शुरू होगा और 18 दिसंबर को फ़ाइनल के साथ समाप्त होगा।

# अहमदाबाद में सीनियर नेशनल चैम्पियनशिप शुरू, 169 एथलीट्स करेंगे पदकों के लिए मुकाबला

**अहमदाबाद।** अहमदाबाद में बुधवार को एक भव्य समारोह के साथ अपनी तरह की पहली योगासन सीनियर नेशनल चैम्पियनशिप्स की शुरूआत हो गयी। देश भर से 169 योगासन एथलीट्स इस प्रतियोगिता में पदकों के लिए मुकाबला करेंगे। जून में योगासन को दुनिया के समक्ष भारत के हेरिटेज खेल के रूप में प्रस्तुत करने से ठीक पहले, योगासन चैम्पियनशिप की शुरूआत हुई है।

नेशनल योगासन स्पोर्ट्स फेडरेशन (एनवायएसएम) और गुजरात राज्य योगासन संगठन (जीवायएसए) द्वारा गुजरात सरकार के सहयोग से आयोजित योगासन सीनियर नेशनल चैम्पियनशिप, योगासन को भारत के हेरिटेज खेल के रूप में दुनिया भर में स्थापित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलबिध है, जो गुजरात में भी योगासन के नए दौर की शुरूआत करेगी।

योगासन सीनियर नेशनल चैम्पियनशिप का आयोजन 30 और 31 मार्च को अहमदाबाद में ट्रांसस्टेडिया द्वारा एका एरिना में किया जा रहा है। नेशनल सीनियर चैम्पियनशिप में प्रतिस्पर्धा करने वाले योगासन एथलीट्स छत्तीसगढ़, हरियाणा, कर्नाटक, महाराष्ट्र, गुजरात, राजस्थान और तमिलनाडु सहित 14 राज्यों का प्रतिनिधित्व करेंगे। वे 5 विभिन्न फोर्मेट्स और शैलियों में प्रतिस्पर्धा करेंगे।

नेशनल योगासन स्पोर्ट्स फेडरेशन के अध्यक्ष उदित सेठ ने कहा, %%गुजरात को उद्यमियों की भूमि के रूप में जाना जाता है, राज्य ने क्रिकेट, टेनिस, टेबल टेनिस आदि खेलों में भी अपने लिए खास जगह बनाई है। गुजरात अन्य खेलों को बढ़ावा देने के लिए भी प्रयासरत है। राज्य सरकार के सहयोग से अपनी तरह की पहली योगासन सीनियर नेशनल चैम्पियशिप का आयोजन इस बात की पुष्टि करता है कि राज्य विश्वस्तर पर योगासान को खेल के रूप में बढ़ावा देने के लिए तत्पर है। हमें विश्वास है कि यह



चैम्पियनशिप और भविष्य में अन्य प्रतियोगिताएं योगासन की लोकप्रियता को प्रतिस्पर्धी खेल के रूप में स्थापित करेंगी।

उदित सेठ ने कहा, हम सभी जानते हैं कि योगासन स्वास्थ्य के लिए बेहद फायदेमंद है। आने वाले कुछ सालों में यह खेल कई बिलियन डॉलर के उद्योग का रूप ले सकता है तथा देश के जीडीपी में उल्लेखनीय योगदान देगा। नेशनल योगासन स्पोर्ट्स फेडरेशन ने अगले 5 सालों में 600 ज़िलों में एथलीट आधार विकसित करने और 1000 करोड़ से अधिक का ब्राण्ड मूल्य बनाने का लक्ष्य तय किया है।

डॉ जयदीप आर्या, महासचिव, एनवायएसएफ ने कहा, टेनिस एवं फुटबॉल की स्पोर्ट्स लीग तथा हमारी अपनी क्रिकेट लीग लाखों बिलियन डॉलर की लीग है और यही कारण है कि दुनिया भर में लाखों लोग इन खेलों को देखते और खेलते हैं। हम योगासन को भी इसी स्तर तक लाना चाहते हैं। हम इस खेल को बढ़ावा देने के लिए बुनियादी सुविधाओं के विकास पर ध्यान केन्द्रित कर रहे हैं। हम योगासन खेल को ज़िला, राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर लाने के लिए कार्यरत हैं, ताकि महत्वाकांक्षी एथलीट्स को अपनी प्रतिभा दर्शाने का मौका मिले।

एक निश्चित स्तर तक पहुंचने के बाद, हम योगासन को भारत की सीमाओं के दायरे से बाहर भी लेकर जाएंगे। हमें विश्वास है कि योगासन दुनिया में क्रान्तिकारी बदलाव लाएगा और आज नहीं तो कल यह ओलम्पिक में शामिल हो जाएगा।

योगासन सीनियर नेशनल चैम्पियनशिप्स की योजना आधुनिक तकनीकों के साथ आधुनिक खेल प्रतियोगिताओं के अनुसार तैयार की गई है। विशेष रूप से डिज़ाइन किए गए सॉफ्टवेयर का उपयोग स्कोर रिकॉर्ड करने तथा निष्पक्ष एवं पारदर्शी निर्णय निर्धारण के लिए किया जाएगा।

योगासन को बढ़ावा देने के लिए, इसे केन्द्र सरकार द्वारा प्रतिस्पर्धी खेल घोषित किया गया है और अब यह खेलो इंडिया पहल का हिस्सा है। यह वर्तमान में चल रहे खेल महाकुम्भ में भी शामिल है, गुजरात सरकार द्वारा राज्य में खेलों को प्रोत्साहित करने के लिए इस सालाना खेल महोत्सव का आयोजन किया जाता है।

नवम्बर 2021 में, एनवायएसएफ ने योगासन खेल के लिए दुनिया की पहली व्यापक नियम पुस्तिका जारी की।

ओलम्पिक कोड ऑफ पॉइन्ट्स का अध्ययन एवं विश्लेषण किया गया, जिसमें 300 से अधिक योगासनों को दर्शाया गया है।

एनवाईएसएफ (नेशनल योगासन स्पोर्ट्स फेडरेशन) का गठन समान विचारधारा वाले हितधारकों द्वारा किया गया है, जो योगासन के अभ्यास और विकास के माध्यम से फिटनेस, प्रतिस्पर्धा, कल्याण और विकास की एक मजबूत संस्कृति बनाने का इरादा रखते हैं।

# मैं दिल्ली की दिलेरी का कायल हूं : इरफ़ान

**मुंबई।** आईपीएल के तीन दिग्गजों को टाटा आईपीएल 2022 में अब तक किन टीमों ने सबसे अधिक प्रभावित किया है। आईपीएल 2022 में सभी टीमों ने अपना पहला लीग मैच खेल लिया है, क्रिकेट विशेषज्ञ इरफान पठान, सुरेश रैना और धवल कुलकर्णी ने तीन ऐसी टीमों का नाम लिया जिन्होंने उन्हें अपने प्रदर्शन से उन्हें प्रभावित किया है। आईपीएल में पांच फ्रेंचाइजी टीमों के साथ खेल चुके भारतीय टीम के पूर्व आलराउंडर इरफान पठान ने टाटा आईपीएल 2022 के आधिकारिक प्रसारणकर्ता-स्टार स्पोर्ट्स के शो- क्रिकेट लाइव में कहा, मैं दिल्ली की दिलेरी का कायल हूं। मुम्बई के खिलाफ वे जहां खड़े थे, मैच जिस सिचुएशन में था, वहां से वे मैच हार सकते थे लेकिन अक्षर पटेल ने शानदार बैटिंग की और मैच जिताया। अभी तो डेविड वार्नर आए नहीं है। अभी नोर्त्जे फिट नहीं हुए हैं। अगर ये दोनों आ जाते हैं तो यह टीम और तगड़ी लगेगी। भारतीय टीम के भरोसेमंद बल्लेबाज और आईपीएल में कप्तानी कर चुके सुरेश रैना ने शो में कहा, मुझे पंजाब ने बड़ा प्रभावित किया है। जिस तरह से वो खेले। नया कैप्टन, नई टीम, सारे प्लेयर्स ने अपना पूरा दमखम दिखाया। इन सबने मिलकर जिस तरह से 200 से अधिक का टारगेट चेस किया वह दर्शाता है कि उनका टीम काम्बीनेशन काफी अच्छा है और आने वाले समय में यह काफी काम करेगा।

# गत चैंपियन चेन्नई से टकराएंगे लखनऊ के सुपरजायंट्स

एजेंसी

मुंबई। लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) और चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के बीच गुरुवार को मुक़ाबला रोमांचक होने जा रहा है। एक तो ब्रेबोर्न स्टेडियम की पिच पर रन बरसते हैं, जबकि रिकॉर्ड कुछ ऐसा कहते हैं कि दोनों टीमों के बल्लेबाज़ों का इस मैच में चलना तो बनता है।

पिछले मैच में गुजरात टाइटंस के खिलाफ़ वह पहली गेंद पर ही आउट हो गए थे। आईपीएल का इतिहास बताता है कि दहाई का आंकड़ा पार नहीं करने के बाद हमेशा राहुल के बल्ले से बड़ी पारी निकलती है। 2019 में चार और एक रन पर आउट होने के बाद उन्होंने मुंबई इंडियंस के खिलाफ़ 59 गेंदों में नाबाद 71 रन, 2019 में ही दो रन पर आउट होने के बाद सीएसके के खिलाफ़ 36 गेंद में 71 रन, 2021 में



पांच रन पर आउट होने के बाद दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ़ 51 गेंद में 61 रन, 2021 में ही चार रन पर आउट होने के बाद मुंबई के खिलाफ़ 52 गेंद में नाबाद 60 रन बनाए थे। वैसे भी राहुल ने 2018 से आईपीएल में सबसे ज़्यादा 56 पारियों में 55.4 के औसत से 2548 रन बनाए हैं, जहां उनके नाम 23 अर्धशतक और दो शतक हैं।

अहम मैचअप्स की बात करें तो सीएसके के गेंदबाज़ ड्वेन ब्रावो, रवींद्र जडेजा और मोईन अली के सामने एलएसजी में शामिल बल्लेबाज़ों का बुरा हाल रहता है। इतिहास देखें तो केएल राहुल का ऐडम मिल्न, ड्वेन ब्रावो और मोइन अली के खिलाफ़ तो अच्छा रिकॉर्ड है, लेकिन वह रवींद्र जडेजा के खिलाफ़ रन बनाने के लिए जूझते हैं। क्विंटन डिकॉक का बल्ला ड्वेन ब्रावो और मोइन अली के सामने खामोश रहता है।

इन दोनों ने ही चार-चार बार उन्हें आउट किया है, जबकि इस दौरान उनका औसत भी 15 से नीचे आ जाता है। एविन लुईस की बात करें तो ड्वेन ब्रावो के सामने वह संघर्ष करते हैं, जहां वह तीन बार आउट हुए हैं और औसत भी 15 से नीचे रहा है। जबकि रवींद्र जाडेजा के खिलाफ़ उन्होंने 205 के स्ट्राइक रेट और 60 के औसत से रन बनाए हैं। दीपक हुड्डा और क्रुणाल पांडया भी ड्वेन ब्रावो और रवींद्र जाडेजा के सामने संघर्ष करते हैं।

ऋतुराज गायकवाड़ आईपीएल के शुरुआती कुछ मैचों में शांत रहते हैं, जहां उनका बल्ला चलता नहीं है, लेकिन बाक़ी के मैचों में वह ताबड़तोड़ रन बनाते हैं। इस बार भी केकेआर के खिलाफ़ पहले मैच में वह जल्दी आउट हो गए थे। 2020 आईपीएल में पहली तीन पारियों में 1.7 के औसत से पांच रन बनाए थे, लेकिन बाक़ी सीज़न में तीन मैचों में उन्होंने 199 रन ठोक दिए थे और तीनों में ही अर्धशतक। वहीं 2021 सीज़न के पहले तीन मैचों में उनके बल्ले से 6.7 के औसत से 20 रन ही निकले थे, लेकिन अगले 13 मैचों में उन्होंने 55.9 के औसत से 615 रन बना दिए, जहां पांच अर्धशतक शामिल थे।

आईपीएल में 2018 से देखा जाए तो सबसे ज़्यादा छक्के केएल राहुल ने ही लगाए हैं, उनके नाम 56 पारियों में 110 छक्के हैं। अंबाती रायुडू इस मामले में चौथे नंबर पर हैं, जिनके नाम 58 पारियों मं 71 छक्के हैं।

# इमरान सरकार के दो मंत्रियों ने दिया इस्तीफा

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार मंत्री सैयद अमीनुल हक और कानून एवं न्याय मंत्री डॉ फरोग नसीम ने बुधवार को नेशनल असेंबली में अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा से पहले ही इस्तीफा दे दिया।

उल्लेखनीय है कि दोनों मंत्री मुत्ताहिदा कौमी मूवमेंट पाकिस्तान (एमक्यूएम-पी) के सदस्य हैं, जिसने प्रधानमंत्री इमरान खान के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव में विपक्ष का समर्थन करने का एलान किया है। एमक्यूएम-पी की राब्ता कमेटी से





हरी झंडी मिलने के बाद उन्होंने श्री खान को अपना इस्तीफा दिया।

जियो न्यूज के अनुसार मंत्रियों का मानना था कि श्री खान के मंत्रिमंडल में रहते हुए इस तरह का फैसला लेना उचित नहीं है, इसलिये उन्होंने पहले संघीय मंत्रिमंडल से इस्तीफा देना उचित समझा।

जियो न्यूज ने बताया कि श्री नसीम पार्टी के विरुद्ध जाकर श्री खान का समर्थन कर सकते थे, लेकिन सांसद के रूप में उनका चयन एमक्यूएम-पी के कोटे से हुआ था, इसलिए उन्होंने पार्टी के फैसले का समर्थन किया।

श्री खान शाम साढ़े सात बजे राष्ट्र को संबोधित करेंगे।

इस बीच, सूचना एवं प्रसारण मंत्री चौधरी फवाद हुसेन ने ट्वीट किया, प्रधानमंत्री इमरान खान आखिरी गेंद तक लड़ने वाले खिलाड़ी हैं, इस्तीफा नहीं मिलेगा, मैदान लगेगा, दोस्त भी देखेंगे और दुश्मन भी।

### दक्षिण कोरिया में कोरोना के चार लाख से अधिक नये मामले

सोल। दक्षिण कोरिया में कोरोना वायरस (कोविड-19) महामारी के चार लाख 24 हजार 641 नए मामले आने के साथ ही देश में संक्रमितों की संख्या बढ़कर 12,774,956 हो गई है। स्वास्थ्य अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। कोरिया रोग नियंत्रण और रोकथाम एजेंसी (केडीसीए) के अनुसार यह दैनिक आंकड़ा इससे एक दिन पहले सामने आये 347,554 मामलों के मुकाबले अधिक है। उन्होंने बताया कि मंगलवार मध्यरात्रि तक दर्ज किए गए नए मामलों में से 81,824 सोल के लोगों के जबकि 117,029 ग्योंग्गी से और इंचियोन में 23,261 मामले सामने आए है। गैर-राजधानी क्षेत्रों में नए संक्रमणों की संख्या 202,495 है, जो कुल स्थानीय संक्रमण का 47.7 प्रतिशत है।

# अमेरिका ने अपने नागरिकों से की तुरंत यूक्रेन छोड़ने की अपील

वाशिंगटन। यूक्रेन में रह रहे अमेरिकी नागरिकों की पहचान कर रूसी सेना द्वारा उन्हें हिरासत में लिए जाने की रिपोर्ट सामने आने के बाद बुधवार को अमेरिका ने अपने नागरिकों से तुरंत यूक्रेन छोड़ने की अपील की है।

यूक्रेन स्थित अमेरिकी दूतावास के मुताबिक, यूक्रेन में रह रहे अमेरिकी नागरिकों को अपनी सुरक्षा का ध्यान रखते हुए तुरंत यहां से चले जाना चाहिए। इसके लिए वे वाणिज्यिक या यातायात के अन्य किसी निजी साधन का उपयोग कर सकते हैं।

इसके अलावा, यूक्रेन में जारी युद्ध, अपराध और नागरिक अशांति के मद्देनजर अमेरिकी नागरिकों से अधिक



सावधानी बरतने की भी अपील की गई है।

इन्हें कहा गया है, यूक्रेन में जारी युद्ध की स्थिति और यहां रूसी सरकार के सुरक्षा अधिकारियों द्वारा अमेरिकियों की पहचान किए जाने के कारण अमेरिकी नागरिकों को यूक्रेन की यात्रा करने से बचना चाहिए। यूक्रेन में अमेरिकी नागरिकों की पहचान कर उन्हें रूसी सेना द्वारा हिरासत में लिए जाने की खबरें लगातार सामने आ रही हैं, जब ये जमीन के रास्ते रूस के कब्जे वाले क्षेत्र या रूस या बेलारूस के माध्यम से देश छोड़ने की कोशिश कर रहे हैं।

डेली मेल की रिपोर्ट के मुताबिक, रूस की जेल में बंद मशहूर बास्केटबॉल खिलाड़ी ब्रिटर्नी ग्रिनर की रिहाई और उन्हें वापस लाये जाने के आह्वान के बीच अमेरिका की यह अपील सामने आयी है। उन पर अपने सामानों के साथ हैश ऑयल वाले वेप कार्ट्रिज रखने के आरोप थे।

ग्रिनर पर लगे आरोपों की जांच करते समय रूसी अधिकारियों ने उनकी हिरासत अवधि 19 मई तक बढ़ा दी है।

# कीव और चेर्निहाइव से रूसी सैनिकों की वापसी फर्जी : यूक्रेन

एजेंसी

**कीव।** यूक्रेन के सशस्त्र बलों के जनरल स्टाफ ने बुधवार को कहा कि कीव और चेर्निहाइव से रूसी सैनिकों की वापसी केवल 'व्यक्तिगत इकाइयों का रोटेशन' है और इसका उद्देश्य यूक्रेन के 'सैन्य नेतृत्व को गुमराह करना' है।

उन्होंने कहा, कुछ ऐसे संकेत मिले है कि रूसी दुश्मन पूर्व में अपने मुख्य प्रयासों की ओर ध्यान केंद्रित करने के लिए इकाइयों को फिर से संगठित कर रहा है। उन्होंने कहा कि इस समय तथाकथित 'सैनिकों की वापसी' शायद व्यक्तिगत इकाइयों का रोटेशन है और इसका उद्देश्य यूक्रेन के सशस्त्र बलों के सैन्य नेतृत्व को गुमराह कर कब्जा करने वालों के बारे में गलत धारणा पैदा करना है जो कीव शहर को घेरने की योजना से इनकार करते हैं।

बीबीसी ने बताया कि मंगलवार को रूसी उप रक्षा मंत्री अलेक्जेंडर फोमिन ने कहा कि रूस यूक्रेन की राजधानी कीव के आसपास अपनी सैन्य कार्रवाई में भारी कटौती करेगा क्योंकि दोनों पक्ष तुर्की में शांति वार्ता के लिए मिले है।

मॉस्को के मुख्य वार्ताकार व्लादिमीर मेडिंस्की सहित रूसी प्रतिनिधिमंडल के इस्तांबुल में यूक्रेन के साथ नवीनतम शांति वार्ता के दौर के बाद श्री फोमिन ने संवाददाताओं से कहा, कीव और चेर्निहाइव में सैन्य गतिविधि को मौलिक रूप से कम करने का फैसला लिया गया है। उन्होंने कहा कि यह फैसला 'भविष्य की वार्ता के लिए आपसी विश्वास बढ़ाने' के प्रयास के तहत लिया गया है जिससे कि यूक्रेन शांति समझौते पर हस्क्षतार करने के लिए सहमत हो सके।

### खैबर पख्तूनख्वा मुठभेड़ में दो सैनिकों की मौत, चार आतंकवादी ढेर

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के पश्चिमोत्तर प्रांत खैबर पख्तूनख्वा में हुए मुठभेड़ में दो सैनिकों की मौत हो गयी जबकि चार आतंकवादी मारे गए हैं। सेना की मीडिया इकाई इंटर-सर्विस पब्लिक रिलेशन्स (आईएसपीआर) ने बयान जारी कर बताया कि सेना और आतंकवादियों के बीच मंगलवार को दक्षिण वजीरिस्तान जिले के मकीं क्षेत्र में मुठभेड़ हुई। बयान में कहा गया कि इलाके में और भी आतंकवादियों के मौजूद होने की आशंका के मद्देनजर क्षेत्र को खाली कराया जा रहा है।

### पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान का देश के नाम संबोधन टला

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान का देश के नाम संबोधन आज शाम अंतिम क्षणों में टल गया। जिओ टीवी की एक रिपोर्ट के अनुसार पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ पार्टी (पीटीआई) में श्री खान के करीबी एवं सीनेटर फैसल जावेद खान ने ट्वीट करके यह जानकारी दी। उन्होंने ट्वीट में कहा, प्रधानमंत्री इमरान खान का देश के नाम संदेश आज टल गया है। इससे पूर्व देश के गृह मंत्री शेख रशीद ने घोषणा की थी कि प्रधानमंत्री श्री खान बुधवार को केन्द्रीय मंत्रिमंडल की एक आपात बैठक करने के बाद राष्ट्र को संबोधित करेंगे। श्री खान ने घोषणा की थी कि वह अपनी पार्टी के सहयोगी नेताओं एवं कुछ वरिष्ठ नेताओं के सामने लिखित सबूतों का खुलासा करेंगे जिनमें उनकी सरकार को गिराने की विदेशी साजिश का पर्दाफाश किया गया है। श्री खान ने आरोप लगाया है कि यह साजिश इसलिए रची गयी है क्योंकि उनके आलोचक उन्हें शांत करना चाहते हैं।

### ब्रिटेन ने यूक्रेनी शरणार्थियों के लिए 25 हजार से अधिक वीजा जारी किये

लंदन। ब्रिटेन सरकार ने बुधवार को यूक्रेन के शरणार्थियों को लाने के लिए 25,500 वीजा जारी किये जाने की घोषणा की। ब्रिटेन के गृह कार्यालय द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार सरकार की विभिन्न योजनाओं के तहत वीजा जारी किए गए हैं। उल्लेखनीय है कि प्रायोजन योजना के तहत 2,700 वीजा जारी किए गए, जिसके आधार पर ब्रिटेन में स्पांसर के साथ शरणार्थियों को प्रवेश की अनुमति दी जाएगी। गृह कार्यालय ने कहा कि प्रायोजन योजना के लिए 28,300 यूक्रेनियन ने आवेदन किया, जो कि अब आवेदन पत्रों की संख्या बढ़कर 59,500 हो गयी है। अनुमान है कि यूक्रेन से अब तक चालीस लाख से अधिक लोग पलायन कर चुके हैं, जिससे पश्चिमी सरकारों पर अधिक शरणार्थियों को रखने का दबाव पड़ रहा है।

### चीन पाकिस्तान का विश्वसनीय सहयोगी रहा है और रहेगा : कुरैशी

बीजिंग/इस्लामाबाद। पाकिस्तान के विदेश मंत्री शाह महमूद कुरैशी ने बुधवार को कहा कि चीन पाकिस्तान का विश्वसनीय सहयोगी रहा है और हमेशा रहेगा। श्री कुरैशी ने चीन के स्टेट काउंसलर एवं विदेश मंत्री वांग यी से आज मुलाकात के बाद यह बात कही। वह अफगानिस्तान के पड़ोसी देशों की विदेश मंत्रियों की तीसरे दौर की वार्ता में शामिल होने के लिए मंगलवार को यहां पहुंचे थे। पाकिस्तानी अखबार डॉन कि रिपोर्ट के मुताबिक श्री कुरैशी ने आज चीन के विदेश मंत्री के साथ आमने-सामने की वार्ता के बाद एक वीडियो संदेश में कहा कि चीन ने पाकिस्तान के क्षेत्रीय और सामरिक महत्व को मजबूत करने का वादा किया है। उन्होंने कहा, मुझे यह बताते हुए अति प्रसन्नता हो रही है कि चीन के विदेश मंत्री ने वाणिज्यिक ऋण को आगे बढ़ाने के मामले पर भी मंजूरी दे दी है। उन्होंने कहा कि 4.2 अरब डॉलर की ऑण को इस सप्ताह आगे बढ़ाने की मंजूरी दे दी, जो पाकिस्तान के लिए बड़ी आर्थिक सहायता है। इस संबंध में संबंधित अधिकारियों के द्वारा प्रक्रियात्म औपचारिकताएं पूरी की जा रही है। जल्द ही इस संबंध में घोषणाएं की जाएंगी। उन्होंने कहा कि चीन ने पाकिस्तान में डीजल की कमी की पूर्ति करने में भी मदद करने का आश्वासन दिया है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, प्रवीण कुमार सिंह द्वारा आला प्रिंटिंग प्रेस 3636 कटारा दिना बेग लाल कुआं... से मुद्रित एवं , ब्लाक नं 23 मकान नं 399 त्रिलोक पुरी दिल्ली -91 से प्रकाशित
संपादकः प्रवीण कुमार सिंह, आरएनआई नं. ·DELHIN/2011/38334, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, टेलीफोन नं.: 011-26700510/11 , ई-मेल : info@gauravshalibharat.com, समस्त विवादो का न्यायलय दिल्ली होगा

पुण्यतिथि 31 मार्च के अवसर पर ...

# संजीदा अभिनय से दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया मीना कुमारी ने

मुंबई। बॉलीवुड में मीना कुमारी को एक ऐसी अभिनेत्री के रूप में याद किया जायेगा, जिन्होंने संजीदा अभिनय से दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया।

एक अगस्त 1932 का दिन था।मुंबई में एक क्लीनिक के बाहर मास्टर अली बक्श नाम के एक शख्स बड़ी बेसब्री से अपनी तीसरी औलाद के जन्म का इंतजार कर रहे थे। दो बेटियों के जन्म लेने के बाद वह इस बात की दुआ कर रहे थे कि अल्लाह इस बार बेटे का मुंह दिखा दे। तभी अंदर से बेटी होने की खबर आयी तो वह माथा पकड़ कर बैठ गये । मास्टर अली बख्श ने तय किया कि वह बच्ची को घर नहीं ले जायेंगे और वह बच्ची को अनाथालय छोड़ आये लेकिन बाद में



उनकी पत्नी के आंसुओं ने बच्ची को अनाथालय से घर लाने के लिये उन्हें मजबूर कर दिया। बच्ची का चांद सा माथा देखकर उसकी मां ने उसका नाम रखा ..माहजबीं ..। बाद में यही माहजबीं फिल्म इंडस्ट्री में मीना कुमारी के नाम से मशहूर हुयी। वर्ष 1939 मे बतौर बाल कलाकार मीना कुमारी को विजय भट्ट की ..लेदरफेस.. मे काम करने का मौका मिला1 वर्ष 1952 मे मीना कुमारी को विजय भट्ट के निर्देशन मे ही बैजू बावरा मे काम करने का मौका मिला ।फिल्म की सफलता के बाद मीना कुमारी बतौर अभिनेत्री फिल्म इंडस्ट्री मे अपनी पहचान बनाने मे सफल हो गयी। वर्ष 1952 मे मीना कुमारी ने फिल्म निर्देशक कमाल अमरोही के साथ शादी कर ली। वर्ष 1962 मीना कुमारी के सिने कैरियर का अहम पड़ाव साबित हुआ । इस वर्ष उनकी आरती,मै चुप रहूंगी.और साहिब बीबी और गुलाम जैसी फिल्में प्रदर्शित हुयी ।इसके साथ हीं इन फिल्मों के लिये वह सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री के फिल्म फेयर पुरस्कार के लिये नामित की गयी ।यह फिल्म फेयर के इतिहास मे पहला ऐसा मौका था जहां एक अभिनेत्री को फिल्म फेयर के तीन नोमिनेशन मिले थे। वर्ष 1964 मे मीना कुमारी और कमाल अमरोही की विवाहित जिंदगी मे दरार आ गयी ।इसके बाद मीना कुमारी और कमाल अमरोही अलग अलग रहने लगे। कमाल अमरोही की फिल्म पाकीजा के निर्माण मे लगभग चौदह वर्ष ल ग गये ।कमाल अमरोही से अलग होने के बावजूद मीना कुमारी ने शूटिंग जारी रखी क्योंकि उनका मानना था कि पाकीजा जैसी फिल्मों मे काम करने का मौका बार बार नहीं मिल पाता है ।मीना कुमारी के करियर में उनकी जोड़ी अशोक कुमार के साथ काफी पसंद की गयी। मीना कुमारी को उनके बेहतरीन अभिनय के लिये चार बार फिल्म फेयर के सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री के पुरस्कार से नवाजा गया है ।इनमें बैजू बावरा,परिणीता,साहिब बीबी और गुलाम और काजल शामिल है। मीना कुमारी यदि अभिनेत्री नहीं होती तो शायर के रूप में अपनी पहचान बनाती ।हिंदी फिल्मों के जाने माने गीतकार और शायर गुलजार से एक बार मीना कुमारी ने कहा था ,ये जो एक्टिग मैं करती हूं उसमें एक कमी है,ये फन ,ये आर्ट मुझसे नही जन्मा है, ख्याल दूसरे का किरदार किसी का और निर्देशन किसी का। मेरे अंदर से जो जन्मा है .वह लिखती हूं जो मैं कहना चाहती हूं वह लिखती हूं। मीना कुमारी ने अपनी वसीयत में अपनी कविताएं छपवाने का जिम्मा गुलजार को दिया जिसे उन्होंने ..नाज..उपनाम से छपवाया। सदा तन्हा रहने वाली मीना कुमारी ने अपनी रचित एक गजल के जरिये अपनी जिंदगी का नजरिया पेश किया है.

**.. चांद तन्हा है आसमां तन्हा**
**दिल मिला है कहां कहां तन्हा**
**राह देखा करेगा सदियों तक**
**छोड़ जायेगें ये जहां तन्हा ..**

लगभग तीन दशक तक अपने संजीदा अभिनय से दर्शको के दिल पर राज करने वाली हिन्दी सिने जगत की महान अभिनेत्री मीना कुमारी 31 मार्च 1972 को सदा के लिये अलविदा कह गयी।

# अप्रैल में द लेडीकिलर की शूटिंग शुरू करेंगी भूमि पेडनेकर

मुंबई। बॉलीवुड की जानी-मानी अभिनेत्री भूमि पेडनेकर अपनी आने वाली फिल्म 'द लेडीकिलर' की शूटिंग अप्रैल में शुरू करेंगी।
भूमि पेडनेकर फिल्म 'द लेडीकिलर' की शूटिंग अप्रैल के पहले हफ्ते से शुरू कर देंगी। फिल्म में भूमि के साथ अर्जुन कपूर नजर आएंगे। यह पहला अवसर होगा जब दोनों एक-दूसरे के साथ स्क्रीन स्पेस साझा करते हुए दिखाई देंगे।
सस्पेंस ड्रामा से भरपूर इस फिल्म में निर्माता फैंस को एक छोटे शहर के प्लेबॉय की कहानी से रूबरू कराएंगे। इस फिल्म में अर्जुन कपूर एक छोटे शहर के प्ले ब्वॉय का किरदार निभाते हुए दिखाई देंगे। द लेडी किलर भूषण कुमार, कृष्ण कुमार और शैलेश आर सिंह द्वारा निर्मित है। इस सस्पेंस थ्रिलर फिल्म का निर्देशन अजय बहल कर रहे हैं। इस फिल्म का निर्माण कर्मा मीडिया एंड एंटरटेनमेंट के साथ मिलकर गुलशन कुमार और टी-सीरीज के बैनर तले किया जा रहा है।
'द लेडीकिलर' के अलावा, भूमि ,अनुभव सिन्हा की फिल्म 'भीड़', शशांक खेतान की 'गोविंदा आला रे', अक्षय कुमार-स्टारर रक्षा बंधन, सुधीर मिश्रा की अफवा और गौरी खान की भक्षक में नजर आयेंगी ।



# रणबीर कपूर के साथ एनिमल में काम करेंगी रश्मिका मंदाना



मुंबई। दक्षिण भारतीय अभिनेत्री रश्मिका मंदाना बॉलीवुड के रॉकस्टार रणबीर कपूर के साथ फिल्म एनिमल में नजर आयेंगी। अर्जुन रेड्डी और कबीर सिंह जैसी सुपरहिट फिल्म बना चुके निर्देशक संदीप रेड्डी वांगा अब फिल्म एनिमल बना रहे हैं। इस फिल्म में रणबीर कपूर की मुख्य भूमिका है। इस फिल्म में रणबीर कपूर के अपोजिट रश्मिका मंदाना नजर आयेंगी। दोनों पहली बार साथ में स्क्रीन पर नजर आएंगे। एनिमल में रणबीर और रश्मिका के अलावा अनिल कपूर और बॉबी देओल भी मुख्य भूमिकाओं में हैं। संदीप की फिल्म एनिमल में पहले परिणीति चोपड़ा रणबीर कपूर के ऑपोजिट नजर आने वाली थीं, लेकिन दूसरे प्रोजेक्ट और बिजी शेड्यूल के कारण परिणीति को यह फिल्म छोड़नी पड़ी। टी-सीरीज के हेड भूषण कुमार और संदीप रेड्डी वांगा का मानना है कि रश्मिका इस फिल्म में बिल्कुल फिट बैठती हैं। एनिमल में रश्मिका, रणबीर की पत्नी की भूमिका निभाती नजर आएंगी।

# अभिषेक बच्चन ने पूरा किया कैदियों से किया वादा, आगरा सेंट्रल जेल में दसवीं की पहली स्क्रीनिंग



मुंबई। अभिषेक बच्चन ने आगरा सेंट्रल जेल के कैदियों से 1 साल पहले जो वादा किया था उसे पूरा किया। दसवीं रिलीज से पहले वह अपनी पूरी टीम के साथ वहां पहुंचे और फिल्म की पहली स्क्रीनिंग की। अभिषेक बच्चन ने एक साल पुराना और अबका वीडियो अपने इंस्टाग्राम पर शेयर किया है। अभिषेक ने फिल्म का कुछ हिस्सा यहां शूट किया है। शूटिंग पूरी करके वक्त उन्होंने जो प्रॉमिस किया था उसे पूरा किया। अभिषेक बच्चन के साथ यामी गौतम और निम्रत कौर भी थीं। फिल्म 7 अप्रैल को रिलीज हो रही है। मूवी में अभिषेक बच्चन एक ऐसे पॉलिटीशियन के रोल में हैं जो जेल से दसवीं करना चाहता है।
अभिषेक बच्चन की फिल्म दसवीं चर्चा में है। इसकी पहली स्क्रीनिंग उन्होंने जेल में की है। अभिषेक ने अपने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो पोस्ट किया है। उन्होंने कैप्शन दिया है, एक वादा वादा होता है। बीती रात मैंने 1 साल पहले किया हुआ कमिटमेंट पूरा करने की कोशिश की। हमारी फिल्म दवीं की पहली स्क्रीनिंग आगरा सेंट्रल जेल के बंदियों और गार्ड्स के लिए हुई। हमने यहां फिल्म की शूटिंग की थी। उनकी प्रतिक्रियाएं ऐसी यादें हैं जिन्हें मैं जीवनभर संजोकर रखूंगा।

# गर्मियों में रोजाना करें छाछ का सेवन, सेहत को मिलेंगे कई दमदार फायदे

प्रिया मिश्रा

**इस मौसम में गर्मी दूर भगाने के लिए छाछ, जिसे मट्ठा भी करते हैं, से बेहतर और कुछ नहीं है। छाछ में विटामिन ए, बी, सी, ई और के होता है। इसका सेवन करने से शरीर में पोषक तत्वों की आपूर्ति होती है और कई बीमारियों से छुटकारा मिलता है।**



गर्मियों में शरीर को ठंडक देने के लिए हम ठंडी चीज़ों का सेवन करते हैं। इस मौसम में गर्मी दूर भगाने के लिए छाछ, जिसे मट्ठा भी करते हैं, से बेहतर और कुछ नहीं है। यह ना सिर्फ शरीर को ठंडक और स्फूर्ति देती है बल्कि ये हमारी सेहत के लिए भी बहुत फायदेमंद है। छाछ में विटामिन ए, बी, सी, ई और के होता है। इसका सेवन करने से शरीर में पोषक तत्वों की आपूर्ति होती है और कई बीमारियों से छुटकारा मिलता है।

गर्मी के दिनों में छाछ का सेवन भुने जीरे के साथ किया जाए तो पाचन अच्छे से होता है और साथ ही पेट की गर्मी व अन्य समस्याओं से छुटकारा पाया जा सकता है। यह तरलता बनाए रखने में भी मददगार है। छाछ में भरपूर मात्रा में प्रोटीन और कैल्शियम मौजूद होता है। इससे हड्डियां मजबूत बनती हैं औ ऑस्टियोपोरोसिस जैसी बीमारियां दूर हो सकती हैं। मोटापा ज्यादा होने पर छाछ को छौंककर सेंधा नमक मिलाकर पीने से बहुत फायदा होता है। उच्च रक्तचाप होने पर गिलोय का चूर्ण छाछ के साथ लेना चाहिए। वहीं सुबह-शाम मट्ठा या दही की पतली लस्सी पीने से स्मरण शक्ति तेज होती है।

बार-बार हिचकी आने की समस्या हो, तो छाछ में एक चम्मच सौंठ डालकर सेवन करना फ़ायदेमंद होगा। ऊल्टी आने या जी मचलाने पर छाछ में जायफल घिसकर इसके मिश्रण को पीने से फायदा मिलता है।

अगर आप अत्यधिक तनाव से गुजर रहे हैं, तो नियमित छाछ का सेवन आपके लिए बेहद फायदेमंद होगा। शरीर के साथ-साथ दिमाग की गर्मी को कम करने में भी छाछ का सेवन लाभप्रद है।

# इस आसानी रेसिपी से बस 20 मिनट में घर पर बनाएं रेस्टोरेंट जैसे दही के कबाब

प्रिया मिश्रा

**दही के कबाब को दही, पनीर और मसालों के साथ तैयार किया जाता है। ये इतने सॉफ्ट होते हैं कि मुंह में जाते ही घुल जाते हैं। लेकिन अगर आप सोच रहे हैं कि दही के कबाब खान के लिए आपको बाहर जाना पड़ेगा तो ऐसा बिल्कुल नहीं है।आप घर पर भी आसानी से दही के कबाब बना सकते हैं।**



आपने रेस्टोरेंट में या शादी पार्टी में दही के कबाब जरूर खाए होंगे। इन्हें दही, पनीर और मसालों के साथ तैयार किया जाता है। ये इतने सॉफ्ट होते हैं कि मुंह में जाते ही घुल जाते हैं। लेकिन अगर आप सोच रहे हैं कि दही के कबाब खान के लिए आपको बाहर जाना पड़ेगा तो ऐसा बिल्कुल नहीं है। आप घर पर भी आसानी से दही के कबाब बना सकते हैं। आज के इस लेख में हम आपको दही के कबाब बनाने की आसान रेसिपी बताने जा रहे हैं-

### दही के कबाब बनाने की सामग्री

2 कप गाढ़ा दही (हंग कर्ड)
1 कप पनीर (टुकड़ों में कटा हुआ)
आधा छोटा प्याज (बारीक कटा हुआ)
1 इंच अदरक (बारीक कटी हुई)
1 हरी मिर्च (बारीक कटी हुई)
2 चम्मच धनिया पत्ती (बारीक कटी हुई)
2 चम्मच ड्राई फ्रूट्स (काजू, बादाम कटा हुआ)
चम्मच पिसी काली मिर्च
द कप ब्रेड क्रम्ब्स
2 चम्मच कॉर्न फ्लोर
स्वादअनुसार नमक
तलने के लिए तेल

### दही के कबाब बनाने की विधि

दही के कबाब बनाने के लिए एक बाउल में हंग कर्ड लें। अब इसमें भुना हुआ बेसन, प्याज, अदरक, काली मिर्च, हरी मिर्च और हरा धनिया डालें। इसमें पनीर के टुकड़े और कटे हुए ड्राई फ्रूट्स डालकर अच्छी तरह डालें। आप इसमें अतिरिक्त नमी हटाने के लिए ब्रेड क्रम्बस डालें। अब हाथ में थोड़ा सा कॉर्न फ्लोर लें और थोड़ा मिश्रण हाथों में लेकर गोलाकार टिक्की बनाएं।
ऐसे ही सारे मिश्रण से टिक्कियां तैयार कर लें। अब इन टिक्कियों को गर्म तेल में दोनों तरफ सेगोल्डन ब्राउन तक फ्राई करें।
आपके दही के कबाब तैयार हैं। इसे सर्विंग प्लेट में डालकर पुदीने की चटनी और केचप के साथ सर्व करें।

# 2 जीबी तक की फाइल को भी व्हाट्सएप पर भेज सकेंगे, जल्द ही आने वाला नया फीचर

अनिमेष शर्मा

**WABetainfo , एक वेबसाइट जो व्हाट्सएप से संबंधित अपग्रेड को आम जनता के लिए जारी करने से पहले ट्रैक करती है, अर्जेंटीना में एंड्रॉइड के लिए व्हाट्सएप और आईओएस के लिए व्हाट्सएप के कुछ बीटा उपयोगकर्ता अब 2त्नक्कतक की मीडिया फ़ाइलों को स्थानांतरित करने में सक्षम हैं।**

व्हाट्सएप स्पष्ट रूप से एक ऐसी सुविधा विकसित कर रहा है जो उपयोगकर्ताओं को 2 जीबी तक की मीडिया फ़ाइलों को बीटा उपयोगकर्ताओं के चुनिंदा समूह में साझा करने की अनुमति देता है। एक सूत्र के मुताबिक, व्हाट्सएप के आईओएस और एंड्रॉइड दोनों वर्जन पर बड़ी मीडिया फाइल को ट्रांसफर करने की क्षमता का परीक्षण किया जा रहा है। उपयोगकर्ता वर्तमान में केवल 100 एमबी आकार तक की फ़ाइलें भेज सकते हैं। एंड्रॉइड बीटा उपयोगकर्ताओं के लिए व्हाट्सएप को वॉयस मैसेज रिकॉर्डिंग को रोकने और फिर से शुरू करने की क्षमता दिए जाने के कुछ दिनों बाद ही यह घोषणा हुई।

WABetainfo, एक वेबसाइट जो व्हाट्सएप से संबंधित अपग्रेड को आम जनता के लिए जारी करने से पहले ट्रैक करती है, अर्जेंटीना में एंड्रॉइड के लिए व्हाट्सएप और आईओएस के लिए व्हाट्सएप के कुछ बीटा उपयोगकर्ता अब 2त्नक्क तक की मीडिया फ़ाइलों को स्थानांतरित करने में सक्षम हैं। अध्ययन के अनुसार, व्हाट्सएप बीटा संस्करण 2.22.8.5, 2.22.8.6, और एंड्रॉइड के लिए 2.22.8.7 और आईओएस के लिए बीटा संस्करण 22.7.0.76 को भी संगत अपडेट के रूप में टैग किया गया है। क्योंकि यह एक परीक्षण है, मेटा के स्वामित्व वाले इंस्टेंट मैसेजिंग ऐप के अभी उपयोगकर्ताओं के लिए यह सुविधा उपलब्ध कराने की संभावना नहीं है।

यदि व्हाट्सएप इसे अपने सभी उपयोगकर्ताओं के लिए उपलब्ध कराने का निर्णय लेता है, तो यह एक अनिवार्य उपकरण बन सकता है। आज के स्मार्टफ़ोन के कैमरा रिज़ॉल्यूशन में सुधार के साथ, मीडिया फ़ाइलें तेजी से बड़ी होती जा रही हैं, जिससे उपयोगकर्ताओं के लिए उन्हें लोगों और प्लेटफ़ॉर्म पर वितरित करना अधिक कठिन हो गया है। यूजर्स को अब इस तरह से व्हाट्सएप का उपयोग करके बड़ी फाइलों को साझा करने के लिए अन्य प्लेटफॉर्म या ऐप पर निर्भर रहने की जरूरत नहीं होगी। यह स्पष्ट नहीं है कि व्हाट्सएप उपयोगकर्ता अपने मूल रिज़ॉल्यूशन में तस्वीरों का आदान-प्रदान कर पाएंगे या नहीं। व्हाट्सएप मीडिया फ़ाइलों को तब संपीड़ित करता है जब उन्हें ऐप के माध्यम से भेजा जाता है, जिससे उपयोगकर्ताओं को सामग्री की मूल गुणवत्ता बनाए रखने के लिए तस्वीरों को दस्तावेजों के रूप में स्थानांतरित करने के लिए मजबूर किया जाता है।

रिपोर्टों के अनुसार, इंस्टेंट-मैसेजिंग नेटवर्क दस्तावेजों के रूप में प्रसारित मीडिया संपत्तियों के लिए पूर्वावलोकन प्रस्तुत करने का प्रयोग कर रहा है।

बीटा टेस्टर के लिए, एंड्रॉइड के लिए व्हाट्सएप में अब वॉयस मैसेज की रिकॉर्डिंग को रोकने और फिर से शुरू करने की क्षमता है। मूल रूप से, यह सुविधा केवल iOS पर उपलब्ध थी।

